CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम : 25°C

नई दिल्ली, गुरुवार 11 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 160 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 18 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में नेपाल सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट पेज 2



वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप, निखत जरीन क्वार्टरफाइनल में खेल टाइम्स



क्या भारत में भी हुई थी नेपाल बनाने की 2013 में कोशिश सम्पादकीय



नेपाल के बाद फ्रांस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन पेज 12

# देशव्यापी कर्फ्यू के बाद सेना के हवाले नेपाल

## सुशीला कार्की हो सकती हैं अंतरिम प्रधानमंत्री, प्रचंड की बेटी के घर से शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में भ्रष्टाचार के विरोध और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को लेकर हुए उग्र प्रदर्शन सेना के सड़कों पर आने के बाद बुधवार को रुक गए। सेना ने तोड़फोड़ करने वाले प्रदर्शनकारियों को पहले चेतावनी जारी की और बाद में देशव्यापी कर्फ्यू लगा दिया है। सीपीएन अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की बेटी गंगा दहल के जले हुए घर से एक शव बरामद किया गया।

कांतिपुर समाचार पत्र ने बताया कि सेना और सुरक्षा बलों के जवानों के सड़क पर उतर आने के बाद राजधानी काठमांडू सहित अन्य जगहों पर स्थिति नियंत्रण में आती दिखी। इससे पहले सेना ने बुधवार सुबह एक पत्र जारी कर नागरिकों से शांति बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि चूंकि आंदोलन के नाम पर कई अराजक तत्व निजी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, इसलिए शांति सुरक्षा व्यवस्था के लिए देशव्यापी कर्फ्यू लगाया जाता है। सेना ने अराजकता फैलाने वाले तत्वों की गिरफ्तारी करनी शुरू कर दी है। नेपाली सेना ने महाराजगंज के भटभटेनी सुपर मार्केट में हुई डकैती में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अवैध हथियारों की बरामदगी का काम तेजी से शुरू किया गया है। सेना ने यह भी पुष्टि की है कि काठमांडू के दिल्ली बाज़ार स्थित केंद्रीय कारागार से भागने की एक कोशिश नाकाम कर -शेष पृष्ठ दो पर



### हिंसक प्रदर्शन का फायदा उठाकर नेपाल में 13500 कैदी फरार
### पुलिस से झड़प में 5 नाबालिग कैदियों की मौत, अब तक 30 की गई जान

**काठमांडू।** नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ छिड़े हिंसक प्रदर्शन का फायदा उठाकर 13,500 से ज्यादा कैदी भाग निकले, जबकि हिरासत में लिए गए 560 आरोपी भी फरार हो गए। इसके अलावा पश्चिमी नेपाल की एक जेल में सुरक्षाकर्मियों और कैदियों के बीच झड़प हो गई। इसमें पुलिस की गोलीबारी से पांच नाबालिग कैदियों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि एक सुधार गृह में कैदियों ने सुरक्षाकर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस को गोली चलानी पड़ी। इस प्रदर्शन में अब तक 1000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं और 30 मारे जा चुके हैं।

■ सुप्रीम कोर्ट की 25 हजार फाइलें जलाई

### नेपाल एयरपोर्ट पर फंसे 400 भारतीय

**काठमांडू।** नेपाल प्रदर्शन के बीच काठमांडू के त्रिभुवन एयरपोर्ट पर करीब 400 भारतीय फंस गए हैं। नेपाल में चल रहे विरोध प्रदर्शनों की वजह से कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे यात्री परेशान हैं। कई लोगों ने अपनी आपबीती सुनाते हुए एक वीडियों संदेश भेजा। फंसे हुए लोगों का कहना है कि इम्मिग्रेशन कंपलीट होने के बाद भी उड़ान कंपनियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर ही छोड़ दिया है और एयर लाइन स्टाफ भाग गया, यात्रियों की मदद के लिए कोई मौजूद नहीं है।

### नेपाल विद्रोह पर CJI बोले- हमें अपने संविधान पर गर्व

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान नेपाल विद्रोह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए, देखिए पड़ोसी देशों में क्या हो रहा है। नेपाल में तो हमने देख रहे हैं। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने जोड़ते हुए कहा कि हां, बांग्लादेश भी। जजों ने ये बयान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील पर दिया।

### चुनाव आयोग तानाशाह: राहुल

**रायबरेली/लखनऊ।** रायबरेली में राहुल गांधी ने प्रजापति समाज के सम्मेलन में भाजपा और आरएसएस को निशाने पर लिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश में 90 फीसदी आबादी ओबीसी, दलित और आदिवासियों की है, लेकिन ये भाजपा-आरएसएस के लोग नहीं चाहते कि ये कभी आगे बढ़ें। ये चाहते हैं कि दलित वहीं पर रहे, अंबानी जहां हैं, वहीं पर रहें। पीएम मोदी खुद ओबीसी हैं, लेकिन जाति जनगणना पर कुछ नहीं बोलते। मैंने संसद में इस पर सवाल किया, तो वे डेढ़ घंटे तक भाषण देते रहे, लेकिन जाति जनगणना पर एक भी शब्द नहीं बोले।

### ईडी ने 346 करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में कार्रवाई की

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक में छापेमारी की। यह कार्रवाई हरियाणा की एक पावर सेक्टर कंपनी और उसके प्रमोटर्स से जुड़े 346 करोड़ रुपये के कथित बैंक फ्रॉड मामले की जांच के तहत की गई। जांच गुरुग्राम स्थित एचपीसीएल और इसके निदेशकों अमूल गबरानी व अजय कुमार बिश्नोई समेत अन्य के खिलाफ चल रही है।

# ट्रम्प ने भारत के साथ दोबारा व्यापार की जताई इच्छा

## मोदी से बात करने को आतुर

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और भारत दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत फिर से शुरू करेंगे और इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करने की इच्छा जताई।

अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए भारी आयात शुल्क के बावजूद भी भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर सकारात्मक प्रगति का रुख देखने को मिल रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने-अपने देशों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आने वाले हफ्तों में वार्ता को सफल नतीजे तक पहुंचाया जाए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। मैं अपने बहुत अच्छे मित्र पीएम मोदी से आने वाले हफ्तों में बातचीत करने की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों देशों के लिए यह वार्ता सफल निष्कर्ष तक पहुंचेगी।



### अमेरिका संग व्यापार संबंधी वार्ता का जल्द निर्णय निकलेगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि अमेरिका के साथ व्यापार संबंधी बातचीत का जल्द निर्णय निकलेगा और वह भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बातचीत के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट के जवाब में यह बात कही।

# आजम खां को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**प्रयागराज।** पूर्व मंत्री आजम खां को बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। चर्चित डूंगरपुर केस में एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खां को 10 साल की सजा सुनाई थी।

सपा नेता ने इसके खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में आपराधिक अपील दाखिल की थी। अपील लंबित रहने तक जमानत की गुहार कोर्ट से लगाई थी। 12 अगस्त को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को कोर्ट ने आजम खां की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली।



■ डूंगरपुर केस में जमानत मंजूर

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत ने की। जेल में बंद सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां की याचिका पर फैसला सुनाते बुधवार को उनकी जमानत अर्जी स्वीकार कर ली।

### पाकिस्तान सिम भेजने के मामले में नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बुधवार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को सिम कार्ड सप्लाई करने के आरोप में नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रभात कुमार चौरसिया को दिल्ली के लक्ष्मी नगर से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने महाराष्ट्र के लातूर से 16 सिम खरीदकर नेपाल पहुंचाए। यहां से 11 कार्ड पाकिस्तान के लाहौर और बहावलपुर में ट्रेस हुए। इन नंबरों से ऑपरेट हो रहे व्हाट्सऐप अकाउंट भारत विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहे थे।

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएंगे भारत व यूरोपीय संघ

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इस वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र, वैश्विक आतंकवाद निरोधक मंच और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल जैसी बहुपक्षीय संस्थाओं में एकजुट होकर आवाज उठाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद के खिलाफ कड़ी और ठोस कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने आतंकवाद-रोधी सहयोग को मज़बूत करने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूरोपीय संघ और भारत के आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह (सीटी) की 15वीं बैठक ब्रुसेल्स में हुई।

# पंजाब के 2000 गांवों में अभी भी बाढ़

**नई दिल्ली।** पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं। 2000 से ज्यादा गांवों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा है। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे को बुधवार को 16 दिन बाद ट्रैफिक के लिए खोला गया।

सड़क पर कई जगहों पर लगातार लैंडस्लाइड के कारण इसे बंद रखा गया था। सबसे ज्यादा उदयपुर और रामबन जिलों में नुकसान हुआ था। एनएच की बहाली से कश्मीर घाटी से फलों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति दोबारा से शुरू हुई है। हरियाणा में 9 सितम्बर तक सामान्य से 46 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। राज्य में औसतन 385.1 एमएम बारिश होती थी, जो अब तक 563.8 एमएम हो चुकी है।

■ जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 16 दिन बाद शुरू

# पड़ोसियों के बीच में झगड़ा आम बात: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पड़ोसियों में झगड़ा होना आम बात है। अगर पड़ोसियों के बीच में झगड़ा, बहस और हाथापाई भी हो जाती है, तो उसे आत्महत्या के लिए उकसाने (आईपीसी की धारा 306) के तहत अपराध नहीं मान सकते।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एक महिला को पड़ोसी की आत्महत्या के लिए तीन साल की सजा सुनाई गई थी। कोर्ट ने कहा कि धारा 306 में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला तभी बनता है, जब यह साफ हो कि आरोपी ने जानबूझकर पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस केस में आरोपी और पीड़ित के परिवारों के बीच तीखी बहस हुई थी, लेकिन यह नहीं माना जा सकता कि आरोपी ने पीड़ित को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया। बेंच ने कहा कि ऐसे झगड़े रोजमर्रा की जिंदगी में होते हैं। तथ्यों के आधार पर हम यह नहीं मान सकते कि आरोपी ने इतना उकसाया कि पीड़ित के पास आत्महत्या के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। यह मामला 2008 में कर्नाटक का है। एक महिला और उसकी पड़ोसी (पीड़िता) के बीच छह महीने तक झगड़े और कहासुनी होती रही। पीड़िता (निजी स्कूल में शिक्षिका) ने आरोप लगाया कि पड़ोसी -शेष पृष्ठ दो पर

■ कहा: उसे अपराध नहीं मान सकते, कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया



### उमर खालिद ने जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में पिछले पांच वर्षों से जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र उमर उमर खालिद ने दिल्ली उच्च न्यायालय के जमानत नहीं देने के आदेश को बुधवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार खालिद ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर, 2025 के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में विशेष अनुमति याचिका दायर की।



## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में नौ हजार पर्यटक वाहनों का परमिट होगा रद्द

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन प्राधिकरण ने वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से पहली बार राज्य भर में बसों, टैक्सियों और कैब समेत नौ हजार से ज्यादा पर्यटक वाहनों के परमिट रद्द करने का फैसला किया है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अधिकतम परिचालन अवधि समाप्त होने के बाद परमिट का न तो नवीनीकरण किया जाएगा और न ही विस्तार किया जाएगा। प्राधिकरण ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के अनुरूप दिल्ली में व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध को भी मंजूरी दे दी है। एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बनाए गए ये नए नियम नवंबर 2025 से चरणबद्ध तरीके से लागू होंगे। अधिकारियों के अनुसार, पिछले महीने एक बैठक में ये दोनों निर्णय लिए गए और राज्य पर्यटन प्राधिकरण ने अब इनके कार्यवृत्त जारी कर दिए हैं।

### महाना दोबारा सीपीए के सदस्य नामित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना को दोबारा कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन कार्यकारी समिति का सदस्य नामित किया गया है। महाना की नियुक्ति वर्ष 2025 से 2028 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। इससे पूर्व महाना 2022 से 2025 तक सदस्य रहे हैं। सीपीए विश्व के सर्वाधिक प्रतिष्ठित संसदीय संगठनों में से एक है, जिसका उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ करना और सदस्य देशों की विधानसभाओं के मध्य संवाद एवं सहयोग को बढ़ावा देना है।

# वोट चोरी के लिए मोदी-शाह जिम्ममेदार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि 'वोट चोरी' को सोची-समझी साजिश के तहत आगे बढ़ाया जा रहा है और यह काम भाजपा सरकार के स्तर पर किया जा रहा है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं।

कांग्रेस के बिहार के प्रभारी कृष्णा अलावरु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम तथा विधानसभा में विपक्ष के नेता शकील अहमद ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके आरोप निराधार नहीं, बल्कि तथ्यों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मोदी ने चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया है और इसमें उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर गृह मंत्री को रखा गया है। दूसरी बात कानून में ऐसा बदलाव किया गया है, ताकि चुनाव आयोग पर किसी तरह से कोई कार्रवाई न हो सके। इसके अलावा मतदाता सूची रोल में खेल किया गया है, जिसकी सच्चाई पूरे देश के सामने रखी गई है। उनका यह भी आरोप



■ सुप्रीम कोर्ट द्वारा आधार को वैध दस्तावेज बताया जाना जनता की जीत

है कि भाजपा चुनाव और मतगणना के दिन भी घपला करती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वाराणसी का लोकसभा चुनाव था, जिसमें कांग्रेस के प्रत्याशी कई राउंड तक जीतते हैं, लेकिन जब लाइव अपडेट बंद हो जाता है, तो अंतिम समय में मोदी को जिता दिया जाता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हमने पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली। चुनाव आयोग ने पहचान के लिए 11 दस्तावेज मांगे हैं, लेकिन आधार कार्ड को उसमें शामिल नहीं किया गया है। हमने लगातार मांग की थी कि आधार कार्ड को भी पहचान का दस्तावेज माना जाए। अब उच्चतम न्यायालय ने भी ये आदेश दिया है कि आधार को भी प्रामाणिक पहचान माना जाए। ये जनता की जीत है।

### मोदी, ट्रम्प की दावेदारी का सच भी बताएं: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिका के साथ साझेदारी को स्वाभाविक बताने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि यदि यह सच है, तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 35 बार से ज्यादा किए गए एक ही दावे की सच्चाई क्या है। कांग्रेस का कहना है कि मोदी यदि अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते स्वाभाविक बता रहे हैं, तो राष्ट्रपति ट्रम्प को बार बार यह दावा नहीं करना चाहिए कि उन्होंने व्यापार का डर दिखाकर पाकिस्तान के साथ भारत की सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में मोदी से सवाल करते हुए कहा कि मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प से कहा है कि भारत और अमेरिका 'स्वाभाविक साझेदार' हैं।

# पैसे की कमी से नहीं रुकेगा किसी का भी इलाज: सीएम योगी

**गोरखपुर, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पैसे के अभाव में किसी गरीब के इलाज में कोई बाधा नहीं आएगी।

योगी के के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते



हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है, तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को कानूनी सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ विधि सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# मोदी ने कपास किसानों को ट्रम्प के दांव पर लगाया

**नई दिल्ली, वार्ता**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करने के लिए देश के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया है।

केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को खुश करने के लिए देश के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया है। एक तरफ अमेरिका लगातार भारत के सम्मान पर हमला कर रहा है। अमेरिकी सरकार भारतीय व्यापारियों और उद्योगों पर हमला कर रही है, लेकिन प्रधानमंत्री ट्रम्प के आगे नतमस्तक हैं। मोदी सरकार भारतीय बाजारों को अमेरिकी



सामानों से भर देना चाहती है। प्रधानमंत्री को भारतीय किसानों, व्यापारियों और उद्योगों से ज्यादा अमेरिका की चिंता है। उन्होंने एक्स पर कहा कि ट्रम्प को खुश करने के लिए देश भर के कपास किसानों को दांव पर लगा दिया। दोनों देशों के बीच ये कैसी बातचीत चल रही है? केवल एक तरफा बातचीत? अपने किसानों, व्यापारियों और युवाओं के रोजगार को ताक पर रखकर भारतीय बाजार को पूरी तरह से अमेरिकियों के लिए खोला जा रहा है। अगर पूरे भारतीय बाजार पर अमेरिकियों का कब्जा हो गया, तो हमारे लोग कहां जाएंगे?

## संवेदनशील इलाकों में पीएसी की प्लाटून तैनात की गई: डीजीपी

# नेपाल सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेपाल में सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बाद सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) के सहयोग से उत्तर प्रदेश पुलिस भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट पर है। सभी सात सीमावर्ती जिलों-पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा है कि हर स्तर पर स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी सात जिलों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, चौबीसों घंटे गश्त और प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी जांच की जा



■ चौबीसों घंटे गश्त और प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी जांच की जा रही

रही है। हम नेपाल से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने और किसी भी असामाजिक तत्व को सीमा पार अशांति का फायदा उठाने से रोकने के लिए एसएसबी के साथ लगातार संपर्क में हैं। एसएसबी ने चौकियों पर तलाशी और निगरानी बढ़ा दी है, जबकि संवेदनशील इलाकों में पीएसी की प्लाटून और अतिरिक्त पुलिस कंपनियां तैनात की गई हैं। बहराइच सीमा पार नेपालगंज में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने बीपी चौक, धंबोजी चौक और त्रिभुवन चौक जैसे प्रमुख चौराहों को जलते हुए टायरों से जाम कर दिया। स्कूल, दुकानें और सरकारी कार्यालय बंद कर दिए गए और प्रदर्शनकारियों ने उप-महानगरीय कार्यालय और जिला प्रशासन मुख्यालय की घेराबंदी कर दी, जिससे आगे और तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई। देवीपाटन रेंज के डीआईजी अमित पाठक ने श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच में निरंतर गश्त और कड़ी निगरानी के आदेश दिए, हैं। कुल 73 चौकियों-श्रावस्ती में 16, बलरामपुर में 21 और बहराइच में 36 को हाई अलर्ट पर रखा गया है। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि लाल भूषण सुशील ने तीनों जिलों के जिलाधिकारियों को पुलिस और एसएसबी के साथ निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बाजारों में सन्नाटा पसरने से कारोबार प्रभावित हो रहा

**गोण्डा।** नेपाल में लगातार बिगडते हालात के बीच उत्तर प्रदेश में सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी है वहीं बाजारों में सन्नाटा पसरने से कारोबार प्रभावित हो रहा है। दरअसल नेपाल में जेन-जेड प्रदर्शनकारियों ने जेल में जिस प्रकार निरुद्ध कैदियों को छुड़ाकर बाहर किया है। इससे उत्तर-प्रदेश में देवीपाटन मंडल के बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर समेत तीन जिलों की लंबी खुली सीमाएंव जंगली रास्तों के दुर्गम मार्ग काफी चुनौतीपूर्ण बन चुके हैं। नेपाल के बवाल को देखते हुए पर्यटन व रिश्तेदारी में गए अधिकांश भारतीय घर वापसी करने लगे है, जिन्हें उनके पहचान पत्र व पड़ताल के बाद सशस्त्र सीमा बल के जवान भारत में प्रवेश दे रहे हैं। नेपाल की खराब स्थिति को देखते हुए बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, पीलीभीत, लखीमपुर-खीरी समेत सभी सीमावर्ती जिलों में हाईअलर्ट घोषित कर दिया गया है।



सेंसेक्स 81425.15
निफ्टी 24973.10



सोना रु. 109409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 124144
प्रति किलो



# आईटी, बैंकिंग शेयरों में लिवाली से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को लेकर मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और निफ्टी-50 बीच कारोबार में 25 हजार अंक को छूने में कामयाब रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 323.83 अंक (0.40 प्रतिशत) उछलकर 81,425.15 अंक पर पहुंच गया, जो इसका 25 अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 24,973.10 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 21 अगस्त के बाद के उच्चतम स्तर 24,973.10 अंक पर बंद हुआ। चौतरफा लिवाली के बीच आईटी, बैंकिंग, एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा और तेल एवं गैस समूहों की कंपनियों में निवेशकों ने पैसा लगाया। ऑटो और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों पर बिकवाली का दबाव रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी ने संकेत दिए हैं कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता की बाधाएं जल्द दूर हो सकती हैं और अगस्त में भारतीय उत्पादों पर बढ़ाए गए आयात शुल्क में अमेरिकी कटौती कर सकता है। इससे निवेशकों में उत्साह दिखा।

सेंसेक्स 403.04 अंक की तेजी के साथ 81,504.36 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 81,643.88 अंक और निचला स्तर 81,235.42 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक भी 122.40 अंक चढ़कर 24,991 अंक पर खुला। यह ऊपर 25,035.70 अंक और नीचे 24,915.05 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.95 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.73 अंक चढ़ गया। सेंसेक्स की 30 में से 19 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 4.26 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.57 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस का 2.19 फीसदी चढ़ा।

टीसीएस का शेयर 1.99 फीसदी, टेक महिंद्रा का 1.88, इंफोसिस का 1.85 और एक्सिस बैंक का 1.79 प्रतिशत चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक और अडानी पोर्ट्स में भी तेजी रही। नुकसान उठाने वालों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.47 फीसदी, मारुति सुजुकी में 1.53, टाटा मोटर्स में 0.91 और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,128 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ उनमें 1,835 के शेयरों में तेजी और 1,210 में गिरावट रही।

### सोने और चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 10 सितंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 66 रुपए गिरकर 1,09,409 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,09,475 रुपए पर था। वहीं चांदी भी 626 रुपए गिरकर 1,24,144 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,24,770 रुपए थी।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 थी। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,150 रही। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,560 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 थी।

# चावल-गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों और दालों में घट-बढ़ रही, चीनी नरम

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम बढ़ गए। गेहूं की कीमतों में भी मजबूती देखी गयी। खाद्य तेलों और दालों के भाव में उतार-चढ़ाव रहा जबकि चीनी में मंदी का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 66 रिंगिट टूटकर 4,413 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत फिसलकर 50.46 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 16 रुपए बढ़कर 3,846.12 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं पांच रुपए महंगा हुआ और 2,858.60 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी चार रुपए की मजबूती के साथ 3,312.33 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। खाद्य तेलों में मिला.जुला रुख रहा। सरसों तेल औसतन 20 रुपए



प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 27 रुपए और सोया तेल में 15 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल 40 रुपए और सूरजमुखी तेल 37 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वहीं वनस्पति के भाव 34 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गए। दाल.दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 11 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। मूंग दाल में छह रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। मसूर दाल भी तीन रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। चना दाल 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। गुड़.चीनी: मीठे के बाजार में आज मंदी का रुख रहा। गुड़ की औसत कीमत पांच रुपए प्रति क्विंटल गिर गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देशव्यापी ....**

दी गई। सेना के अधिकारियों ने कहा कि उनका सुरक्षा अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक सभी भगोड़े कैदियों और लूटे गए हथियारों का पता नहीं चल जाता। सेना ने देश में फंसे विदेशी नागरिकों की मदद के लिए भी एक विशेष अभियान शुरू कर दिया है। इन लोगों को जवानों की मदद से उनके सुरक्षित स्थानों और हवाई अड्डे तक पहुंचाने में मदद की जा रही है। उधर अस्पतालों से मिली जानकारी के अनुसार कई घायलों को अब घर वापस भेज दिया गया है। पुलिस कार्रवाई में दस लोग बुरी तरह जख्मी हुए थे। इनमें से दो की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है, जबकि आठ अब पहले से बेहतर हैं। नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी आंदोलन का बुधवार को तीसरा दिन था। सीपीएन अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की बेटी गंगा दहल के जले हुए घर से एक शव बरामद किया गया। ललितपुर के एसएसपी श्याम कृष्ण अधिकारी ने बताया कि शव ढोलाहिटी में स्थित गंगा के आवास से मिला। फिलहाल, शव की पहचान नहीं हो पाई है। बुधवार को सेना ने 27 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। यहां हिंसक प्रदर्शन में अब तक 24 लोगों की मौत हुई, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। सुरक्षा बलों ने पीएम ओली को हेलीकॉप्टर से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया। उन्हें कहां ले जाया गया है, इसकी जानकारी नहीं है। नेपाल में जारी हिंसक आंदोलन के बीच अब नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाने की चर्चा है। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों की पिटाई से दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता, बिनोद घिमिरे ने बताया कि महाराजगंज पुलिस में कार्यरत पुलिस उप निरीक्षक मिलन राय और उत्तम राय की मौत हो गई है। इस बीच देश की कुछ जेलों से बुधवार को भी कैदियों के भागने की घटनाएं भी सामने आईं। सिधुली जेल में आगजनी और तोड़फोड़ करने के बाद 471 कैदी फरार हो गए हैं। कैदियों के विरोध प्रदर्शन और आगजनी के कारण सुरक्षाकर्मी स्थिति को संभाल नहीं पाए। जेल अब वीरान है। कल करीब डेढ़ हजार कैदी जेल से फरार हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुशीला कार्की ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) से राजनीति शास्त्र में मास्टर्स किया है। उन्होंने 1979 में वकालत में अपना करियर शुरू किया था। वें 11 जुलाई 2016 से 6 जून 2017 तक नेपाल की मुख्य न्यायाधीश रहीं थीं। 2017 में उनके खिलाफ महाभियोग लाया गया था। सुशीला कार्की पूर्वाग्रह और कार्यपालिका में हस्तक्षेप आरोप लगा था। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं।

**पड़ोसियों के...**

महिला लगातार उसे परेशान करती है, जिससे वह मानसिक तनाव में जी रही थी। कथित तौर पर इसी तनाव से तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद आरोपी पर आईपीसी धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई, हालांकि एससी-एसटी एक्ट से उसे बरी कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने सजा रद्द कर दी है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# दस लाख स्ट्रीट डॉग्स को लगाई जाएगी माइक्रोचिप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय में दिल्ली एनिमल वेलफेयर बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने की। इस बैठक में विकास आयुक्त शूरबीर सिंह के साथ ही पशुपालन विभाग, एनडीएमसी, एमसीडी तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य पशु कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार करना और दिल्ली राज्य के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार करना रहा।



सम्मेलन में सबसे पहले राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम पर चर्चा हुई। आगामी विश्व रेबीज दिवस को ध्यान में रखते हुए यह तय किया गया कि दिल्ली में रेबीज नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर कदम उठाए जाएंगे।

इसके अंतर्गत डॉग्स को माइक्रोचिप लगाना, डॉग बाइट मामलों की रोकथाम और टीकाकरण प्रक्रिया का डिजिटलीकरण जैसे अहम् कदम शामिल होंगे। मंत्री कपिल मिश्रा ने निर्देश दिया कि जल्द ही डॉग सेंसस और मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया जाए ताकि सटीक आंकड़े मिल सकें और भविष्य की कार्ययोजनाएँ मजबूत हो सकें।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दिल्ली में पेट शॉप्स का पंजीकरण अनिवार्य होगा और इसके लिए एक विशेष मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संबंधित सभी नियमों को जल्द लागू किया जाएगा और प्रत्येक क्षेत्रीय समिति को सक्रिय बनाया जाएगा ताकि स्थानीय स्तर पर निगरानी और कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।बैठक का एक महत्वपूर्ण एजेंडा प्रशासनिक और वित्तीय मामलों से भी जुड़ा रहा। इसमें दिल्ली एडवाइजरी बोर्ड फॉर एनिमल वेलफेयर से दिल्ली एनिमल वेलफेयर बोर्ड को फंड ट्रांसफर करने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही, बोर्ड की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्टैंडिंग कमेटी और अन्य उप-समितियों के गठन, नए स्टाफ की भर्ती और बोर्ड की विभिन्न पहलों पर व्यय की स्वीकृति देने पर सहमति बनी।

## जलभराव से निबटने को 26 करोड़ की परियोजना मंजूर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** बदरपुर गांव से बॉर्डर तक जल्द लोगों को जलभराव से निजात मिलने की उम्मीद है। दरअसल, केंद्र सरकार ने दक्षिण दिल्ली इलाके में बदरपुर गांव से बदरपुर बॉर्डर तक एनएचएआइ के तहत आने वाले मथुरा रोड पर नाला बनाने के लिए २६ करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर कर दी है। इस नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ २७ सितंबर को किया जाएगा। इसी के तहत फुटओवर ब्रिज का भी उद्घाटन होगा, जोकि दिल्ली को हरियाणा से जोड़ता है। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करने के बाद बताया कि मथुरा रोड पर २६ करोड़ रुपये की लागत से नाला बनाने की मंजूरी देते हुए धनराशि स्वीकृत कर दी है।

# वायु सर्वेक्षण में दिल्ली अब 32वें स्थान पर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार खराब होता जा रहा है। हवा में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक और हेवी मेटल सांस के साथ फेफड़ों की क्षमता को प्रभावित कर मूक कातिल बनकर लोगों की सांस उखाड़ रहा है। आलम यह है कि पिछले साल सातवें पायदान पर रही दिल्ली केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की हालिया रिपोर्ट स्वच्छ हवा सर्वेक्षण २०२५ में ३२वें स्थान पर पहुंच गई है। सर्वेक्षण के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार १० लाख से अधिक आबादी वाले ४८ शहरों की इस रैंकिंग में दिल्ली की रैंकिंग में २४ पायदान की गिरावट आई है। पिछले साल २०२४ में यह सातवें पायदान पर थी। इसने विशेषज्ञों और पर्यावरणविदों की चिंता बढ़ा दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से कहीं अधिक है।

पार्टिकुलेट मैटर (पीएम २.५) का स्तर खतरनाक स्तर पर बना हुआ है, जो सांस संबंधी बीमारियों और जीवन प्रत्याशा पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इसके अलावा, राजधानी की बयार को राज्य स्तर पर १७२.३ और अंतिम स्कोर १५७.३ मिला है। आलम यह है शिकागो यूनिवर्सिटी के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण औसतन जीवन प्रत्याशा में ८ साल की कमी आ रही है। सर्वेक्षण में एनसीएपी के तहत किए गए प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है, जिसका उद्देश्य २०१९ से चिन्हित शहरों में वायु प्रदूषण को कम करना है। इस कार्यक्रम के तहत वायु गुणवत्ता निगरानी, उत्सर्जन मानकों को लागू करना और जन जागरूकता बढ़ाना शामिल है।

सीएसई की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी के मुताबिक, क्षेत्र में प्रदूषण के सभी प्रमुख स्रोतों से उत्सर्जन में गहरी कटौती की आवश्यकता है, फिर भी गतिशीलता संकट पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। गतिशीलता संकट खेतों और अन्य स्रोतों से होने वाले प्रदूषण के धुएं के पर्दे के पीछे नहीं छिप सकता। सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों में धीमी गति से वृद्धिशील परिवर्तन, एकीकरण की कमी, अक्षम अंतिम मील कनेक्टिविटी और निजी वाहनों के उपयोग के लिए छिपी हुई सब्सिडी शहर में इस गतिशीलता संकट का समाधान नहीं कर सकती है।

# सीएम ने किया इहबास का दौरा, मिलेगी नई ओपीडी बिल्डिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** शाहदरा में स्थित इहबास अस्पताल में सीएम रेखा गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया और वहां मौजूद मरीजों से बात करके उनकी परेशानियों को जानने का प्रयास किया।

इस औचक निरीक्षण के दौरान सीएम ने इहबास को कई सौगात देने की बात कही, जिसमें अस्पताल को एमआरआई मशीन, सीटी स्कैन की मशीन और नई ओपीडी बिल्डिंग जल्दी मिलेगी। सीएम ने आश्वासन दिया की जल्दी ही इहबास को देश का बेहतर अस्पताल बना दिया जाएगा द्य गौरतलब है कि पहले आउटसोर्स के आधार पर फोकस कम्पनी द्वारा एमआरआई की जाती थी जो २०१२ में बंद कर दी गयी थी, जिसके बाद अब मरीजों को एमआरआई के लिए दूसरी जगहों पर जाना पड़ता है जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और मरीजों की जेब पर बोझ पड़ता है। इस मौके पर सीएम ने कहा इहबास दिल्ली सरकार का एक बड़ा संस्थान है यहां दिल्ली और एनसीआर से हजारो मरीज इलाज की आस में आते है, पिछली सरकार ने पिछले १० साल में इस संस्थान को कोई नई मशीन नहीं दी, यहां मशीनों का आभाव है एक्सरे और अल्ट्रासाऊंड भी सिमित मात्रा में होते है, हजारों मरीज यहां पहुंचते है सभी को इलाज समय से मिलना जरूरी है जिसको देखते हुए सीटी स्कैन,एमआरआई और अन्य की मशीनों के साथ नई ओपीडी बिल्डिंग भी तैयार की जाएगी। इहबास के डायरेक्टर रा. जंदर के. धमीजा ने बताया सीएम मैडम ने इहबास को लेकर कई घोषणाएं की है और मरीजों के लिए इहबास को बेहतर बनाने के लिए जो भी जरूरी आवश्यकता है उसे पूरा करने की बात कहीं है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इहबास दौरे के दौरान मरीजों से जानकारी लेते हुए।

## एक नजर

### राहत शिविरों से झोपड़ियों में लौटने लगे लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना के अधिकतर क्षेत्रों से पानी उतर गया है हालांकि डूब क्षेत्रों में अभी कुछ जगहों पर पानी भरा हुआ है। ऐसे में राहत शिविरों में रहने वाले लोग बाढ़ क्षेत्र में बनाई अपनी झोपड़ियों में लौटने लगे हैं। अभी भी यमुना का जलस्तर चेतावनी स्तर २०४.५० से ऊपर है। बाढ़ का संकट टल गया है। लेकिन पानी उतरने के बाद विशेष साफ सफाई , छिड़काव और देखभाल की आवश्यकता है। ऐसे में राहत कार्य जारी है।

### नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने मनाया15वां स्थापना दिवस

**नई दिल्ली।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने अपना १५वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। यह दिन शिक्षा, नवाचार और समाज निर्माण की 15 साल की यात्रा का जश्न था। पूरा आयोजन उपलब्धियों, एकता और भविष्य की दृष्टि को समर्पित रहा।कार्यक्रम की शुरुआत एनआईयू के चेयरमैन डॉ. देवेश कुमार सिंह के संदेश से हुई।

उन्होंने कहा,15वें स्थापना दिवस के इस खास अवसर पर मैं एनआईयू परिवार के सभी सदस्योंख़्हमारे सम्मानित शिक्षकगण, समर्पित स्टाफ, प्रतिभाशाली छात्र और सफल पूर्व छात्रों को हार्दिक बधाई देता हूँ। कार्यक्रम में मख्य अतिथि एनआईयू के चांसलर डॉ. विक्रम सिंह ने कहा एनआईयू का उद्देश्य है "उत्कृष्टता और नवाचार की विरासत का निर्माण''। आने वाले समय में हम ऐसे पेशेवर तैयार करेंगे जो भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें।

### आइकॉनिक डेब्यू ने धमाल मचाया

**नई दिल्ली।** मैक्स फैशन ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, एक्टर और कल्चरल ट्रेंडसेटर सिद्धांत चतुर्वेदी को अपना पहला पुरुष ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। नए कैंपेन ष्हाउ न्यू इज योर न्यू?ष का चेहरा बने सिद्धांत चतुर्वेदी अपनी सहज स्टाइल और उस पीढ़ी से जुड़ने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, जो व्यक्तिगत पहचान और सांस्कृतिक उत्कृष्टता दोनों को महत्व देती है। मैक्स फैशन के डिप्टी सीईओ सुमित चंदना कहते हैं, "सिद्धांत के साथ हमारी साझेदारी एक स्वाभाविक मेल है। वे एक आत्मविश्वासी, रचनात्मक और आगे बढ़ते भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं, वही खूबियां जिन्हें हम अपने ग्राहकों में भी मनाते हैं।

### पितृपक्ष की यात्रा 19 सितम्बर को दिल्ली से रवाना होगी

**नई दिल्ली।** पितृपक्ष की 25वीं सिल्वर जुबलीष्अस्थि कलश विसर्जन यात्रा श्री देवोत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी 19 सितम्बर शुक्रवार को हजारो अनाम अस्थि कलशों के साथ हरिद्वार के लिए रवाना होगी। समिति के अध्यक्ष श्री अनिल नरेन्द्र ने बताया,कि यात्रा में देवो के देव महादेव भगवान शिव के चरणों में रखे अस्थि कलशों को प्रात: 9 बजे से 10बजे तक राजनेताओं, धर्मगुरुओं व आम प्रबुद्ध नागरिको से पुष्पांजलि करवाने के बाद हरिद्वार के लिए रवाना होगी, जहां अगले दिन 20 सितंबर शनिवार को दोपहर 1बजे सभी संग्रहित अस्थि कलशों का सामूहिक विसर्जन 100 किलो दूध की धारा के साथ वैदिक रीति से किया जाएगा।

यात्रा संयोजक एवं महामंत्री विजय शर्मा ने बताया,कि समिति ने लगातार इस यात्रा के संचालन करते हुए 25वें सिल्वर जुबली वर्ष में प्रवेश किया है,अभी तक पिछले 24 वर्षों में समिति करीब 1,66,689(एक लाख छियासठ हजार छह सौ नवासी)अस्थि कलशों का विसर्जन कर चुकी है, जिसमें पाकिस्तान के कराची शहर में एकत्रित करीब 695 (वर्ष 2011 में 135,2016 में 160 और फरवरी 2025 में 400) अस्थि कलश भी शामिल हैं । श्री शर्मा ने बताया,कि इस बार करीब 300 श्रद्धालुओं का जत्था यात्रा में शामिल होगा और इन सभी अस्थि कलशों के विसर्जन का साक्षी बनेगा। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है। जिसमें दीपक गुप्ता,सुमन कुमार गुप्ता, निगम पार्षद मनोज कुमार जिंदल,राजा टक्कर, प्रेरणा मिथुन बर्सले,अमन गुप्ता, मनोज मेंदीरत्ता,बालेश जैन, योगेन्द्र सिंह मान,नमन शर्मा,किरणदीप कौर आदि का विशेष सहयोग रहेगा।

# सराय काले खां से आईजीआई एयरपोर्ट तक ट्रैफिक होगा सिग्नल फ्री

**नई दिल्ली।** सराय काले खां से एम्स-महिपालपुर तक हाई-मोबिलिटी कॉरिडोर पर लगभग ५००० करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। केंद्र सरकार की इस योजना पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण डीपीआर तैयार करने में जुटा है। यह कॉरिडोर दिल्ली-मेरठ, दिल्ली-देहरादून और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से आने वाले वाहनों को बिना रिंग रोड और मध्य दिल्ली से होकर गुजरे, सीधे दक्षिण दिल्ली और आईजीआई एयरपोर्ट तक पहुंचने का सिग्नल फ्री रास्ता देगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने चिंता जताई थी। उसमें कहा था कि एम्स से महिपालपुर बाईपास तक बनने वाला २० किलोमीटर का कॉरिडोर मध्य दिल्ली की भीषण जाम समस्या को पूरी तरह हल नहीं कर पाएगा।

मौजूदा समय दिल्ली-मेरठ और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे सराय काले खां पर रिंग रोड से जुड़ते हैं। साथ ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का डीडीएनडी- जेवर लिंक भी यहीं से शुरू होगा। ऐसे में आने वाले समय में सराय काले खां पर ट्रैफिक का भारी दबाव होगा। इससे निपटने के लिए सराय काले खां से एम्स-महिपालपुर कॉरिडोर तक ५-६ किलोमीटर लंबी टनल या एलिवेटेड कॉरिडोर की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके विकल्प के तौर पर तालकटोरा स्टेडियम या ११ मूर्ति क्षेत्र से भी कनेक्टिविटी पर विचार किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य है कि एनएच-४८ (दिल्ली-गुरुग्राम हाईवे), एमजी रोड और रिंग रोड पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सके।

## अभिषेक बच्चन ने भी खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** ऐश्वर्या राय बच्चन के बाद अब उनके पति अभिनेता अभिषेक बच्चन ने भी अपने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने हाई कोर्ट से बिना अनुमति उनकी तस्वीर, आवाज और नाम के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की है। कोर्ट ने अभिषेक बच्चन की तरफ से पेश अधिवक्ता को इससे संबंधित यूआरएल की जानकारी पेश करने को कहा, ताकि इसे हटाने के संबंध में गूगल को आदेश दिया जा सके। मंगलवार को ऐश्वर्या बच्चन ने याचिका दायर कर अपने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा की मांग की थी।

# आपातकालीन बाढ़ राहत अभियान शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** पंजाब में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ ने हजारों परिवारों को प्रभावित किया है, जिनके पास अब न भोजन है, न आश्रय और न ही आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं। इस संकट की घड़ी में, आईपीएल टीम पंजाब किंग्स ने केट्टो और ग्लोबल सिख चौरिटी के साथ साझेदारी करते हुए एक विशेष फंडरेजर अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य है प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचाना, जिसमें भोजन, दवाइयां, अस्थायी आवास और पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक संसाधन शामिल हैं। इस फंडरेजर के माध्यम से, केट्टो, पंजाब किंग्स और ग्लोबल सिख चौरिटी ने भारत और दुनिया भर के लोगों से आगे आने और पंजाब की मदद करने का आग्रह किया है।

इस फंडरेजर का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को आवश्यक वस्तुओं जैसे कि भोजन, चिकित्सा सहायता, आवास और अन्य संसाधनों के साथ पुनर्निर्माण में मदद करना है। केट्टो के सीईओ वरुण सेठ ने कहा, केट्टो में हमारा विश्वास है कि सामूहिक करुणा से बड़ी से बड़ी आपदा का सामना किया जा सकता है।



फैक्ट्री लाइसेंस एवं शुल्क मॉड्यूल का संपत्ति कर पोर्टल के साथ एकीकरण लॉन्च करने के अवसर पर उप महापौर, जय भगवान यादव स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा नेता सदन, प्रवेश वाही निगम आयुक्त व अश्विनी कुमार आदि।

# फैक्ट्री लाइसेंस व शुल्क मॉडयूल का संपत्ति कर पोर्टल के साथ एकीकरण लॉन्च

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने आज व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। महापौर, सरदार राजा इकबाल सिंह द्वारा सिविक सेंटर स्थित उनके कार्यालय में आज फैक्ट्री लाइसेंस शुल्क मॉड्यूल का संपत्ति कर पोर्टल के साथ एकीकरण को लॉन्च किया गया।

दिल्ली नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए फैक्ट्री लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। अब औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत इकाइयों को एमसीडी से अलग से फैक्ट्री लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इस मौके पर उनके साथ उप महापौर, जय भगवान यादव स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा; नेता सदन, प्रवेश वाही; निगम आयुक्त,अश्विनी कुमार तथा अतिरिक्त आयुक्त, वीर सिंह यादव सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर महापौर सरदार राजा इकघ्बाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रहा है। फैक्ट्री लाइसेंस और संपत्ति कर का एकीकरण न केवल कारोबारियों के लिए राहतकारी होगा बल्कि 'इंस्पेक्टर राज' की समाप्ति की दिशा में भी एक ऐतिहासिक कदम है। अब उद्यमियों को सरल, पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया का लाभ मिलेगा, जिससे दिल्ली के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्य शर्मा ने कहा कि यह कदम एमसीडी की दूरदृष्टि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि "अब उद्योगों को लाइसेंस के लिए अलग-अलग प्रक्रियाओं और निरीक्षणों से नहीं गुजरना पड़ेगा।

# परंपराओं का अनूठा संगम दिखाई दिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** कार्यक्रम की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाँसुरी वादक चेतन जोशी (संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2019) के मनमोहक एकल बाँसुरी वादन से हुई। अपने उद्घाटन वक्तव्य में, जोशी ने उत्तर दक्षिण की संकल्पना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे भारत की एकता को बढ़ावा देने वाला बताया। जोशी के प्रस्तुतीकरण में कर्नाटिक और उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत शैलियों का सुंदर संगम देखने को मिला। उन्होंने कार्यक्रम का प्रारंभ प्रसिद्ध कर्नाटिक रचना वातापि गणपति" से किया, जो राग



हंसध्वनि और आदि ताल में आधारित है। इसे उन्होंने कर्नाटिक शैली में प्रस्तुत किया। इसके बाद उन्होंने उत्तर भारतीय राग मधुवंती में संक्षिप्त आलाप और रूपक व त्रिताल में दो बंदिशें प्रस्तुत कीं स्वयं रचित विलंबित रूपक गत में, उन्होंने अपनी तकनीकी निपुणता का परिचय देते हुए सूक्ष्म तानों और अति द्रुत लय में झाला का प्रदर्शन किया। उनके साथ एक प्रतिभाशाली वाद्यवृंद ने संगत की, जिसमें पं. आशीष सेंगुप्ता: तबला संगत ,विद्वान वेत्रि भू मृदंगममास्टर आंजनेय जोशी: बाँसुरी संगत मास्टर दक्ष कंजीरा, चेतन जोशी शामिल थे।

## टॉक शो का प्रीमियर 25 को

**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो ने अपने सबसे ज्यादा इंतेजार किए जाने वाले टॉक शो "ओप्पो प्रेजेंट्स टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल" का ऐलान कर दिया है। यह शो कोहलर और कल्याण ज्वैलर्स द्वारा को-प्रेजेंट किया जा रहा है और इसका ग्लोबल प्रीमियर 25 सितंबर को होगा। इस टॉक शो का हर गुरुवार एक नया एपिसोड रिलीज किया जाएगा। प्राइम वीडियो इंडिया के डायरेक्टर और हेड ऑफ ओरिजिनल्स, निखिल माधोक का कहना है, टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल सिर्फ एक आम सेलिब्रिटी चौटर नहीं है, बल्कि यह स्टार-स्टडेड गेस्ट लाइनअप के साथ ताजा, सीधी और एंटरटेनिंग बातचीत का मेल होने वाला है।

# दिल्ली चैप्टर चार दिन संवाद व जशन के साथ संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत जेएफएफ लिटिल लाइट्स (बच्चों के लिए) और इंस्पेक्टर जेंडे के ग्रैंड वर्ल्ड प्रीमियर से हुई। इस अवसर पर मनोज बाजपेयी, जिम सर्भ, चिन्मय मांडलेकर और खुद इंस्पेक्टर जेंडे उपस्थित रहे।

इसके बाद भव्य उद्घाटन समारोह हुआ, जिसमें केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जेएफएफ की सराहना करते हुए कहा कि यह छोटे शहरों से आने वाले फिल्ममेकर्स और दर्शकों के लिए बेहद प्रभावी मंच है। दूसरे दिन फोकस रहा सिनेमा का भविष्य। किरण राव की फिल्म ह्यूमैन्स इन द लूप और एआई व स्टोरीटेलिंग पर विचारोत्तेजक चर्चा ने दर्शकों को गहराई से जोड़ा। गुरु दत्त को याद करते हुए आर. बाल्की ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

तीसरे दिन फेस्टिवल का सबसे भावनात्मक अध्याय देखने को मिला, जिसे अनुपम खेर की फिल्म तान्वी द ग्रेट के लेखक अंकुर सुमन ने एंकर किया। एक अभिभावक की गवाही ने पूरे हॉल को भावुक कर दिया। दर्शकों ने वीएफएक्स और एआई पर प्रदीप सावंत का मास्टरक्लास और वर्चुअल प्रोडक्शन: ट्रांसफॉर्मिंग फिल्ममेकिंग वर्कफ्लोज पर आशीष रंजन का सत्र भी देखा।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# चोरों ने डेढ़ दर्जन ट्यूबवैलों को बनाया निशाना

## चोरियों पर अंकुश लगाने में चौकी प्रभारी फेल

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने एक ही रात में 18 किसानों की करीब 18 ट्यूबवैलों को अपना निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान कर दिया। चोरों के इस दुस्साहस से किसान जहां हैरत में हैं तो वहीं पुलिस भी पूर्व की तरह अपनी डायरी में किसानों का नाम लिखकर खानापूर्ति करके चली आई। जिसको लेकर किसानों में पुलिस की इस कार्यशैली के प्रति भारी रोष है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव इटावा में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर केशव होटल के बराबर में गांव नगवा की ओर गये रास्ते पर गांव इटावा निवासीगण किसान पूर्व प्रधान हरेंद्र राठी पुत्र लाल सिंह, प्रमोद पुत्र महेंद्र फौजी, विकास पुत्र देवेंद्र, यशवीर पुत्र महाराज सिंह, राजीव पुत्र रामपाल, ऋषिपाल पुत्र फैरु सिंह, किरणपाल पुत्र जय सिंह, कंवरपाल पुत्र भंवर सिंह, मोहन पुत्र अतल सिंह और मास्टर शिवकुमार के अलावा गांव कुरथल निवासीगण किसान धर्मेंद्र पुत्र रामपाल ठाकुर, धर्मवीर पुत्र विष्णु, चमन जाट, जनक सिंह, लिच्छी पुत्र विजय सिंह और हवलदार के परिवार के एक सदस्य की ट्यूबवैलों से लगभग लाखों रुपये की कीमत के विद्युत केबिल, कटाऊट और स्टार्टर के अलावा कृषि संबंधी दो खाद के कट्टे व अन्य सामान ताले तोड़कर और नकब लगाकर चोरी कर लिया। इनके अलावा गांव इटावा के मास्टर महक सिंह पुत्र सुमेर और सत्यवीर पुत्र इलम सिंह की टयूबवैलों पर भी नकब लगाई गयी लेकिन किसी की आहट के चलते चोर इन दोनों टयूबवैलों पर चोरी नहीं कर सके। इन सभी घटनाओं का पता किसानों को आज बुधवार की अल सुबह उस समय लगा जब वे रोजाना की भांति अपने अपने खेतों पर आए। एक ही रात में लगभग डेढ़ दर्जन टयूबवैलों से चोरी होने की घटना को देखते हुए अन्य किसानों में भी भय बना हुआ है। घटना की सूचना बायवाला चौकी पर तैनात पुलिस को दी गयी तो पुलिस ने पूर्व दिनों की भांति घटनास्थल का मुआयना कर अपनी डायरी में पीड़ित किसानों के नाम लिखे और वापस लौट गयी। किसानों ने बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री से रात्रि मे गश्त किए जाने की मांग की है ताकि फिर से इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके। उधर चोरी की इस घटना से सभी पीड़ित किसानों की सभी ट्यूबवैलें बंद हो गयी हैं।

### बीते 8 माह में 102 ट्यूबवैलों में हुई चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने इस साल के लगते ही अब तक यानि कि इन बीते लगभग 08 महीनों में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों के कई जंगलों में स्थित 102 टयूबवैलों पर नकब लगाकर या ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा कई लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान कर दिया गया। इन घटनाओं पर इसलिए अंकुश नही लग पा रहा है क्योंकि पुलिस अधिकांश ये मामले दर्ज ही नहीं करती। जिससे पुलिस के हौसले बुलंद हो जाते हैं और असली चोरों का भी जेल ना जाना चोरी की इन घटनाओं को बढ़ा रहा है। इसी साल बीती 09 जनवरी को गांव सठेड़ी में 06 टयूबवैलें, बीती 16 जनवरी को नसीरपुर गांव में 02 टयूबवैलें, बीती 02 अप्रैल को फिर गांव नसीरपुर में 08 टयूबवैलें, बीती 25 अप्रैल को फिर गांव सठेड़ी में 13 टयूबवैलें, बीती 30 मई को कुल 04 दिनों में गांव राजपुर, छाजपुर, बिराल, हरियाखेड़ा व दुर्गनपुर में 50 टयूबवैलें और बीती 25 जुलाई को बिटावदा गांव में 05 टयूबवैलें पर चोरी की घटनाएं हुई और आज डेढ़ दर्जन के आसपास गांव नगवा के जंगल में टयूबवैलों पर चोरी हुई। जिसमें बुढ़ाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह सा लग गया है। 08 माह मे इन 102 टयूबवैलों में हुई चोरी की कितनी घटनाएं दर्ज हुई ये भी एक सवाल है।

# हरि शरणागत होने वाले का भार भगवान उठाते हैं :राजेंद्र देवाचार्य

**मोरना।** महाभारत कालीन धर्मनगरी शुक तीर्थ के हनुमान धाम में तृतीय दिन में रेवासा वृंदावन से पधारे मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्र देवाचार्य महाराज ने कहा जो रमण करें उसे धाम कहते हैं, भक्ति जब चरम पर होगी तभी राधारानी जेसी पुजारिन श्री कृष्ण में रमा जाती है। इमानदार प्रशासक मिलना बहुत कठिन है। अकबर को इतिहासकारों ने महान कह दिया। चालीस हजार क्षत्राणियों ने मजबूरी वश जोहर किया। फिर वो कैसे महान हो गया। सारा संसार अंधकार में पड़ा है, जिसमें पाप का आवरण न हो वह अकबर है। जो प्रेमी भाव रखें वह राधारानी होगी। चिन्ता में घबराहट व्याकुल होना स्वाभाविक है,सभी मानव जीवन में ऐसी परिस्थिति आती है। जो चिंताग्रस्त हो तो वह हरि शरणागत हो जाए। उसका भार भगवान स्वयं उठाऐंगे। हम जिसकी शरण में है,वह हमारी चिन्ता करेंगा। हम क्यों वह करें। जो जीव निरन्तर भगवत शरणागत भाव में रहता है,उस पर विपत्ति नहीं आती। समस्या नहीं तो समाधान ही समाधान है। प्रतिकूल प्रारब्ध भी अनुकूल हो जाएगा अगर आप हरशरणम हो जाए। आशंका के कारण ब्रजवासी हरिशरणागत हो गये। जो हरि के शरण में है उस पर महाकाल का प्रभाव नहीं रहता। कथा आयोजन में स्वामी आनंद स्वरूपानंद महाराज, स्वामी विज्ञानानंद महाराज, कंवर सेन गोयल, राजीव गुप्ता, जितेंद्र, आदि व्यवस्था बनाने में लगे रहे। दिल्ली हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड बम्बई, आदि से आए सैकड़ो श्रद्धालु कथा सुन धर्म लाभ कमा रहै है।

# लेफ्टिनेंट बने अभिषेक सहरावत का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**मोरना।** किसान व सैनिक परिवार के अभिषेक सहरावत के लेफ्टिनेंट बनने पर खुशी की लहर दौड़ गयी।कस्बे मे आगमन पर गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अभिषेक सहरावत को फूल पहनाकर ढोल नगाडो के साथ भव्य स्वागत किया गया।

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नेहरू चौक निवासी कैप्टन अनिल सहरावत के पुत्र अभिषेक सहरावत के लेफ्टिनेंट बनने पर कस्बा वासियों ने भारी प्रसन्नता प्रकट की है। बुधवार को कस्बे मे आगमन पर बस स्टेण्ड से स्वागत यात्रा निकाली गयी जिसमें कस्बावासियों ने पुष्प वर्षा कर तथा माला पहनाकर फौजी युवक का स्वागत किया।पिता अनिल सहरावत ने बताया की अभिषेक की प्राथमिक शिक्षा मोहल्ले के ही स्कूल के शिक्षक रवि कुमार द्वारा प्रदान की गयी है।



अभिषेक के पिता अनिल सहरावत के अलावा दादा राजवीर सिंह भी सेना से सेवानिवृत हैं। परिवार मे माता सुनीता, बहन यशस्वी, दादी सतवीरी भी बेहद प्रसन्न हैं। बीते छ:सितंबर को बिहार के गया स्थित केन्द्र पर प्रशिक्षण उपरांत अभिषेक सहरावत की तैनाती लेह मे हुई है। वहीं मोहल्ले के ही प्रसिद्ध बॉक्सर खिलाडी सूर्यवीर सहरावत व हर्ष सहरावत का सम्मान भी किया गया। स्वागत कार्यक्रम मे माधवानन्द महाराज, बाबा ओमबीर सिंह, मदनपाल सिंह, राजेश सहरावत, अजय कुमार मपाल सिंह, आनन्द कुमार, वरुण कुमार, सतीश सहरावत,मनोज मांडी, प्रदीप कुमार, ललित कुमार, अंकुर सभासद,मांगेराम फौजी,पुष्पेन्द्र फौजी, देवेन्द्र बाबा,जयवीर सिंह, काजी नौशाद, शादाब, रामबीर सिंह, ओमकार सिंह, बृजवीर डायरेक्टर, यशवीर डायरेक्टर, वेदवीर सिंह, राजीव राठी, कुंवर भारती,मा.बीरसिंह आदि मौजूद रहे।

### डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन

**चरथावल।** कस्बे के रोहाना रोड पर गोल्ड डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत ने फीता काटकर किया सेंटर के ऑनर डॉक्टर साजिद और डॉक्टर आदिल ने कहा हमारा पूरा प्रयास रहेगा किसी भी मरीज़ को कोई असुविधा ना हो। हमारे सेंटर पर सर्टिफाइड रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर द्वारा अल्ट्रासाउंड किया जायेगा।

# सील तोड़कर अवैध रुप से चला रहा था नशा मुक्ति केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सील तोडकर अवैध रूप से नशा मुक्ति केंद्र चलाने वाले उसके संचालक के विरुद्ध बुढाना सीएचसी प्रभारी की तहरीर पर बुढ़ाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र में नशाखोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जहां बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री ने कुछ स्मेकिए पकड़कर जेल भेजे थे वहीं पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर प्रणव तेवतिया की तहरीर पर एक ऐसे नशा मुक्ति केंद्र के संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है जिसको स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुछ शिकायत मिलने पर सीज कर दिया था। बताया जाता है कि पुलिस, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने इस नशा मुक्ति केन्द्र का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान इस केन्द्रों पर भारी अनियमितताएं पाई गई थी तो इस केंद्र को तत्काल प्रभाव से बंद करते हुए सील कर दिया गया था। यह कार्यवाही टीम ने बीती 30 अगस्त को की थी। यह केंद्र बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर एनजीओ अनमोल फाउंडेशन के द्वारा संचालित था। तब इस केंद्र पर छापा मारा गया था तो निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए गयी थी। अब बुढाना सीएचसी प्रभारी को खबर मिली थी कि इस सीज हुए केंद्र की अवैध रुप से सील तोड़कर संचालक द्वारा फिर से चालू कर लिया गया है। अब बुढाना पुलिस ने उक्त संचालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### किशोरी को लेकर युवक फरार

**छपार।** एक युवक नाबालिग किशोरी को बहका फुसलाकर भगा ले गया इससे पूर्व भी एक बार भगाकर ले गया था। जिसमें वह जेल भी जा चुका है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक निवासी युवक रिश्ते में चचेरे भाई की नाबालिग किशोरी को मंगलवार को दोपहर के समय बहका फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने उसके पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित पिता का कहना है कि एक माह पूर्व भी उसने स्कूल जाते समय उसके पकड़कर चार घंटे ईख के खेत में बैठाते रखा ओर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया था उस समय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

# चेतावनी के बावजूद मेले में घूम रहे ई-रिक्शा, प्रशासन की कार्रवाई पर उठे सवाल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में आयोजित मेले में प्रशासन द्वारा लगातार ई-रिक्शा चालकों को मेले में प्रवेश न करने की चेतावनी दी जा रही है, बावजूद इसके कई ई-रिक्शा चालक आदेशों की अनदेखी कर मेले में घूमते नजर आ रहे हैं। प्रशासन द्वारा कई बार चेतावनी देकर समझाइश दी गई कि मेले के भीतर ई-रिक्शा चलाने से आमजन को परेशानी होगी, फिर भी रिक्शा चालक लापरवाही बरत रहे हैं। मेले में ई-रिक्शा की वजह से जाम की समस्या बढ़ गई है। मुख्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे मेले में आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और



महिलाओं को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए रिक्शा चालकों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। बावजूद इसके आदेशों की अवहेलना होने से प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालु और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत के आरोप में जेई व टीजी दोनों कर्मचारी को पुलिस ने भेजा जेल

**चरथावल।** थानाक्षेत्र के ग्राम दूधली में रंजिशन संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत के आरोप में पुलिस ने रोहाना तिराहे से एक किलोमीटर दूर दधेडू रोड़ से जेई व टीजी-2को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए जेई व टीजी 2 कर्मचारी को जेल भेज दिया है इस मामले में मृतक के भाई ने जेई व टीजी-2 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

चरथावल थाना-क्षेत्र के गांव दूधली निवासी सोहनवीर ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया था कि उसका भाई जितेंद्र दूधली बिजलीघर पर संविदाकर्मी लाइनमैन था।बिजलीघर पर तैनात जेई राजकुमार शराब पीने का आदी था। जिसे मृतक जितेंद्र ने कई बार बिजलीघर पर शराब पीने से मना किया था।आरोप है कि सात सितंबर को भी मृतक ने बिजलीघर पर शराब पीने से मना किया था जिस पर जेई ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। जिसका गांव के लोगो ने बीच बचाव किया था। आठ सितंबर की सुबह विद्युत उपभोक्ता सुबोध पुत्र जगदीश की शिकायत पर शट डाउन लेकर बिजलीघर के निकट खम्भे पर चढ़कर टूटा तार जोड़ रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते जेई राजकुमार ने अपने सहकर्मी टीजी-छ्ठ अरुण कुमार से जानबूझकर लाइन में करंट छुड़वा दिया था। जिससे करंट लगने से लाइनमैन की मौत हो गयी थी।चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि मृतक के भाई सो. हनवीर ने जेई राजकुमार व टीजी-2 अरुण कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था बुधवार को चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर जयकिशोर व हेड कांस्टेबल हरेन्द्र सिंह ने दोनों आरोपितों जेई व टीजी 2 कर्मचारी को रोहाना तिराहे से एक किलोमीटर दूर दधेडू की ओर से गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### वेदांता पब्लिक में किया गया महापुरुषों को नमन

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल में पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की जयंती बड़े ही और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। साथ ही वीर अब्दुल हमीद जी के बलिदान दिवस के अवसर पर चारों सदन( गांधी, कलाम ,सुभाष, टैगोर ) के विद्यार्थियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पंत जैसे महापुरुष हमे सिखाते हैं कि सच्ची पूजा न मंदिर में न मस्जिद में



बल्कि सच्ची पूजा देश की और जनता की सेवा में है। उन्होंने जानकारी दी कि उनकी राष्ट्र सेवा की भावना के कारण ही उन्हें उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने भी पंत के विषय में अधिक जानकारी देते हुए कहा कि पंत जी ने ही हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया। उन्होंने कहा प्रिय बच्चों पंत जी का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि सच्चा नेतृत्व केवल सत्ता पाने में ही नहीं है बल्कि जनता की सेवा और राष्ट्र को सर्वोपरि बनाने में है। विद्यालय की को ऑर्डिनेट सुनीता सैनी, गुंजन तोमर, प्रीति शर्मा, कीर्ति रानी ने भी बच्चों को पंत जी और अब्दुल हमीद जी के विषय में जानकारी दी । मंच का संचालन निकिता चहल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वेदांता परिवार का पूर्ण सहयोग रहा।

# श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत एक गरिमामयी और भव्य इंडक्शन प्रोग्राम के साथ की गई।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करना, उन्हें कॉलेज की शैक्षणिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक गति. विधियों से अवगत कराना तथा उनके करियर और व्यक्तित्व विकास के लिए मजबूत आधार तैयार करना था। इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिससे पूरे सभागार में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण निर्मित हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य, सभी विभागों के संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ विद्यार्थी और नवप्रवेशित छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न सत्र रहे, जिनमें करियर काउंसलिंग, व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, नेतृत्व कौशल और संचार कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। उद्योग जगत और शैक्षणिक क्षेत्र के अतिथि वक्ताओं ने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी दी।विशेष सत्र में बताया गया कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल पुस्तक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान, तकनीकी कौशल और शोध गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है।नए विद्यार्थियों को कॉलेज की प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, डिजिटल लर्निंग सेंटर, खेल मैदान और अनुसंधान केंद्रों का भ्रमण कराया गया।

इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज(फार्मेसी) की प्रधानाचार्य आकांशा निर्वाचन छात्र-छात्राओं से संवाद किया और कहा,सबसे पहले, मैंश्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज(फार्मेसी)परिवार की ओर से सभी नए विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत करती हूँ। आप सभी ने एक नए सफर की शुरुआत की है, जो न केवल आपकी शैक्षणिक प्रगति बल्कि आपके व्यक्तित्व और करियर निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।हमारा संस्थान हमेशा से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह इंडक्शन प्रोग्राम इस बात का प्रतीक है कि हम अपने प्रत्येक विद्यार्थी को सही मार्गदर्शन, प्रेरणा और अवसर प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।



प्रिय विद्यार्थियों, आने वाले वर्षों में आप न केवल फार्मेसी के मूल सिद्धांतों को सीखेंगे, बल्कि आफ टीमवर्क, नेतृत्व, संचार कौशल और समय प्रबंधन जैसी जीवनोपयोगी क्षमताओं को भी विकसित करेंगे। हमारी संकाय टीम, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और शोध केंद्र आपके उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित मालिक , सगर कुमार , अमन कुमार , विजय कुमार ,अमजद खान , सौरभ ,अमन सिंह, वैभव, आर्यन शर्मा ।

# आत्महत्या रोकने के लिए सकारात्मक सोच जागृत करें

**मुजफ्फरनगर।** मेरा वजूद फाउंडेशन के तत्वाधान में चौधरी छोटू राम महाविद्यालय मुजफ्फरनगर में वर्ल्ड सुसाइड प्रीवेंशन डे पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर ममता अग्रवाल मनोविज्ञान परामर्शदाता एवं महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर केपी सिंह, मेरा वजूद फाउंडेशन के चेयरमैन प्रवेन्द्र दहिया,वॉइस चेयरमैन डॉक्टर रणवीर सिंह, बोर्ड मेंबर संजीव अग्रवाल,प्रोफेसर अरुण कुमार एवं डॉक्टर गिरिराज सिंह उपस्थित रहे।

और कहा कि आत्महत्या जैसे विचार सही नहीं है तथा आत्म हत्या समस्याओं का समाधान नहीं है। छात्र जीवन में सकारात्मक विचारों को प्राथमिकता दे क्योकि ये सफलता के लिए आवश्यक है। विपरीत समय में नकारात्मक लोगों से दूर रहे और आशावादी ख्रष्टिकोण के साथ चुनौतियों का सामना करे। प्रवेन्द्र दहिया ने बताया कि हमे बच्चों के साथ रोजाना संवाद रखना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर केपी सिंह एवं डॉक्टर अरुण कुमार ने संस्था का आभार व्यक्त किया ।

# सात्विक मलिक ने राष्ट्रीय किक- बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक

**मुजफ्फरनगर।** आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल के 6 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने हाल ही में तमिलनाडु राज्य के चेन्नई शहर में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025- 26 में प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के साथ-साथ राज्य एवं अपने जिले का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कक्षा चार के सात्विक मलिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने निकट प्रतिद्वंद्वी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस सफलता के पीछे उनके कोच मिस पिंकी की मेहनत और सही प्रशिक्षण पद्धति रही। इस स्वर्णिम जीत पर छात्र के अभिभावकों की भूमिका भी सराहनीय रही। स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले सात्विक मलिक को जिला



मजिस्ट्रेट महोदय जी ने भी प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय स्तर पर अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले सात्विक मलिक का चयन एशियन गेम्स चीन के लिए हुआ जो दिसंबर 2025 में आयोजित होंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित नीरज बालियान, संदीप मलिक, अजय पंवार, एव दुष्यंत त्यागी ने सभी 6 राष्ट्रीय स्तर पर खलने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया। संस्था के प्रबंधक सुघोष आर्य ने सात्विक मलिक को प्रोत्साहन राशि का चेक देते हुए शुभकामनाये दी एवंम प्रधानाचार्या सोनिका आर्य ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रमुख ने की वाटर कूलर, लाईटें, जल निकासी की घोषणा

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना के पूर्व प्रमुख व राष्ट्रीय लोकदल के कद्दावर नेता विनोद मलिक ने विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के गांव गढ़ी नौआबाद में अपने सम्मान में उमड़ी भीड़ को देखकर खुश होते हुए घोषणा की कि वे इस गांव के विकास के लिए जल्दी ही बड़ा वाटर कूलर लगवाएंगे। इसके अलावा गांव के हर चौराहे पर लाइटों के साथ साथ गांव में स्थित तालाब की निकासी की समस्या का समाधान भी करेंगे ताकि गांव में किसी भी गली या मौहल्ले में जलभराव ना हो। उन्होंने कहा कि वे इस गांव में पहले भी काफी विकास



कार्य करवाए चुके हैं। वे यहां के ग्रामीणों के लिए हर समय तैयार हैं। उनके किसी भी समर्थक का या किसी भी ग्रामीण का कोई काम नही हो रहा है तो उनको बताएं। उन्होंने कहा कि वे चुनाव लडेंगे और वे चाहते हैं कि जब में आप लोगों के लिए हर समय तैयार रहता हूं तो वे भी इसके बदले में मुझे आगामी समय में होने वाले चुनाव में अपना एक एक वोट देकर फिर से मुझे जन प्रति. निधि बनाने का काम करें और फिर से विकास कार्यों को करवाने का काम करें। जिस पर ग्रामीणों ने जोशीले अंदाज में प्रमुख विनोद मलिक, रालोद और जयंत चौधरी जिंदाबाद, चौधरी चरण सिंह व चौधरी अजीत सिंह अमर रहे के नारे लगाए। ढोल बजाकर और फूल मालाएं गले में डालकर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक का जोरदार स्वागत हुआ। यहां डॉक्टर संजय, जयदीप प्रधान, विकास डबल, देवेन्द्र और प्रदीप प्रधान आदि लोग मौजूद थे।

# हुसैनाबाद भनवाड़ा में गरजे भाकियू तोमर सुप्रीमों

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव हुसैनाबाद भनवाड़ा में विगत दिवस भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। सभा में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने किसानों को संबोधित कर उन्हें आगामी 19 सितंबर को लखनऊ में होने वाली महापंचायत में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आ]वान किया। सभा में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए और अपने अपने मुद्दों को खुलकर सामने रखा। चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि आज किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। किसान चाहे गन्ना उगाने वाला हो, धान बोने वाला हो या फिर गेहूं काटने वाला हो हर वर्ग परेशान है। खेती की लागत दिन प्रतिदिन बढ़ रही है लेकिन फसलों का मूल्य उसी अनुपात में नहीं बढ़ाया जा रहा। बिजली, डीजल, खाद और कीटनाशक महंगे होते जा रहे हैं जिससे किसान घाटे में जा रहा है।

**किसानों की समस्याएं प्रमुख मुद्दा....**

**बुढ़ाना।** सभा के दौरान किसानों ने अपनी अपनी समस्याएं भी रखीं। सबसे बड़ी समस्या गन्ने के भुगतान की बताई गई। किसानों ने कहा कि मिल मालिक महीनों तक भुगतान रोक देते हैं और किसान कर्ज के बोझ में दब जाता है। इसके अलावा बिजली के बढ़ते बिल सिंचाई के साधनों की कमी और खाद की कालाबाजारी जैसे मुद्दों ने भी किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा कि किसान अपनी मेहनत से पूरे देश का पेट भरता है लेकिन उसे ही न्याय नहीं मिलता। सरकारें चुनाव के समय किसानों से वादे करती हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्हें भूल जाती हैं। यही कारण है कि किसान यूनियन को बार बार सड़क से लेकर लखनऊ और दिल्ली तक आंदोलन करना पड़ता है।

**लखनऊ महापंचायत का महत्व बताया....**

**बुढ़ाना।** संजीव तोमर ने कहा कि आगामी 19 सितंबर को लखनऊ में होने वाली महापंचायत सिर्फ एक सभा नहीं होगी बल्कि किसानों की ताकत दिखाने का अवसर होगी। इसमें पूरे प्रदेश से लाखों की संख्या में किसान पहुँचेंगे और सरकार को अपनी एकजुटता का संद. ेश देंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि जब तक आप अपनी समस्याओं को लेकर एक साथ खड़े नहीं होंगे तब तक सरकारें आपकी आवाज नहीं सुनेंगी। इसलिए इस महापंचायत को सफल बनाना जरूरी है। महापंचायत में गन्ना मूल्य वृद्धि, बकाया भुगतान, किसानों की बिजली समस्या व महंगे डीजल और खेती की लागत घटाने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से रखा जाएगा।



**किसान एकता जिंदाबाद भारत माता की जय के लगे नारे**

बुढ़ाना। सभा में मौजूद नेताओं और पदाधिकारियों ने किसानों का उत्साह बढ़ाने के लिए अलग-अलग भाषण दिए। हर भाषण में यही बात सामने आई कि किसानों को अब और चुप नहीं रहना चाहिए। सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा कई प्रमुख चेहरे मौजूद रहे। इनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रति. निधि पवन त्यागी, हनी, शादाब राणा, बालियान, मोहम्मद साजिद, चंदन त्यागी, मुजुमिद, आमिर और शाहिद शामिल रहे। इन सभी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन तोमर का मकसद किसानों की हर छोटी-बड़ी लड़ाई लड़ना है। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए गांव-गांव जाकर ऐसी सभाएं कर रहा है

# शूटर देवांश व हैदर ने झटके स्वर्ण-कांस्य पदक

**मुजफ्फरनगर।** जयपुर में आयोजित हुई 48वीं यूपी स्टेट चैंपियनशिप में एचीवर शूटिंग अकादमी के शूटरों ने दर्ज़नों मैडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया। जिसमे रेंज अध्यक्ष देवांश दुहान ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में 2 स्वर्ण पदक और कोच मोहम्मद हैदर नेशनल मेडलिस्ट ने 25 मीटर पिस्टल में 2 कांस्य पदक, मोहम्मद उमर ने 1 स्वर्ण और 1 कांस्य, 50 मीटर पिस्टल में असद अंसारी ने एक स्वर्ण और एक रजत, समीर खान स्वर्ण पदक, यामिनी तोमर ने स्वर्ण पदक, गौरव बाथला रजत पदक, 10 मीटर पिस्टल में अंश चौहान ने स्वर्ण पदक और निखिल मालिक ने रजत पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया।

मौके पर सपा विधायक पंकज मलिक, सहारनपुर मंडल अध्यक्ष




प्रभात तोमर, सपा के राष्ट्रीय महासचिव राकेश शर्मा, रालोद युवा नेता राजहंस दुहान, जयेन्द्र सिंह दुहान, अक्षय प्रधान, राजेंद्र तोमर, बिल्डर राज देव दुहान ने निशानेबाज़ों को सम्मानित किया। कोच विपुल लटियान और युवराज सिंह चौहान ने बताया कि गीत, अनुष्का, सलोनी राठी, आदित्य, कार्तिक, संजू, विनीत, अक़दस, यश, अखंड, विनायक, निशिल, अभिनव, अर्जुन, सागर, दक्ष, अभी, अंश, दिव्यांशी, अभिजीत राठी, गुरनूर व अभिमन्यु बालियान आदि निशानेबाज़ ऑल इंडिया हेतू चयन किए गये।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बीच बचाव कराने गए युवक की ईंट मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रेम नगर इलाके में दो पक्षों में झगड़े के बीच बीच बचाव करवाने गए व्यक्ति की महिला ने ईंट मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके दंपत्ति और उनकी महिला रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक व्यक्ति की पहचान सुनील के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ शनि बाजार, प्रेम नगर पार्ट-३ किराड़ी में रहता था। परिवार में माता पिता,पत्नी और तीन बेटी हैं। सुनील रोहिणी सेक्टर-२४ स्थित एक दुकान पर कपड़ों पर प्रेस करने का काम करता था। प्रेम नगर पुलिस को शाम करीब पौने चार बजे प्रेम नगर पुलिस को सुनील पर ईंट से जानलेवा हमला करने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। गली में खून और ईंट के टुकड़े पड़े थे। पता चला कि उनकी पत्नी अनिता सुनील को घायलावस्था में उठाकर मैन मुबारकपुर डबास रोड स्थित शिवा चैरिटेबल अस्पताल ले गई है। पुलिस ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इकट्ठा किये। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। जहां से सुनील को संजय गांधी अस्पताल ले जाया चुका था।

पुलिस संजय गांधी अस्पताल पहुंची। वहां पर पता चला कि प्राथमिक उपचार के बाद सुनील को पंजाबी बाग स्थित महाराजा अग्रसेन अस्पताल में शिफ्ट कर दिया है। अस्पताल पहुंचकर पता चला कि डॉक्टरों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने अनिता के बयान पर मामला दर्ज करके दंपत्ति और

- **पुलिस ने मामला दर्ज करके दंपति और उनकी महिला रिश्तेदार को गिरफ्तार किया**
- **पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा।**

उसकी महिला रिश्तेदार को गिरफ्तार कर लिया। मृतक की पत्नी अनीता का कहना है कि वो तो महिला को बचाने के लिये गए थे मुझे नहीं पता था कि जिनका झगड़ा सुलटाने के लिये पति सुनील जा रहे हैं। अब वो कभी वापिस नहीं आएगें। मेरे सामने महिला ने उनके सिर पर ईंट मारी थी। जिसके बाद पति जमीन पर गिर गए थे। उनकी सहायता करना तो दूर वो घर में घुस गए थे। सुनील की पत्नी का कहना है कि अपने पति को लेकर मैं अस्पताल गई थी। किसी ने कोई सहायता नहीं की थी। मेरे पति की क्या गलती थी,जो उनकी हत्या कर दी। बस वो तो झगड़ा सुलटाने गए थे। हमारे पड़ोस में रहने वाले आनंद वत्स के घर में वहीं हमारे पड़ोस में रहने वाले कृष्णा धनकड़ व उनकी पत्नी गीता देवी आये थे। कृष्णा धनकड़ ने आनंद वत्स और उसके बेटे अजय वत्स को कुछ पैसे दे रखे थे, जो आज कृष्णा वत्स अपनी पत्नी के साथ अपने पैसे लेने आनंद वत्स के घर आये थे।

सुनील की पत्नी अनीता ने बताया कि कुछ समय बाद आनंद वत्स के घर से जोर-जोर से आवाजे आने लगीं। थोड़ी देर बाद कृष्ण धनकड़ व उनकी पत्नी गीता देवी, आनंद वत्स के घर से बाहर आये। तभी पीछे से अजय वत्स उसके पिता आनंद वत्स अजय की माता सुमित्रा अजय का मागा कमल और अजय वत्स की मामी पुष्पा भी बाहर आ गये।अजय वत्स और उनके पिता आनंद वत्स के हाथ में डंडे थे और वे सभी मिलकर कृष्णा धनकड़ और उनकी पत्नी गीता देवी को मारने लगें। तभी अजय वत्स की मामी पुष्पा ने कृष्णा धनकड़ की पड़ी गीता देवी के गले में चुन्नी डाल दी और उसे दबाने लगी। यह सब देखकर मेरे पति सुनील कुमार घर से बाहर आये और मुझे यह कहते हुए कि ये लोग आटी को मार देंगे गली में कृष्णा धनकड़ की पत्नी गीता देवी को छड़वाने चले गये। मैं भी अपने पति के साथ गली में आ गयी। जब मेरे पति गीता देवी को छुड़ा रहे थे, तभी अजय वत्स उनके पिता आनंद वत्स और उनकी मामी सुमित्रा मेरे पति को मारने लगे। तभी वहाँ खड़ी अजय वत्सी की मामी पुष्पा ने एक ईंट उठाकर मेरे पति के सिर पर मार दी, जिससे मेरे पति वहीं गिर गये। इसके बादअजय वत्स ओर आनंद वत्स अपने परिवार सहित अपने घर में घुस गये थे।

# चाकू मारकर हत्या की कोशिश,चार नाबालिग दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिला पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में बुधवार को चार नाबालिगों को दबोचा है। सीसीटीवी फुटेज व तकनीकि टीम की मदद से जांच के दौरान आरोपी को पकड़कर इनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करके पूरे मामले की जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि नौ सितंबर को रात ८.३० बजे डीडीए पार्क, पेपर मार्केट, गाजीपुर में चाकूबाजी की सूचना मिली। पीड़ित मंगल बाजार, खोड़ा कॉलोनी निवासी अंशू (१८) पर अज्ञात आरोपियों ने ताबड़तोड़ चाकू से कई वार किए गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर आरोपी मुल्ला कॉलोनी की ओर भागते दिखे। स्थानीय सूत्रों व तकनीकि टीमों की मदद से पुलिस ने मुल्ला कॉलोनी में आरोपियों के ठिकानों का पता लगाया और इसके बाद ताबडतोड़ आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने नशे की लत को पूरा करने के लिए लूटपाट करने की बात कुबूली है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पीड़ित को डीडीए पार्क में अकेले बैठा देखा तो आसान शिकार समझकर उसे लूटने की कोशिश की।

# सोनिया गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अदालत ने बुधवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली एक याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि उनका नाम भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया था। मामले पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने कहा कि मैं फैसला सुरक्षित रख रहा हूं। शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग ने कहा कि मुद्दा यह है कि जनवरी १९८० में सोनिया गांधी का नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता के रूप में जोड़ा गया था, जबकि वह भारतीय नागरिक नहीं थीं। उन्होंने कहा, पहले आपको नागरिकता की सीमा पूरी करनी होगी, उसके बाद ही आप किसी क्षेत्र के निवासी बनेंगे। नारंग ने कहा कि १९८० में निवास का प्रमाण संभवतः राशन कार्ड और पासपोर्ट था। उन्होंने कहा अगर वह (सोनिया गांधी ) नागरिक थीं, तो १९८२ में उनका नाम क्यों हटाया गया? उस समय चुनाव आयोग ने दो नाम हटाए थे, एक संजय गांधी का, जिनकी विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, और दूसरा सोनिया गांधी का।



पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं पर समीक्षा बैठक करती हुईं मुख्यमंत्री।

# सीएम ने की पूर्वी दिल्ली क्षेत्र की विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों और प्रस्तावों को लेकर एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की।

विशेष बात यह रही कि इस बैठक में कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। वह नियमित रूप से जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर विकास कार्यों की प्रगति पर नजर रखेंगे और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि विकास कार्यों की गति तेज करने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए क्षेत्रवार जिम्मेदारियां भी तय की जाएंगी।

दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस विशेष बैठक में इस लोकसभा क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह, पूर्वी दिल्ली के विधायक, पार्षद एवं सभी सम्बंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे रखे, जिनमें पेड़ों की छंटाई, पार्कों का पुनर्विकास, सड़कों और सीवर की मरम्मत तथा स्ट्रीट लाइट्स की खराबी और नई लाइट लगाने जैसी स्थानीय आवश्यकताएं आदि शामिल थीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास परियोजनाओं पर कार्य तत्काल और समयबद्ध तरीके से शुरू किए जाएं। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक और पार्षद आपसी समन्वय के साथ काम करें ताकि विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी जोर देकर कहा कि कार्यों की प्राथमिकता जनता की तत्काल आवश्यकता और व्यापक जनहित को ध्यान में रखकर तय की जानी चाहिए।

# यूईआर-2 टोल को लेकर ग्रामीणों के समर्थन में आई आप

**नई दिल्ली।** यूईआर-2 टोल को लेकर खाप पंचायत, सामाजिक संगठन, आरडब्ल्यूए के बाद अब दिल्ली की मुख्य विपक्षी आप पार्टी ने भी टोल को हटाने की मांग करते हुए ग्रामीणों के आंदोलन का समर्थन देने की घोषणा की है। किसानों ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है कि अगर टोल वापस नहीं लिया जाता है तो किसान तीन काले कानूनों की तरह इसे भी वापस लेने को मजबूर कर देंगे। आम आदमी पार्टी ने किसान प्रतिनिधियों के साथ यूईआर-२ पर लगने वाले टोल को तत्काल वापस लेने की मांग की है। आप ने कहा कि यूईआर-२ पर लगा टोल ग्रामीणों के लिए अभिशाप बन गया है।

# डीएमआरसी के फेज-चार के तीन कॉरिडोर पर दौड़ेंगी तिरंगा थीम की ट्रेनें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के फेज-४ के तीन कॉरिडोर पर तिरंगा थीम की ट्रेनें चलेंगी। यात्रियों के लिए जल्द ही ३१२ कोच (५२ ट्रेन सेट, प्रत्येक में ६ कोच) सेवा में उतारने की तैयारी चल रही है। यह ट्रेनें बिना ड्राइवर के होंगी साथ ही इनके कोच का रंग राष्ट्रीय ध्वज के रंगों (केसरिया, सफेद और हरा) में होगा। अभी इन ट्रेनों को मैजेंटा लाइन, पिंक लाइन विस्तार और गोल्डन लाइन पर उतारा जाएगा। डीएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि नए दौर की आधुनिक और ऊर्जा-कुशल ट्रेनों को सार्वजनिक सेवा में उतारने की तैयारी हो चुकी है।

डीएमआरसी की ओर से ३१२ कोच की आपूर्ति के लिए अल्स्टॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड को अनुबंध दिया गया था। अब ये ट्रेनें परीक्षण और सुरक्षा जांच पूरी करने के बाद जल्द ही यात्रियों की सेवा में उतरेंगी। इन ट्रेनों ने रेलवे डिजाइन एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) के ऑसिलेशन और इमरजेंसी ब्रेक ट्रायल सहित सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। संचालन से पहले इन्हें सीएमआरएस (कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी) की अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है। डीएमआरसी का कहना है कि इन नए कोचों से यात्रा का अनुभव और भी आरामदायक और सुरक्षित होगा। भीड़भाड़ वाले कॉरिडोर पर ड्राइवरलेस ट्रेनें सेवा की आवृत्ति बढ़ाने में मदद करेंगी। अधिकारियों ने बताया कि यह ट्रेनें पुरानी मेट्रो ट्रेनों की तुलना में तेज गति से रफ्तार भर सकेंगी। साथ ही परिचालन के दौरान इन ट्रेनों से शोर भी कम होगा। इसके अलावा फेज तीन की वर्तमान स्वचालित मेट्रो ट्रेनों की तरफ फेज चार की नई मेट्रो ट्रेनों के कोच की सीट रंग बिरंगी नहीं होगी। सभी कोच में यात्रियों के मोबाइल व लैपटाप चार्जिंग की सुविधा होगी।इनका डिजाइन न केवल अत्याधुनिक है बल्कि 'मेक इन इंडिया' पहल को भी बल देता है। इनकी अधिकतम डिजाइन स्पीड ९५ किमी/घंटा और परिचालन स्पीड ८५ किमी/घंटा होगी।

# नॉन-प्लान दाखिले के लिए अब आधार-बैंक खाता अनिवार्य नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों में नॉन प्लान दाखिले के तहत प्रवेश के लिए आधार कार्ड व बैंक खाता अनिवार्य नहीं है। इसके न होने पर स्कूल दाखिले से इन्कार नहीं कर सकते हैं। शिक्षा निदेशालय को शिकायत मिली थी कि आधार कार्ड और बैंक खाता न होने के कारण छात्रों के दाखिले नहीं हो रहे हैं।

निदेशालय ने स्कूल प्रमुखों को निर्देशित किया है कि नॉन प्लान दाखिले के विभिन्न चरणों के दौरान जिन छात्रों को स्कूल आवंटित किए गए हैं उनके दाखिले की प्रक्रिया १५ सितंबर तक पूरी कर ली जाए। सरकारी स्कूलों में नौवीं से बारहवीं तक नॉन प्लान दाखिले की प्रक्रिया ३१ अगस्त को पूरी हुई है। लेकिन कई छात्र, अभिभावक जो आवंटित विद्यालयों में संबंधित दस्तावेज जमा करके अपना प्रवेश सुनिश्चित नहीं कर पाए हैं, वे शिक्षा निदेशालय के कार्यालय में संपर्क कर रहे हैं।

वहीं शिक्षा निदेशालय के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आया है कि कुछ विद्यालय प्रमुख दाखिले के समय छात्रों का आधार या बैंक खाता न दिखाने या पंजीकरण फॉर्म में किसी छोटी सी विसंगति के कारण छात्रों को प्रवेश देने से इन्कार कर रहे हैं।

# दिल्ली से रांची तक 12 जगहों पर छापेमारी आठ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने झारखंड एटीएस और रांची पुलिस के संयुक्त अभियान में रांची के इस्लामनगर इलाके से एक आईएसआईएस संदिग्ध आतंकवादी अजहर दानिश को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ दिल्ली में एक मामला दर्ज था, जिसके आधार पर दिल्ली स्पेशल सेल उसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। दिल्ली पुलिस सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों की संयुक्त छापेमारी में एक और संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार किया गया।



दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति से विधानसभाध्यक्ष ने की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भारत के नवनिर्वाचित १५वें उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर गुप्ता ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके कार्यकाल को विशिष्ट, प्रभावशाली एवं सफल होने की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन का सार्वजनिक जीवन का व्यापक अनुभव, सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनका दृढ़ समर्पण राष्ट्र के लिए एक अमूल्य धरोहर सिद्ध होगा। इस अवसर पर गुप्ता ने उपराष्ट्रपति को दिल्ली विधान सभा की नवीन कार्यों से अवगत कराया। इसमें दिल्ली विधान सभा में आयोजित ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस २०२५ का उल्लेख किया गया, जो केंद्रीय विधान सभा के पहले भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष श्री विट्ठलभाई पटेल की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। साथ ही, नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के अंतर्गत दिल्ली विधानसभा को पूर्णत: डिजिटल करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

# रेपिडो चालक की हत्या में नाबालिग समेत तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** के एन काटजू मार्ग इलाके में बीते मंगलवार सुबह रेपिडो चालक की चाकू मारकर हत्या हुई थी। वारदात में शामिल दो आरोपियों अंकित प्रसाद ठाकुर उर्फ मोगली और उनके एक नाबालिग को पकड़ा है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू,मोबाइल फोन,वाहन और खून से सने कपड़े बरामद किये हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार सुबह सवा छह बजे के एन काटजू मार्ग पुलिस को शमशान घाट रोड, सेक्टर २६, रोहिणी में युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर दो बाइक गिरी हुई थी। चालक को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान उसके पास से मिले दस्तावेजों से डी-१०३, लोनी देहात, राजीव गार्डन, लोनी, गाजियाबाद के रहने वाले रज्जाब खान के रूप में हुई।

उसके परिजन को वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को भेज दिया। उसके रज्जाब खान के शरीर पर पीठ के निचले हिस्से (बाईं ओर) पर चार चाकू के घाव, छाती (बाईं ओर) पर एक चाकू के घाव और बाएं कंधे पर एक चाकू के घाव के निशान पाए गए थे। एसएचओ प्रमोद आनंद के निर्देशन में पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी करके तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि साढ़े तीन बजे तीनों ने योजना बनाई थी। तीनों सेक्टर-१७, रोहिणी के एक पार्क में एकत्र हुए। उन्हें अपने एक फरार साथी का फोन आया जिसने उन्हें बताया कि वह एक रैपिडो बाइक पर सेक्टर-१७ आने की योजना बना रहा है और उसने सुझाव दिया कि वे चालक को लूट लें। लगभग चार बजे, रज्जाब अपने उसी साथी के साथ पार्क के पास पहुंचा। आरोपियों ने रज्जाब से ५ सौ ७० रुपये और उसका मोबाइल फोन लूट लिया। इसके बाद, उक्त साथी शाहबाद डेयरी के लिए रवाना हो गया।

# आईएनए मार्केट में ड्रा हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी द्वारा आयोजित दूसरे सप्ताह का लकी ड्रा शिवानी ज्वेलर्स, आईएनए मार्केट, साउथ दिल्ली में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। शिवानी ज्वेलर्स के ओनर सुरेश वाधवा ने इस मौके पर कहा, हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि किसना जैसी प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ मिलकर हम ग्राहकों को न केवल आकर्षक आभूषण प्रदान कर रहे हैं, बल्कि ऐसे विशेष अवसर भी दे रहे हैं जिनसे ग्राहकों का विश्वास और जुड़ाव और मजबूत होता है।

कार्यक्रम में आरएसएम रवि बासवान, शिवानी ज्वेलर्स के श्री शिप्रेश वाधवा सहित कई अन्य विशिष्ट ग्राहक भी मौजूद रहे। इस सप्ताह कमलेश चुना विजेता बने। किसना द्वारा पूरे भारत में आयोजित विशेष लकी ड्रा अभियान के तहत स्कूटर और कारें विजेताओं को प्रदान की जाएंगी।

# साउथ इंडिया से भी जुड़े बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह के तार दक्षिण के राज्यों से भी जुड़ रहे हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि गिरोह ने हैदराबाद और चेन्नई में भी निसंतान दंपतियों को बच्चे बेच रखे हैं। हालांकि, पुलिस अभी इस बारे में ज्यादा कुछ बताने से बच रही है। उम्मीद है कि इस मामले में जल्द ही और भी गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर भी बेचे गए बच्चे बरामद किए जाएंगे। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह के सरगना सुंदर मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव होने के कारण अक्सर उत्तर प्रदेश के फतेहाबाद और आगरा के आसपास छोटे कस्बों में क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टरों से मिलता था, पुलिस उनकी भी जांच कर रही है। इस तरह उसने कई जगह अपना नेटवर्क बना रखा था। दक्षिण भारत में बच्चों को बेचने में भी इसकी भूमिका सामने आ रही है। ऐसे में पुलिस जांच कर रही है कि दक्षिण के राज्यों में किस नेटवर्क के माध्यम से बच्चे बेचे गए हैं।

पुलिस की मानें तो आरोपितों को बिल्कुल उम्मीद नहीं थी कि पुलिस उन तक पहुंच पाएगी। इसके लिए ये लोग गोद देने के दस्तावेज भी फर्जी बनवाते थे ताकि कहीं कोई सबूत न मिले। इस कारण ही पिछले तीन साल से गिरोह धड़ल्ले से बच्चों की तस्करी कर रहा था और अभी तक पकड़ा नहीं गया था। ऐसे में उत्तर भारत के साथ ही इन्होंने दक्षिण के राज्यों में भी अपना नेटवर्क बढ़ाना शुरू किया था। सराय काले खां बस अड्डे से बच्चा चोरी करने के मामले में पुलिस डा. कमलेश से लिए काम करने वाले रामबरन की तलाश कर रही है। आरोपित की तलाश में यूपी के कई जिलों में छापेमारी की जा रही है। रामबरन ने ही अपने चाचा के लड़के वीरभान को बच्चा चुराने के लिए कहा था। उसने उससे वह बच्चा डेढ़ लाख रुपये में खरीदा था। पुलिस के अनुसार, रामबरन के चार बच्चे हैं। पिछले साल उसकी पांचवीं बेटी हुई थी, जिसे उसने बेच दिया था। वहीं इस मामले में बहनों कृष्णा और प्रीति की मां दाई का काम करती है। ऐसे में पुलिस जांच कर रही है कि अनचाहे गर्भ धारण करने वाली युवतियों की डिलीवरी करवाने में उसकी कोई भूमिका है या नहीं।

# दिल्ली से करनाल के बीच रैपिड रेल प्रोजेक्ट जल्द शुरू होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली से करनाल के बीच बहुप्रतीक्षित रैपिड रेल परियोजना का निर्माण कार्य जल्दी ही शुरू होने जा रहा है। इस परियोजना के लिए नेशनल हाईवे पर सोनीपत, पानीपत और करनाल में कार्यालय बनाने के लिए जगह की तलाश की जा रही है। परियोजना का एलिवेटिड मार्ग नेशनल हाईवे-44 से यमुना की ओर बनाया जाएगा। वहीं, कुंडली में मेट्रो स्टेशन के पास ही रैपिड रेल का स्टेशन होगा। दोनों स्टेशनों को जोड़ने के लिए नेशनल हाईवे के ऊपर फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा।

# अवैध हथियार सप्लाई करने वाले तीन चढ़े हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दक्षिणी जिला पुलिस की एंटी-ऑटो थेफ्ट स्क्वाड ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इनके पास से दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, एक देसी कट्टा और पांच कारतूस बरामद किए हैं। आरोपितों की पहचान मालवीय नगर निवासी फरमान, मौजपुर निवासी मो. हसिन और अंबेडकर नगर निवासी शादाब कुरैशी के रूप में हुई है। आरोपितों ने सोशल मीडिया पर हवा में फायरिंग करते हुए वीडियो डाला था, जिसके बाद पुलिस ने इनके नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि तीन सितंबर को सोशल मीडिया पर एक युवक ने सार्वजनिक रूप से फायरिंग करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला था। इस पर एएटीएस की टीम ने तकनीक की मदद से उसकी तलाश शुरू की। तकनीक की मदद से चार सितंबर को पुलिस ने मछली मार्केट, साकेत से आरोपित फरमान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक सेमी आटोमैटिक पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए।

# झांकी संग धूमधाम से निकाली श्रीजी की यात्रा

## जैन संत विव्रत सागर व विश्वार्थ सागर महाराज के सानिध्य में हुआ कार्यक्रम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जैन संत विव्रत सागर महाराज व विश्वार्थ सागर महाराज के सानिध्य में बुधवार को शहर के आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से वार्षिक श्रीजी की रथयात्रा निकाली गई। इस दौरान सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। रथयात्रा मौहल्ला धर्मपुरा स्थित दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई, जिसका अने. कों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

बुधवार को मौहल्ला धर्मपुरा स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से जैन संत विव्रत सागर महाराज व विश्वार्थ सागर महाराज के सानिध्य में जी की वार्षिक रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ मंदिर समिति के पदाधिका. रियों ने भगवान महावीर की प्रतिमा को रथ में बैठाकर किया। इस दौरान भगवान महावीर के जयघोष किया गया। रथयात्रा आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर बडा बाजार, गांधी चौक, शिव चौक, मिल रोड, तालाब रोड, वीवी इंटर कालेज रोड, फव्वारा चौक आदि से होते हुए मंदिर जाकर संपन्न हुई। रथयात्रा का शहर के अनेकों स्थानों पर विभिन्न संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। रथयात्रा में बाहर से आए बैंड बाजे, सुंदर एवं आकर्षक झाकियां, भजन मंडली शामिल रही। इससे पूर्व मंगलवार देर रात शहर के जैन धर्मशाला में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जी के रथ के पात्रों का चयन बोलियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जैन समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर सांसद हरबीर मलिक, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, विधायक प्रसन्न चौधरी, अंकित गोयल, अध्यक्ष संतोष जैन, सचिन जैन भगतजी, दीपक जैन, अनुज जैन, प्रवीण जैन, अंकित जैन, अरूण जैन, गौरव जैन, अजय जैन, अनिल जैन, राजेश जैन मौजूद रहे।



# हरियाणा की ठोकरें बनी यमुना में खतरा, कटान से करोड़ों का नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** हरियाणा सरकार द्वारा यमुना नदी के बीच बनाए गए बड़े-बड़े ठोकरें अब चौसाना क्षेत्र के मंगलोरा समेत आसपास के गांवों में फसल और जमीन कटान की गंभीर समस्या बन गई हैं। ठोकरों के कारण यमुना का बहाव बदल गया है, जिससे नदी का पानी झुक कर सीधे हमारी सीमा में समा रहा है। इसका सबसे बड़ा असर किसानों पर पड़ रहा है, जो अपनी फसलें व खेत हर रोज यमुना के जल में बहते देख कर बेहाल हैं।

मंगलोरा निवासी सचिन के पास 5 बिघा गन्ना था, भोपाल के पास 6 बिघा गन्ना। ओम सिंह, शिव कुमार, मनपाल, ओमपाल, जगदेव, सोकेन्दर के पास 5-5 बिघा गन्ना था, जबकि जवाहर वेद प्रकाश के पास 3 बिघा गन्ना था। अब ए फसलें यमुना में समा चुकी हैं। कटान की रफ्तार दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। ग्रामीण बताते हैं, हर रोज हमारी मेहनत की फसलें बहती जा रही हैं। तहसील प्रशासन पिछले एक सप्ताह से देखने नहीं आया। बार-बार फोन करने पर भी ड्रेनेज विभाग दो दिन पहले तक पेड़ डाल कर कटान रोकने का प्रयास कर रहा था, लेकिन अब वे भी गायब हैं।ओमपाल ने बताया कि प्रशासनिक उदासीनता के चलते उनका बंजर हो चुका खेत अब पूरी तरह यमुना में समा गया। ड्रेनेज विभाग के जई विकास चौधरी ने कहा, जहां जहां कटान हो रहा है, हमारी टीमें लगातार कटान रोकने का कार्य कर रही हैं। एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी ने बताया, यमुना किनारे बसे सभी गांवों का निरीक्षण किया है। लेखपालों को भेजकर किसानों के नुकसानों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# जल निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर के कार्यालय में घुसकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

शामली। मंगलवार देर रात्रि जल निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर के कार्यालय में घुसकर कुछ लोगों ने मारपीट की। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वही पीडित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गत मंगलवार को जल निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप धीमान शहर के करनाल रोड़ स्थित अपने कार्यालय में बैठे थे। आरोप है कि इसी दौरान ठेकेदार अमृतपाल, निखिल, फुरकान, हाशिम, सुधीर दूबे, जयदेव आए और कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीडित ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। जिसके बाद उक्त लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल मैनेजर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वही पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अनुसूचित वर्ग के लिए चल रही योजनाओं की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर अनुसूचित मोर्चा द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष बदला गौतम की। जिसमें प्रदेश हाईकमान द्वारा दिए गए निर्देशों पर विचार किया गया। साथ ही अनुसूचित वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। जिलाध्यक्ष बादल गौतम ने कहा कि हर मंडल, हर विधानसभा पर अनुसूचित वर्ग के सम्मेलन होंगे। जिसमें सभी ही सहभागिता जरूरी है। इस अवसर पर दीपक बडेरा, बृजेश वाल्मीकि, सुलेख चंद, धर्मेंद्र, आशा सोदाई, कमल वाल्मीकि, अनिल बो. हरा, विकास बंजारा आदि मौजूद रहे।

# नर्सिंग अधिकारी से बदसलूकी, स्टाफ हड़ताल पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल में मंगलवार देर रात मरीज के साथ आए तीमारदार द्वारा नर्सिंग अधिकारी सुमित के साथ की गई धक्का-मुक्की और मारपीट के विरोध में बुधवार को अस्पताल का समस्त स्टाफ व चिकित्सक हड़ताल पर चले गए। जिला अस्पताल में इमरजेंसी सहित ओपीडी, दवा वितरण सभी सेवाऐं बंद कर अस्पताल का पूरा स्टाफ गेट पर धरना देकर बैठ गया। इस दौरान उन्होने सीएमएस पर आए दिन कर्मचारियों व स्टाफ के साथ हो रही मारपीट की घटनाओं पर भी कोई संज्ञान न लेने का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी की। करीब दो घंटे चली इस हड़ताल के दौरान जिला अस्पताल की सभी सेवाएं ठप हो गईं। गत मंगलवार देर शाम जिला अस्पताल के इमरजेंसी में एक मरीज पहुंचा था। बताया जाता है कि इसी दौरान मरीज के तिमारदार जो स्वयं को किसान नेता बता रहे थे उसने नर्सिंग अधिकारी सुमित वैष्णव से अभद्रता करते हुए धक्का मुक्की की। आरोप है कि मारपीट का भी प्रयास किया गया, लेकिन स्टाफ द्वारा बीच बचाव करने पर मामला रफा दफा कर दिया गया।

उक्त मामले को लेकर जिला अस्पताल के सभी स्टाफ ने सीएमएस डा। किशोर आहुजा से वार्ता की और संज्ञान लेने की मांग की, लेकिन आरोप है कि बुधवार दोपहर 12 बजे तक भी सीएमएस द्वारा कोई संज्ञान नही लिया, जिससे आक्रोशित होकर जिला अस्पताल के समस्त चिकित्सकों व स्टाफ ने ओपीडी कार्य बंद कर हडताल शुरू कर दिया। जिला अस्पताल में इमरजेंसी से लेकर, ओपीडी, दवा वितरण, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, सिटी स्कैन का सभी कार्य बंद होने से मरीजों में हाहाकार मच गया। वही चिकित्सक व स्टाफ अस्पताल के गेट पर धरना देकर बैठक गया। इस दौरान उन्होने जमकर नारेबा. जी करते हुए आए दिन चिकित्सकों व स्टाफ के साथ हो रही अभद्रता पर अंकुश लगाने की मांग की। वही बोपीडी से लेकर भर्ती वार्डो तक मरीजों को इलाज और दवाइयां नहीं मिल सकीं। इससे सैकड़ों मरीज हलकान होकर भटकते रहे। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई हड़ताल को लेकर अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में सीएमएस डा। किशोर आहुजा व चीफ फार्मासिस्ट ताहिर बेग धरने पर पहुंचे और स्टाफ को सुरक्षा का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद स्टाफ व चिकित्सक हड़ताल खत्म कर काम पर लौट आए।

## हादसे में मां बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** मोटरसाइकिल पर मां बेटे अपने रिश्तेदारी में जा रहे थे। गांव सापला के पास नीलगाय से उनकी भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आई घायलों को ऊन अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उनकी हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । गंगोह थाना क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी जुनैद उम्र 19 वर्ष अपनी माता इसराना के साथ मोटरसाइकिल पर अपने रिश्तेदारी में जा रहे थे रास्ते में ऊन थाना भवन मार्ग पर सापला के पास नीलगाय ने मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए राहगिरो ने एंबुलेंस बुलाकर ऊन सीएचसी भिजवाया।

## तहसील में 82वें दिन भी धरना रहा जारी

**ऊन।** ऊर्जा निगम के द्वारा किए गए मुकदमे व जुर्माने को लेकर शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर 82वें दिन भी धरना जारी रखा। बुधवार को धरने में आए भमेड़ी, बझेडी, हरसाना के किसानों ने कहा कि सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही हैं धरना चलते ढाई महीने से ज्यादा हो गए लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। शहीद भगत सिंह समिति के कार्यकर्ताओं ने कहा जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। दीपक सभासद, सहेन्द्र, प्रदीप भार्गव, सुरेंद्र,,पोलु,निरंकार, वेदसिंह, धर्मपाल, अमित कुमार, ब्रजपाल, अरविंद, इंद्रपाल आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### लक्ष्मी आरती का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा मंगलवार शाम 7 बजे अग्रसेन पार्क में हनुमान चालीसा का पाठ एवं मां लक्ष्मी जी की भव्य आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों और अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आगामी 22 सितंबर द्धसोमवारऋ को पड़ने वाले प्रथम नवरात्र एवं अग्रसेन महाराज जी के जन्मोत्सव को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रातः 8 से 9 बजे तक हवन एवं सीनियर अग्रबंधुओं का सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने की रूपरेखा भी तैयार की गई। अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंघल ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में संस्था के महामंत्री डॉ। राजीव बंसल, कोषाध्यक्ष संजय बंसल, पवन संगल, विपिन मित्तल, रविंद्र मित्तल, रविंद्र गोयल, सुशील संगल, सुनील संगल, अनुराग जिंदल, मनीष एवं वैभव गर्ग सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### आगामी विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर होगा मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्वकर्मा स्पोर्ट्स क्लब शामली की एक महत्वपूर्ण बैठक आज शिव शक्ति फर्नीचर, धीमानपुरा पर संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर दिनांक 17 सितंबर 2025 को विश्वकर्मावंशी युवाओं के मध्य आपसी मैत्री भाईचारा एवं सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वकर्मा स्पोर्ट्स क्लब शामली के द्वारा एक मैत्री क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन कराया जाएगा। क्रिकेट मैच के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप मे परमानंद झा अपर जिलाधिकारी, शामली एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप मे सुभाष पांचाल इंटरनेशनल वॉलीबॉल कोच, उत्तर प्रदेश पुलिस को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मनोज धीमान को बनाया गया कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर को संध्या 6 बजे से निर्वाल क्रिकेट एकेडमी मुंडेट में किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से टीम के कप्तान सोहेल धीमान, दूसरी टीम के कप्तान कुलदीप विश्वकर्मा, क्लब महासचिव प्रवीण पांचाल, उपकप्तान मयंक धीमान एवं सचिन तावड़ा, कोषाध्यक्ष नीरज धीमान, साथ ही शिवम विश्वकर्मा, वंश धीमान, अजय पांचाल, क्लब कोच संजय धीमान, संदीप विश्वकर्मा, लावन्य धीमान, प्रदीप विश्वकर्मा आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

### 69वीं मंडलीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**थानाभवन।** लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थानाभवन में 69वीं मंडलीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक प्रभात कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य चंद्रशेखर प्रसाद एवं खेल शिक्षक राजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल कौशल और संघर्ष का परिचय दिया।अंडर-19 वर्ग के फाइनल में मुजफ्फरनगर की टीम ने शामली को 18-21, 21-13 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।अंडर-17 वर्ग में भी मुजफ्फरनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शामली को 15-10, 17-15 से पराजित किया।अंडर-14 वर्ग में सहारनपुर ने बेहतरीन प्रदर्शन कर शामली को 15-11, 18-16 से मात दी और खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग की सभी श्रेणियों में मुजफ्फरनगर की टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया।खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए मैदान में दर्शकों की भीड़ उमड़ी रही। प्रतियोगिता के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए

# नैनो उर्वरक आधारित विकास खंड स्तरीय सभा संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सहकारिता विभाग तथा विश्व की सबसे बड़ी सहकारी क्षेत्र की उर्वरक निर्माता संस्था इफको द्वारा नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन ब्लॉक शामली के सभागार में किया गया जिसमें ब्लाक के सहकारी समिति सहायक विकास अधिकारी सहका. रिता अजय सिंह व सहकारी समिति शामली सचिव आशीष कुमार जी शामिल रहे कार्यक्रम की शुरुआत इफको के क्षेत्र अधिकारी विवेक सिंह जी के द्वारा किसानों को वर्तमान स्थिति को बताते हुए रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से होने वाले नुकसानों के बारे में किसानों को अवगत कराया तथा नैनो उर्वरक नैनो यूरिया प्लस नैनो डीएपी नैनो कॉपर , नैनो जिंक, सागरिका तथा इफको के अन्य उत्पादों के बारे में किसानों को बताया गया। तथा उनसे होने वाले लाभ एवं प्रयोग विधि के बारे में जानकारी दी गई एवं किसानों को इफको द्वारा नैनो उर्वरक पर दिए जाने वाले दुर्घटना बीमा द्ध10000 रूपएऋ बोतल के बारे में किसानों को बताया गया, किसानों को बताया गया की फसल में जब हम पहली सिंचाई करें तो दानेदार यूरिया का इस्तेमाल करें उसके बाद दो स्प्रे नैनो यूरिया प्लस के लगाएं।

जिससे फसल उत्पादन के साथ-साथ में मृदा उर्वरता भी बनी रहेगी और वातावरण भी शुद्ध रहेगा,इफको क्षेत्र अधिकारी के द्वारा नैनो उर्वरक की प्रयोग विधि को बताते हुए नैनो यूरिया प्लस व नैनो डीएपी का घोल 125 लीटर पानी में बनाकर 1 एकड़ फसल में छिड़काव करें छिड़काव करते वक्त हमें यह ध्यान रखना है कि जिस फसल में हम नैनो यूरिया वह नैनो डीएपी का छिड़काव कर रहे हैं उसमें जो भी फसल की बुवाई हमने की है जब हमारी फसल 40 से 45 दिन की हो जाए तो उसके बाद ही हम छिड़काव करें, आगामी फसल गेहूं और सरसों की बुवाई के समय 5उस नैनो डीएपी वह तरल लिक्विड कंसोर्टियां से 1 किलो ग्राम बीज को उपचार कर 20 से 25 मिनट के लिए छांव में सुखाकर उसके बाद बुवाई करें।जब हमारी फसल 40 से 45 दिन की हो जाए उसके बाद 5 उस प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव किया जाना चाहिए।

किसान साथियों को नैनो जिंक नैनो कॉपर नैनो यूरिया नैनो डीएपी के मूल्य के बारे में भी बताया गया इसमें नैनो यूरिया प्लस 225 रूपए नैनो डीएपी 600 रूपए नैनो जिंक 200 रूपए नैनो कॉपर 200 रूपए लिक्विड कंसोर्टियां 166 रूपए आदि नैनो उर्वरक पूर्णत: स्वदेशी निर्मित उत्पाद है जो कि भारत की जो कि भारत की मेक इन इंडिया की योजना के अंतर्गत आते हैं एवं भारत सरकार की पीएम प्रणाम योजना के अंतर्गत रासायनिक उर्वरकों के सस्ते विकल्प है।इस मौके पर समितियों के सचिव सोमपाल सिंह , सुधीर कुमार, विपिन कुमार, सुमित कुमार सहित ब्लॉक शामली के 60 किसान उपस्थित रहे।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एमजेएफ टीम ने पंजाब में बाढ़ पीडितों की सहायता के लिए कस्बा बनत से खादय सामग्री भेजी है। टीम के लोगों ने स्वयं पंजाब पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों को मदद करने का निर्णय लिया है। कस्बा बनत में एमजेएफ टीम के पदाधिकारियों की देर रात्रि एक बैठक का आयोजन प्रमुख समाजसेवी फारूक अहमद के आवास पर आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि पंजाब राज्य में इन दिनों आई बाढ से हजारों परिवार बेघर हो गए है और लाखों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ के चलते किसानों की फसले, पशु, मकान और सभी सामान नष्ट हो गया है। कई स्थान ऐसे है जहां दवा और भोजन की बेहद जरूरत है। ऐसे में सभी का दायित्व बनता है कि पूरे देश उन लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडे हो। फारूख अहमद ने सभी के सहयोग से एक ट्रक खादय सामग्री का पंजाब के लिए रवाना किया। जिसमें खाने, पीने के अलावा मेडिकल का सामान भेजा गया ताकि वहां के लोगों को कुछ मदद मिल सके। इस अवसर पर फारुख अहमद, आसिफ चौधरी असारा, मास्टर सादिक असारा, डा। अमजद अली, डा। अरशद, नदीम अहमद, सभासद मोहम्मद ख्वाजा, सभासद मोहम्मद कल्लू, सादिक चौधरी हरसोली, शानू दिल्ली, सलमान, आरिफ हरसौली आदि मौजूद रहे।

# समर्थ उप्र विकसित उप्र 2047 अभियान में संवाद कार्यक्रम का आयोजन







## शिक्षाविदों के साथ डीएम व अन्य अधिकारियों ने किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला प्रशासन द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश -विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान के अंतर्गत जनपद शामली के बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा, आईटीआई एवम पॉलिटेक्निक शिक्षण संस्थानों के छात्र- छात्राओं,प्रधानाध्यापकों, प्राध्यापको एवम शिक्षाविदों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला. धिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा की गई। आयोजित संवाद कार्यक्रम में शासन द्वारा जनपद के लिए नामित महेश चन्द्र, सेवानिवृत्त आईएएस, शैलेन्द्र,सेवानिवृत्त आईआरटीएस, नरेश कुमार मलिक, सेवानिवृत्त पूर्व प्रधानाचार्य, सर छोटूराम डिग्री कॉलेज,शिक्षा विभाग, डा. संदीप चौधरी, कार्यरत प्रधानाध्यापक, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ,की उपस्थिति में विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैराना के सभागार में आयोजित किया गया।कार्यक्रममें में प्रबुद्धजनों महेश चन्द्र, शैलेन्द्र, नरेश कुमार मलिक,डॉ संदीप चौधरी द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047 कार्यक्रम के उद्देश्य, दृष्टिकोण, रोडमैप पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि माद्द प्रधानमंत्री जी की एक दूरदर्शी पहल विकसित भारत/2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक समृद्ध,समान और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण किया जाएगा। इस मिशन को दिशा प्रदान करने एवं पथ प्रदर्शन हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित है। यह विजन तीन थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति,जीवन शक्ति एवम बारह सेक्टर कृषि, एवम संबद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटीआई एवम इमर्जिंग प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवम ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास,समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवम सुशासन पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया जाएगा। आयोजित संवाद कार्यक्रम में जनपद शामली के बेसिक, माध्यमिक,उच्च, तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र के शिक्षाविदों डॉ नीतू त्यागी असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय कैराना, डॉ अमित मलिक प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज पावटीकलां, डॉ रुचिका ढाका प्रधानाचार्य जैन कन्या इंटर कॉलेज शामली, डॉ शशि वर्मा प्रधानाचार्य दिगंबर जैन कन्या इंटर कालेज कैराना, डॉ पूजा मलिक प्रधानाचार्य लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थानाभवन, सूर्य सिंह चेयरमैन बीएसएम पब्लिक स्कूल शामली, इकबाल सैफी प्राध्यापक बेसिक शिक्षा विभाग एवं विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना के छात्र -छात्राओं समीर बीएससी तृतीय सेमेस्टर, संध्या चौहान एमए तृतीय सेमेस्टर, आंचल एमए तृतीय सेमेस्टर ,अजरा मिर्जा बीए तृतीय सेमेस्टर ने शिक्षा में वांछित सुधार एवम शिक्षा को विश्वस्तरीय,आधु. निक और तकनीकयुक्त बनाने के लिए अपने विचार एवम सुझाव प्रस्तुत किए गए। उत्कृष्ट सुझावों को प्रबुद्धजनों द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित किया जाएगा। संवाद सत्र के दौरान जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान द्वारा अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि समर्थ उत्तर प्रदेश -विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान का उद्देश्य जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करना तथा नागरिकों की आकांक्षाओं को संज्ञान में लेते हुए प्रदेश के नागरिकों को राज्य के विकास में सहयोगी व सहभागी बनाते हुए गर्व की भावना विकसित करना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, जिला एवं अर्थ संख्या अधिकारी ज्योति प्रजापति, बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर, आदि मौजूद रहें।

कार्यक्रम के अंत में डॉ हरेंद्र सिंह प्राचार्य विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना द्वारा सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया। मंच संचालन डॉ डॉली असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय कैराना द्वारा किया गया। इसी क्रम समर्थ उत्तर प्रदेश -विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान के अंतर्गत नामित प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में कृषि विज्ञान केंद्र जलालपुर में कृषकोंध एफपीओ के साथ संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस प्रगतिशील कृषक सुभाष इस्सोपुर टील,श्याम सिंह नागल आदि कृषकों से संवाद हुआ।अवसर पर नोडल अधिकारी के रूप में उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी,कृषक आदि मौजूद रहें। इसके अलावा कार्यक्रम की कड़ी में नामित प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभागार में उद्यमीध्व्यावसायियों के साथ संबंधित अधिकारियों द्वारा संवाद कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उद्यमी के रूप में सुधीर आर्य,आशीष अग्रवाल, व व्यापारी के रूप में अंकित गोयल, पवन संगल, संजीव कुमार, प्रदीप विश्वकर्मा, सचिन गोयल द्वारा संवाद किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला. धिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा की गई।

# डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर।** आगामी 25 से 29 सितम्बर, 2025 तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों तथा वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर आज जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम द्वारा इंडिया एक्सपो मार्ट के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।



बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर का है, अत: सभी विभाग समन्वय स्थापित कर अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाएं, अग्निशमन व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, वीवीआईपी मूवमेंट तथा स्टॉल प्रबंधन से संबंधित समस्त कार्यों की तैयारी समय रहते पूर्ण कर ली जाए एवं वीवीआईपी आगमन के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि आगंतुकों एवं प्रतिभागियों की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क, सूचना केंद्र तथा वॉलंटियर टीम की व्यवस्था की जाए। सभी विभाग आपसी तालमेल बनाए रखते हुए समयबद्ध रूप से अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दें, जिससे आयोजन को सफल बनाया जा सके और प्रदेश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा सौम्य श्रीवास्तव, चौयरमैन आईईएमएल डॉ राकेश कुमार, डीसीपी ट्रैफिक मनीषा सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, ओएसडी यमुना प्राधिकरण शैलेंद्र कुमार भाटिया, डिप्टी कलेक्टर दुर्गेश सिंह, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, सीईओ आईईएमएल सुदीप सरकार, पुलिस एवं सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुकदमे में फैसला न करने पर धमकी दी

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर के चौरोली गांव में रहने वाले व्यक्ति ने दंपति पर पुराने मुकदमे में फैसला न करने पर धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। पीड़ित किशन सिंह ने पुलिस को बताया कि गढ़ी समस्तीपुर गांव के सोनू से कुछ दिनों पहले उनका विवाद हुआ। उन्होंने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोप है की जेल से जमानत पर छूटने के बाद आरोपी मुकदमे में फैसला करने का दबाव बन रहा है। पत्नी और बेटों को भी फोन कर धमका रहा है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

# केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर बन रहे पंडाल में विराजमान होगी मां दुर्गा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार सेक्टर-26 स्थित कालीबाड़ी मंदिर में केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर दुर्गा पूजा पंडाल का बनाया जा रहा है, जिसमें मां दुर्गा विराजमान होंगी। दूसरी ओर, सेक्टर-62 में भी प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाते हुए पंडाल बनाया जाएगा। वहीं, सेक्टर-25 स्थित जलवायु विहार में इस बार पंडाल में पश्चिम बंगाल के ऐतिहासिक स्थलों की झलक दिखाई देगी। इसके निर्माण लिए पश्चिम बंगाल के कारीगरों को बुलाया गया है। कालीबाड़ी मंदिर परिसर में 26 सितंबर को दुर्गा पूजा के पंडाल का उद्घाटन होगा। शहर में 150 से अधिक स्थानों पर विभिन्न सेक्टर और सोसाइटी में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा।

तैयारियों को लेकर श्रद्धालुओं और आयोजन समिति के लोगों में उत्साह है। सेक्टर-26 स्थित कालीबाड़ी मंदिर समिति के उपाध्यक्ष अनुपम बनर्जी ने बताया कि इस बार उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग 50 फीट ऊंचे और 100 फीट चौड़े पंडाल को बनाने के काम पिछले 20 दिनों से जारी है। इसके अलावा प्राकृतिक सौंदर्य के दृश्य भी दर्शाए जाएंगे। पंडाल को आकर्षक बनाने के लिए रंगीन रोशनी और साज सज्जा के सामानों का भी इस्तेमाल किया जा रहा। अनुपम बनर्जी ने बताया कि 26 सितंबर को दुर्गा पूजा शुरू होगी। पहले दिन षष्ठी बोधन, आमंत्रण होगा। श्रद्धालुओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने का भी मौका मिलेगा। - 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होगे। इस बार नवरात्र दस दिनों का होगा। 30 सितंबर को दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी और 1 अक्टूबर को महानवमी का पर्व मनाया जाएगा। इसी दिन विधिपूर्वक कन्या पूजन किया जाएगा। वहीं, दशहरा दो अक्तूबर को मनाया जाएगा, इसी के साथ मां दुर्गा का विसर्जन किया जाएगा। - बेस्ट पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन महोत्सव के दौरान दुर्गा पूजा को भव्य रूप देने के लिए कालीबाड़ी मंदिर समिति की ओर से बेस्ट प्रतिमा और इंटीरियर अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके तहत विभिन्न जगह पर होने वाली दुर्गा पड़ाल पूजा में बेस्ट मां दूर्गा की प्रतिमा और बेस्ट इंटीरियर का अवार्ड दिया जाएगा। इसके लिए मंदिर समिति द्वारा पंजीकरण कराने की व्यवस्था की गई है।

# गैंग बनाकर चेन व मोबाइल फोन झपटने वाली महिला स्नेचर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में गैंग बनाकर राह चलते लोगों से सोने की चेन और मोबाइल फोन लूट की घटना को बेखौफ अंजाम दे रही एक शातिर महिला को आज थाना बीटा-टू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की पुलिस तलाश कर रही है।

थाना बीटा-टू के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि संजना सैनी पुत्री सीताराम सैनी निवासी बुलंदशहर ने दो दिन पूर्व थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 8 सितंबर को सुबह के समय वीवो कंपनी में काम करने के लिए जा रही थी। सुबह 7.15 बजे मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो लड़के और एक लड़की आए। उक्त लोगों ने उसका कीमती मोबाइल फोन छीन लिया। उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने आज वांछित अभियुक्ता पुनिता पुत्री मुन्नू को ग्राम ऐच्छर से गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कि अभियुक्ता एक शातिर किस्म की अपराधी है, जिसका अपना ही गैंग है, और इस गैंग का सरगना विशाल उर्फ मोनू है। महिला अपने साथियों तनिष्क और रोबिन के साथ मिलकर चेन व मोबाइल स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देती है। उन्होंने बताया कि इस गिरोह के सरगना विशाल उर्फ मोनू और तनिष्क को थाना बीटा-2 पुलिस ने 8 सितंबर की रात मुठभेड़ के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल और छीने हुए दो मोबाइल फोन और अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था। पुनीता और रॉबिन वांछित चल रहे थे। पुनीता की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस रोबिन की तलाश कर रही है।

# हॉस्टल में छात्रों के बीच चली थी गोली

■ इलाज के दौरान दूसरे छात्र की भी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के एक हॉस्टल में बीते दिन गोली चलने से सनसनी फैल गई। दो छात्रों को गोली लगी थी। जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई थी और दूसरे छात्र की आज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है।

घायल छात्र दिव्यांश चौहान की भी इलाज के दौरान मौत हो गई है। बता दें कि बीते मंगलवार को हॉस्टल के बंद कमरे में दो छात्रों को गोली लगी थी। छात्रों ने आपस में गोली मारी थी। एक छात्र की कल ही मौके पर मौत हो चुकी थी। दूसरे छात्र दिव्यांश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था।



घटना नॉलेज पार्क क्षेत्र के विद्या विहार स्थित हॉस्टल में हुई थी।

**एक आंध्र प्रदेश का तो दूसरा आगरा का:** कमरे में दो छात्र खून से लथपथ जमीन पर पड़े थे। पुलिस जांच में मृतक की पहचान दीपक कुमार (उम्र 22 वर्ष) निवासी चिलकुलरी आंध्र प्रदेश के रूप में हुई है। वह एमबीए का छात्र था और घायल छात्र की पहचान देवांश चौहान (उम्र 23 वर्ष) निवासी भगवान टॉकीज आगरा के रूप में हुई है। वह पीजीडीएम छात्र है।

**दोनों थे घनिष्ठ मित्र:** पुलिस के अनुसार दोनों छात्र आपस में घनिष्ठ मित्र थे। प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी विवाद के बाद गोली मारने और आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि पहले इनमें से किसी एक ने अपने साथी को गोली मारी और फिर खुद को भी सिर में गोली मार ली। मौके से एक लाइसेंसी रिवॉल्वर, चार जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य सामान बरामद हुआ है।

**पुलिस ने कमरा किया सील:** सूचना पर फॉरेंसिक टीम व पुलिस अधिकारी भी पहुंचे और कमरे का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। घटना स्थल को पुलिस ने सील कर दिया है। मृतक दीपक कुमार का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जबकि गंभीर रूप से घायल देवांश का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों छात्रों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

**विवाद अभी एक राज:** पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। अभी यह पता नहीं चल सका है कि गोली चलाने वाला कौन था और विवाद की वजह क्या थी। सभी पहलुओं लाइसेंसी रिवॉल्वर के इस्तेमाल से लेकर दोनों छात्रों के आपसी संबंधों पर बारीकी से पड़ताल की जा रही है।

## निर्माण कार्य कराने के बाद भुगतान नहीं दिया

**नोएडा।** कंपनी के मैनेजर ने स्कूल प्रबंधन पर निर्माण कार्य कराने के बाद भुगतान न करने का आरोप लगाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर नीरज त्यागी ने बताया कि 2022 में उनकी कंपनी ने सेक्टर 22ई स्थित निजी स्कूल की प्रशासनिक इमारत के निर्माण का ठेका लिया। करीब दो करोड़ रुपये की निर्माण सामग्री और मशीनरी लगाकर कार्य शुरू किया गया। आगे निर्माण के लिए मजदूर के दर को लेकर स्कूल प्रबंधन से सहमति नहीं बन पाई। कंपनी ने स्कूल प्रबंधन से उस समय तक किए गए कार्य का भुगतान मांगा। स्कूल प्रबंधन ने न रुपये दिए, न ही मौके से निर्माण सामग्री और मशीनरी वापस ले जाने दी।

# पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट तेल लेने पहुंचे 150 चालकों का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले के पेट्रोल पंपो पर बिना हेलमेट तेल लेने पहुंचे करीब 150 चालकों का चालान किया गया है। परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम द्वारा बीते 15 दिनों से चलाए जा रहे जांच अभियान में यह कार्रवाई की गई है। अभियान के शुरुआती दिनों में चालकों को जागरुक किया गया था। जिले में नो हेलमेट नो फ्यूल लागू कर दिया गया है। प्रदेश के परिवहन आयुक्त बीएन सिंह के आदेश पर सड़क सुरक्षा के तहत यह अनिवार्यता की गई है। इसके तहत जिला प्रशासन, पुलिस और यातायात पुलिस की टीम पेट्रोल पंपों पर जांच अभियान चला रही है। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि पेट्रोल पंपों पर जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसमें अभी तक लगभग 18 पेट्रोल पंप पर जांच की गई है। लोगों को जागरुक करने के साथ ही बिना हेलमेट पेट्रोल पंप पर पहुंचने चालान किए जा रहे हैं। प्रत्येक चालक का एक हजार रुपये का चालान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट की अहमियत को समझे और इसे जरूर पहने। मृत्यु दर 37 फीसदी तक बढ़ सकती है आरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि हेलमेट न पहनना एक गंभीर लापरवाही है, जिसके खतरनाक परिणाम हो सकते हैं। यह न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा भी है, जिससे जान का जोखिम बढ़ जाता है और चोटें भी गंभीर होती हैं। हेलमेट न पहनने से सिर में गंभीर चोटें लगती हैं और मृत्यु का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। अध्ययनों के अनुसार, हेलमेट न पहनने से मृत्यु दर 37 फीसदी तक बढ़ सकती है, जबकि हेलमेट पहनने से मृत्यु का जोखिम 41 फीसदी तक कम हो जाता है। दुर्घटना में चेहरे की चोट, जैसे फ्रैक्चर और स्थायी विकृति का खतरा भी बढ़ जाता है। हेलमेट नहीं पहना था, गई जान- 02 अगस्त 2025-गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन के पास सुबह एक यात्री द्वारा अचानक खोले गए कैब के दरवाजे से टकराने के बाद 26 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई थी। बुलंदशहर निवासी और नोएडा में रहने वाले विवेक कुमार ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था।

## एक नजर

### निक्की हत्याकांड में आरोपी पक्ष ने जमानत अर्जी दी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** निक्की हत्याकांड मामले में आरोपी पक्ष के वकील ने अदालत में जमानत याचिका दाखिल की। आरोपी पक्ष के वकील ने बताया कि आरोपी विपिन, उसके भाई रोहित, पिता सत्वीर मां दया की ओर से अलग-अलग जमानत अर्जी की गई है।

अदालत में इस मामले में जल्द सुनवाई होगी। कई अहम साक्ष्य मौजूद है। इससे पहले विपिन के चाचा में पुलिस आयुक्त कार्यालय में जांच के लिए पत्र सौंपा था। आरोपी पक्ष ने मांग की है सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित किया जाए। कंचन के मोबाइल की जांच की जाए।

**एक-दूसरे पर लगा रहे आरोप:** इस मामले में अब तक निक्की का मोबाइल पुलिस को नहीं मिला है। घटना के करीब 17 दिन बाद भी निक्की का फोन कहां है? सवाल उठ रहा है कि आखिर उस फोन में ऐसा क्या था और किसने उसे पुलिस के हाथ लगने से पहले ठिकाने लगा दिया?

समझा जा रहा है कि निक्की की हत्या हुई या फिर उसने खुद को आग लगाई। इस रहस्य से पर्दा उठाने में उसका मोबाइल फोन मददगार साबित हो सकता है। दोनों पक्ष एक दूसरे पर मोबाइल को गायब करने का आरोप लगा रहे हैं।

**मोबाइल का रहस्य बरकरार:** निक्की की बहन कंचन का कहना है कि घटना के बाद वह बेहोश हो गई थी, इसलिए उसे नहीं पता कि मोबाइल कहां गया। वहीं, निक्की के ससुरालवालों का दावा है कि निक्की को वे अस्पताल लेकर चले गए थे और घर में सिर्फ कंचन थी, इसलिए वही बता सकती है कि फोन कहां गया।

पुलिस ने हाल ही में निक्की के मायके जाकर भी कंचन और उसके परिवार के अन्य लोगों के बयान दर्ज किए। लेकिन अभी तक मोबाइल वाला रहस्य बरकरार है।

### बैटरी बनाने वाली फर्म से दो करोड़ की जीएसटी वसूली

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राज्य जीएसटी विभाग गौतमबुद्ध नगर की विशेष अनुसंधान शाखा ने नौ सितंबर को सेक्टर 57 स्थित एक फर्म पर छापा मारा। जांच में पता लगा कि फर्म ने गलत तरीके से दो करोड़ रुपये से अधिक का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) ले लिया था। फर्म से वसूला से यह राशि वसूली गई है। अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड टू गौतमबुद्ध नगर विवेक आर्य ने कहा कि फर्म लीथियम आयन बैटरी और पावर बैंक के निर्माण और बिक्री का काम करती है। जांच में पता लगा कि फर्म द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2.57 करोड़ रुपये से अधिक की आईटीसी का लाभ ले लिया गया।

जांच के दौरान भौतिक सत्यापन पर उपलब्ध माल का स्टॉक घोषित स्टॉक से 6.63 लाख रुपये कम पाया गया। तथ्यों से अवगत कराने पर फर्म ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए 2.57 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि राजकोष में जमा की है। जांच में संयुक्त आयुक्त राज्यकर अलोक कुमार, उपायुक्त निखिल बाजपेई, सहायक आयुक्त अजय कुमार श्रीवास, राज्यकर अधिकारी कृष्ण नारायण शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह और प्रशासनिक अधिकारी सुनील कुमार मौजूद रहे।

### बालिका छात्रावास में अनियमितता की जांच शुरू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-62 में राजकीय बालिका छात्रावास की अनियमितता की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने दो सदस्यीय समिति बनाई है। बुधवार को समिति ने छात्रावास की जांच शुरू कर दी। निषाद पार्टी के आगरा जिलाध्यक्ष ने यूपी सरकार से शिकायत की थी। शासन ने जिला प्रशासन को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

निषाद पार्टी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को भी हटाने की मांग की है। शासन के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी ने जांच की जिम्मेदारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अरुण कुमार सचान और जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया को सौंपी है। बुधवार को अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। 10 बिंदुओं पर वहां रहने वाले से जानकारी जुटाई जाएगी। टीम ने जांच के बिंदुओं को अभी गोपनीय रखा है। जांच रिपोर्ट प्रशासन को दी जाएगी।

# बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटने पहुंचे प्रभारी मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटने गौतमबुद्धनगर प्रभारी कुंवर बृजेश सिंह सेक्टर-135 स्थित बारातघर पहुंचे। यहां भारतीय किसान यूनियन मंच राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान, गौतम लोहिया, डीपी चौहान ने उन्हें ज्ञापन सौंप कहा कि यमुना तटबंध पर बड़ी-बड़ी कटीली झाड़ियां उगी हुई है। सड़क भी टूटी हुई है, स्थिति बहुत खराब है।



इस तटबंध को नोएडा प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग को धनराशि देकर चार लाइन की सड़क रूप में बनवाया था। इससे नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर यातायात का दबाव काम रहे, वाहनों का जाम न लगे, लेकिन वर्तमान समय में सेक्टर-94 गांव रायपुर से सेक्टर-135 गांव नंगली वाजिदपुर के सामने तक तटबंध सड़क टूटी हुई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। बड़ी-बड़ी कटीली झाड़ियां उगी हुई है।

सफाई के लिए कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। आश्चर्य चकित करने वाली बात यह है कि यमुना में बाढ के चलते जिला प्रशासन से लेकर प्राधिकरण तक के अधिकारी पिछले एक सप्ताह से यमुना तटबंध से आ जा रहे हैं और पुस्ता बांध पर रह रहे बाढ़ पीड़ितों से मिल कर फोटो खिंचवाने में लगे हुए है लेकिन यमुना तटबंध पर लगे हुए कूड़े के ढेर और बड़ी-बड़ी कटीली झाड़ियों की सफाई पर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है।

आखिर सिंचाई विभाग का जो फंड यमुना तटबंध की मरम्मत और सफाई के लिए आता है। वह कहां जाता है। प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने मौके पर मौजूद प्राधिकरण महाप्रबंधक अशोक कुमार अरोड़ा को आदेश दिया कि तत्काल तटबंध की सफाई और मरम्मत का कार्य कराया जाए।

# पुरानी रंजिश हुई ताजा, एक साल बाद दर्ज किया केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बिरौंडा गांव के छह लोगों के खिलाफ मारपीट व जानलेवा हमला करने का केस दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी घर के बाहर हुडदंग कर रहे थे। पीड़ित पक्ष ने रोका तो मारपीट कर दी। पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। अब कोर्ट के माध्यम से केस दर्ज करवाया है।

बिरौंडा गांव निवासी पीड़िता शीतल का आरोप है कि पिछले साल 31 अक्तूबर की शाम वो बच्चों के साथ दिवाली का त्योहार मना रहे थे। बड़ा बेटा पारस घर के बाहर गली में दीप जलाने आया। आरोप है कि तब आरोपी बाहर हुडदंग मचा रहे थे। आरोपियों ने उसके बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर वो भी मौके पर पहुंची तो आरोपी गाली गलौज करने लगे। उसके बाद उसके पति व देवर भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि आरोपियों ने देवर अरुण पर हथियार की बट से हमला कर दिया। जिससे देवर के सिर में चोट लगी।

पति के अलावा दोनों बच्चों के साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में सभी को चोटें आई। आरोप है कि उसके बाद आरोपी पक्ष लाठी डंडों के साथ उसके घर पहुंचा। पीड़िता ने किसी तरह दरवाजा बंद कर जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस ने शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। अब पीड़ित ने कोर्ट के माध्यम से आरोपी सुमित, बेगराज, नवल, ललित, विकल, अंकित के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बीटा-2 कोतवाली के प्रभारी का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# आवासीय प्लॉट का फर्जी एग्रीमेंट कर 12 लाख रुपये हड़पे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली निवासी एक महिला ने दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मूंजखेड़ा गांव निवासी एक किसान पर आवासीय प्लॉट का फर्जी एग्रीमेंट कर 12 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई मदद नहीं मिलने पर न्यायालय में गुहार लगाई। बुधवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़िता अर्चना भार्गव ने शिकायत में कहा है कि उन्होंने साल 2012 में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के मुंजखेड़ा गांव निवासी धर्मपाल, मेघराज व महेशचंद आदि किसानों से 7 प्रतिशत का 150 मीटर आवासीय प्लॉट नक्शा 11 के आधार पर 12 लाख रुपये में खरीदा था। इस प्लॉट का रजिस्टर्ड अग्रीमेंट कराया था। इसके बाद भी किसानों ने प्लॉट को फर्जी दस्तावेज तैयार कर संदीप गुप्ता आदि निवासी दिल्ली को बेच दिया। साल 2024 में पीड़िता को उसके प्लॉट को अन्य लोगों को बेचने की जानकारी हुई। आरोप है कि पीड़िता ने किसानों से गांव आकर बात की तो किसानों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मेघराज, महेशचंद, संदीप गुप्ता, इमला, विवेक, सचिन, अंकित, रघुवीर, शिव रिसोर्स व श्वेता सिंघल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# आज से पदक पर निशाना लगाएंगे 1200 शूटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में पहली बार होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय शूटिंग रेंज प्रतियोगिता के लिए बुधवार को करीब 400 निशानेबाज ग्रेटर नोएडा पहुंच गए। यहां बृहस्पतिवार से शुरू हो रही प्रतियोगिता में देश-विदेश के 1200 शूटर निशाना लगाएंगे। इनमें बालक व बालिका वर्ग में अंडर-11, 17 व 19 की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिता में शामिल होन के लिए सिंगापुर, मलेशिया, जापान, दुबई आदि से निशानेबाज देर रात्रि ग्रेटर नोएडा पहुंचेंगे।

सेक्टर स्वर्ण नगरी स्थित जेपी पब्लिक स्कूल में 11 से 15 सितंबर तक प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में आठ जोन से सीबीएसई क्लस्टर शूटिंग रेंज प्रतियोगिता के 1200 विजेता भाग लेंगे। इनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज भी शामिल होंगे। उनके साथ 230 ऑफिशियल शिरकत कर रहे हैं। प्रतियोगिता में देशभर से 139 स्कूलों से शूटर भाग ले रहे हैं।

स्कूल की स्पोर्ट्स एचओडी नीरज सिंह ने बताया कि 10 मीटर राइफल और 10 मीटर पिस्टल के 12 इवेंट्स होंगे। प्रतियोगिता में ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग सिस्टम लागू किया गया है। शूटर अपनी सुविधा अनुसार खेलने का समय चुन सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया जा रहा है। शूटर इलेक्ट्रॉनिक टारगेट्स पर निशाना लगाते हुए नजर आएंगे।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में नौवें स्थान पर नोएडा

## 130 शहर सर्वे में शामिल हुए थे, 184.2 अंक हासिल किए, रेकिंग तीन अंक गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2025 में नोएडा का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा। 2024 में तीन से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों में नोएडा छठे नंबर पर रहा था। इस बार तीन पायदान नीचे आकर नौवें स्थान पर पहुंच गया। प्राधिकरण ने रैंक गिरने के बाद कारण तलाशने शुरू कर दिए।

**200 में 184.2 अंक हासिल किए:** मंत्रालय की तरफ से यह सर्वेक्षण देश के मुख्य 130 शहर जो राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकैप) में शामिल हैं, उनके लिए करवाया गया था। इसमें 10 लाख से ज्यादा आबादी, तीन से 10 लाख तक की आबादी और तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी थी। नोएडा दूसरी श्रेणी 3-10 लाख तक की आबादी में शामिल है। इसमें प्राधिकरण की तरफ से 200 अंक का दावा करने के साथ आवेदन किया गया था। दावे के बाद सर्वेक्षण और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से किए गए आकलन में 184.2 अंक हासिल हुए।




**नौ मानकों पर किया गया आकलन:** केंद्र की तरफ से देश के 130 शहरों में यह सर्वेक्षण कराया गया था। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की तरफ से यह सर्वेक्षण केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में करवाया गया। इसमें नौ मानकों पर शहर के दावों का आकलन किया गया।

वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई), जागरूकता कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकैप ) से जारी बजट के उपयोग के मानकों पर बेहतर काम न होना रैंक गिरने की वजह मानी जा रही है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# 13 घंटे तक बिजली ठप होने से पानी को तरसे लोग

## जेई पर लगाया लापरवाही का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** बुधवार की सुबह पॉच से शाम करीब छह बजे तक क्षेत्र के चौसाना,खोडसमा,टोडा,भोगीमाजरा व दथेडा बिजली उपकेन्द्र के 50 से अधिक गावों मे बत्तीगुल रही।करीब 13 घंटे तक आपूर्ति की समस्या से दो चार हुए नागरिको को जीना मुहाल हो गया। पीने के पानी की समस्या,गर्मी मे बच्चो का बिलखना व पशुओं के लिए चारा व अन्य दैनिक जरूरतो मे लोगो को मुश्किलो को सामना करना पडा है। आरोप है कि विद्युत उपकेन्द्र चौसाना पर फोन कर समस्या जाननी चाही लेकिन फोन रिसीव नही हो सका।





शामली शामला 132/33 केवीए बिजलीघर मे फाल्ट, तेज हवा व चौसाना उपकेन्द्र मे फाल्ट के चलते 13 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसने लोगो को बरसात के दिनों में भीषण गर्मी की याद को ताजा कर दिया। आपूर्ति बाधित होने की समस्या से लोगो को पीने के पानी की समस्या पैदा कर दी और पशुओं को चारा भी समय से नही मिल सका। लोगो पुराने समय की तरह सरकारी नलो से पानी भरते नजर आए। अधिकारियों ने बताया कि तेज हवा होने के कारण बार बार लाइनों मे फाल्ट हो रहा था,क्योकि लोगो ने हाईटेंशन लाइन के नीचे पेड लगाए हुए है,जो तेज हवा मे लाइन से टकराते है। वही दूसरी ओर शामली शामला बिजलीघर व चौसाना बिजली उपकेन्द्र पर तकनीकी समस्या भी बिजली आपूर्ति बाधित होने मे मुख्य कारण बनी।

बिजली आपूर्ति की समस्या होने पर लोगो ने बिजली घर पर फोन किया लेकिन आरोप है कि उनका फोन नही उठाया गया।

लोगों का कहना है कि उनकी शिकायतें बार-बार दर्ज कराने के बावजूद जेई न तो फोन उठाते हैं और न ही मौके पर पहुंचकर समाधान की कोशिश करते हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि अकबर आजम का रवैया अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना, लाप.रवाह और तानाशाही भरा है। लोगों का कहना है कि वह जनता की पीड़ा को गंभीरता से लेना तो दूर, उल्टा उपभोक्ताओं की उपेक्षा करते हैं।बिजली की अनियमित आपूर्ति के चलते घरों में पानी तक नहीं भर पाता, जिससे लोग पीने के पानी के लिए तरस जाते हैं। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

# शातिर चोर गिरफ्तार लाखों के मोबाइल बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गंगेरू मार्ग से एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए चोर के कब्जे से लाखों रूपए कीमत के चार मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

मंगलवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि कस्बे के गंगेरू मार्ग पर यूनिक इंटर कॉलेज के निकट एक चोर चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंचकर यूनिक इंटर कॉलेज के पास खड़े एक संदिग्ध युवक की घेराबंदी करते हुए हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस ने पकड़े गए शातिर चोर के कब्जे से चोरी किए गए लाखों रूपए कीमत के चार मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोर ने बताया कि उसने एक मोबाइल कस्बे के मोहल्ला खेल व तीन मोबाइल अलग-अलग स्थानों से चोरी किए हैं।पुलिस पूछताछ में पकड़े गए शातिर चोर ने अपना नाम नवीन पुत्र महिपाल निवासी मोहल्ला शेखजादगान निवासी कांधला बताया है। पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़ा गया चोर शातिर किस्म का चोर है। पकड़े गए चोर के खिलाफ पहले भी चार मुकदमे पंजीकृत हैं। पकड़े गए चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।



# मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** एसपी शामली एन पी सिंह के आदेश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार अपने हमराह सिपाहियों के साथ कस्बे के बड़ी यमुना नगर पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रोककर पूछताछ की तो युवक कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। तलाशी लेने पर पकड़े गए युवक के कब्जे से 350 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस आरा.ेपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नईम पुत्र बाबू निवासी सलेमपुर रोड कांधला बताया है।पुलिस ने पकड़े गए आरा.ेपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर बुधवार को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर के कब्जे से चरस बरामद हुई थी।

# एकता ने पाया प्रदेश स्तरीय प्रति. में प्रथम स्थान



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा एकता ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय एवं जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा 6 सितंबर को संस्कृत भवन लखनऊ मेंआयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जनपदों से चयनित 36 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में एकता ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए 11 हजार की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय आने पर छात्रा का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि यह सफलता विद्यालय की शिक्षा-व्यवस्था एवं बालिका के कठिन परिश्रम का प्रतिफल है। मौके पर कविता, गीता, उपासना, मोनिका, वंदना, अनीता, नीलम, संजीव कुमार, संदीप कुमार, कपिल कुमार, मोहित कुमार, विकास, रवि आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** मजदूरी से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक की बाइक में सामने से आ रही बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां से गंभीर हालत के चलते घायल को शामली के बाद मेरठ रेफर किया गया है। जहां युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। थाने पहुचे पीड़ित महबूब पुत्र जमशेद निवासी गांव गुराना थाना गढ़ीपुख्ता ने तहरीर दी कि पीड़ित का पुत्र सावेज ग्राम भैसवाल में राज मिस्त्री का कार्य करता है । जो गत 08 सितम्बर को करीब 11 बजे काम से वापस अपने घर आ रहा था । जैसे ही सावेज नया गांव काजीपुरा के पास पंहुचा तो गांव के मोड़ से आ रही मोटर साइकिल सवार ने सावेज को टक्कर मार दी। जिससे सावेज को काफी चोट आई है। सुचना पर पुलिस व परिजनों ने सावेज को थानाभवन सरकारी मे ले गया जहा डाक्टरो ने उसे शामली सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया । लेकिन सावेज की बहालत को देखते हुए शामली अस्पताल से भी सावेज को मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है जहां पर सावेज का इलाज चल रहा है । सावेज की हालत बहुत नाजुक बनी है । पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दिए हैं।

## भूकंप व अन्य आपदाओं से निपटने के लिए होगा मॉक ड्रिल

**हापुड़।** ज़िलें में भूकंप और अन्य आपदाओं से निपटने के लिए एक बड़ा मॉक ड्रिल आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर हो रहे इस अभ्यास में सभी प्रमुख सरकारी विभाग हिस्सा ले रहे हैं। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। यह ड्रिल केवल भूकंप तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें अग्निकांड जैसी आपातकालीन स्थितियों को भी शामिल किया गया है। यह अभ्यास तीन चरणों में विभाजित है।

# अब्दाननगर से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी गई सप्ताह में दूसरी बार खाद्य सामग्री



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिडौली।** गांव अब्दाननगर में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए खाद्य सामग्री एकत्रित की गई और उसको आज बुधवार को पंजाब के लिए रवाना किया गया है। वहीं जानकारी देते हुए इरफान मिस्त्री ने बताया कि अब्दाननगर गांव में भी आज बुधवार को पंजाब के बाढ़ ग्रस्त पीड़ितों के लिए खाद्य सामग्री इकठा की गई। और खाद्य सामग्री को पंजाब के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर नाजिम अल्वी मुशर्रफ अल्वी मुंशाद अल्वी वाजिद अल्वी मोनू पंवार आदि के सहयोग से पूरे गांव अब्दाननगर के समस्त ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नाजिम अल्वी ने बताया कि खाद्य सामग्री में पानी की बोतलें 25 कोंटल अनाज 11000 रूपए खाद्य सामग्री भेजी गई है। अब से पहले भी बीते सोमवार को अब्दाननगर के उल्हेनी में बाढ़ पीड़ितों के लिए अब्दाननगर के उल्हेनी में पूर्व प्रधान राजबहादुर व परविंदर बीडीसी सदस्य पारूल कश्यप जयसिंह कश्यप आदि के द्वारा खाद्य सामग्री भेजी गई थी जिसमें 11000 रूपए 15 कोंटल अनाज आटा चने आदि शामिल थे। मुबारिक अली पत्रकार ने बताया कि हमारे गांव अब्दाननगर में से एक सप्ताह के अंदर पूरे गांव अब्दाननगर के लोगों के द्वारा लगभग 40 कोंटल अनाज ओर 22 हजार रूपए 2 कोंटल आटा आदि बाढ़ पीड़ितों को भेजकर मानव हित में बहुत बड़ा योगदान दिया है वहीं पंजाब के सेवादारों ने सभी गांव वासियों का आभार व्यक्त किया है।

# पठानपूरा में रामलीला का उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** रामलीला ड्रामाटिक क्लब पठानपूरा की ओर से गांव में बुधवार की रात्रि से 19वीं राम लीला मंचन का उद्घाटन किया गया। रामलीला का उद्घाटन गन्ना समिति के पूर्व चौयरमैन द्वारा फीता काटकर किया गया। रामल.ीला पूरे सितम्बर माह तक प्रतिदिन रात्रि 9 से 12 बजे तक चलेगी।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान सर्वदेव का पूजन किया गया और महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्य और कलाकार शामिल हुए। इसके बाद गन्ना समिति के पूर्व चौयरमैन व जिला पंचायत प्रत्याशी नवाब सिंह ने बतौर मुख्यातिथि उद्घाटन किया। मुख्याअतिथि के रूप में नवाब सिंह ने ही पर्दारोहण की रस्म अदा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी के प्रधान विनोद कुमार सैनी ने की। रामलीला के पहले दिन क्लब के पुराने सहयोगियों ने भी आरती में शिरकत की। नवाब सिंह ने कहा कि रामल.ीला ड्रामेटिक क्लब पठानपूरा हमारें महापुरूषों और सभ्यता का आगे बढाने का काम कर रहा है और कलाकर अपनें रोमांचक अभिनय के बल पर क्षैत्र का नाम रोशन कर रहे है। रामलीला के मे नारद मोह का मंचन किया गया। जिसमें क्लब के कलाकार भगवान राम का पाठ अंकित सैनी,लक्ष्मण का पाठ रोकी सैनी,रावण का पाठ विकास कुमार,जनक का विनोद कुमार,दशरथ का सोमपाल,मुनी का राजकुमार ने अभिनय किया। रामलीला मंचन के बीच-बीच में नर्तकियों द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर विनोद प्रबंधक,सुरेश्र,मास्टर दरियाव सिंहं,राजकुमार,योगेन्द्र सैनी,नीरज सैनी,समेर.चंद,रविंद्र सैनी,मनीष कुमार,हसन प्रधान,बग्गू सहित बड़ी संख्या में दर्शकों ने रामलीला देखते हुए जय राम के जयकारे लगाए।

# तीन जनपदों के सैकड़ों प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विभागीय विज्ञान मेला-2025 आयोजित किया गया। जिसमें तीन जनपदों से कुल 9 विद्यालयों के 184 प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

बुधवार को कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष चन्द्रदेव धीमान ने की। यह प्रतियोगिता रसायन विज्ञान के प्रवक्ता योगेन्द्र कुमार के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

इसके बाद विज्ञान प्रदर्शन, विज्ञान प्रश्नमंच, आचार्य विज्ञान पत्र प्रस्तुति एवं विज्ञान प्रयोगात्मक प्रतियोगिताएं क्रमशः बाल वर्ग, किशोर वर्ग तथा तरूण वर्ग में देर शाम तक सम्पन्न हुई। जिसमें मुजफ्फरनगर विभाग के तीन जनपदों से विद्या भारती से सम्बद्ध 9 विद्यालयों के 184 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें विज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बाल वर्ग, किशोर वर्ग, तरूण वर्ग में क्रमशः स्टार पेपर मिल सरस्वती विमंइकॉ, सहारनपुर, भागवन्ती सविमंइकॉ, मु.नगर, स्टार पेपर मिल सरस्वती विमंइकॉ, सहारनपुर ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। आचार्य विज्ञान पत्र प्रस्तुति प्रतियोगिता में लाला जगदीश प्रसाद सविमंइकॉ, मु।नगर के आचार्य पुनीत कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रयोगात्मक प्रतियोगिता में बाल वर्ग एवं किशोर वर्ग में क्रमशः स्टार पेपर मिल सरस्वती विमंइकॉ, सहारनपुर ने प्रथम स्थान, तथा तरूण वर्ग में भौतिक विज्ञान तथा जीव विज्ञान प्रयोगात्मक प्रतियोगिता में सरस्वती बालिका विमंइकॉ, शामली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता में मुख्य अतिथियों के कर कमलों से विजई छात्रों को मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर तथा निर्णायकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




# नगर पंचायत में स्वच्छता अभियान के तहत वार्डों का निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में नगर पंचायत थानाभवन में सोर्स सेग्रीगेशन एवं होम कम्पोस्टिंग हेतु मोहल्ला समिति, स्वच्छ वार्ड प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को मण्डल कार्यक्रम प्रबंधक जसलीन जुनेजा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रमेश कुमार शुक्ला एवं नगर पंचायत टीम ने वार्ड संख्या 09 व 10 का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान टीम ने वार्डवासियों से संवाद स्थापित कर कूड़ा पृथक्करण, गीले कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया, एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही स्वच्छता संबंधी शिकायतों हेतु टोल फी नंबर 1533 तथा सेफ्टी टैंक की सफाई के लिए टोल फी नंबर 14420 की जानकारी भी दी गई।वार्ड संख्या 09 स्थित लाल मस्जिद में वार्डवासियों के साथ बैठक कर स्वच्छता के महत्व एवं होम कम्पोस्टिंग की जानकारी दी गई।डोर-टू-डोर कैंपिंग टीम ने घर-घर जाकर कूड़ा संग्रहण प्रणाली का निरीक्षण किया और लोगों को गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया।वार्ड 09 व 10 में निवासियों द्वारा बनाए जा रहे खाद निर्माण की प्रक्रिया को देखा गया और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें सफाई मित्रों को डोर-टू-डोर कलेक्शन, नियमित सफाई व्यवस्था, पार्कों व नालों की सफाई, RRR सेंटर संचालन एवं सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य करने की ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में मण्डल कार्यक्रम प्रबंधक जसलीन जुनेजा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रमेश कुमार शुक्ला, ब्रांड एम्बेसडर इमरान राजा, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष अशरफ अली द्धसभासदत्र्न, सदस्य इंतजार, नगर पंचायत से संजय कुमार द्धलिपिकत्र्न, मनीष कुमार शर्मा (स्वच्छता प्रभारी), फैजान उमर पाशा सहित सफाई मित्र व वार्डवासी मौजूद रहे। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा एवं अध्यक्ष मुशयदा के निर्देशन में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और नगर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाना है।

## पत्रकार ने पिता की हत्या की आशंका जताई

**अमरोहा।** पत्रकार ने अपने पिता की ट्रेन से फेंककर हत्या किये जाने की शंका जताते रेल मंत्री समेत अधिकारियों को पत्र भेजकर जांच कराने की मांग की है। बताते चलें कि चार सितम्बर को नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव बीलना निवासी बुजुर्ग हैदर अली कलियर शरीफ से धार्मिक यात्रा कर घर

# मेले में दंगल का दूसरा दिन, चेयरमैन जाहिर मलिक रहे अतिथि

शाह टाइम्स संवाददाता

**थाना भवन।** मेला गुलाल में चल रहे दंगल का दूसरा दिन मंगलवार को बड़े ही उत्साह के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जलालाबाद नगर पंचायत चेयरमैन जाहिर मलिक ने किया। इस मौके पर उन्होंने पहलवानों को प्रोत्साहित करते हुए 5100 रूपए की प्रोत्साहन राशि भेंट की।दंगल में कई रोचक मुकाबले देखने को मिले।जिसमे पहली कुश्ती जावेद पहलवान कैराना और शाकिर पहलवान भैसानी के बीच हुई, जिसका इनाम 1500 रूपए रखा गया। दूसरी कुश्ती फैज पहलवान जलालाबाद और शिव पहलवान गढ़ी के बीच हुई, जिसमें विजेता को 1100 रूपए का इनाम मिला।तीसरी कुश्ती कल्लू पहलवान कैराना और रोहित पहलवान गढ़ी के बीच हुई, जिसका इनाम 500 रूपए रखा गया। चौथी कुश्ती शांतनु जलालाबाद और वंश गढ़ी के बीच हुई, जिसका इनाम 500 रूपए था।पांचवी कुश्ती शावेज जलालाबाद और देव गढ़ी के बीच हुई।छठी कुश्ती शुएब झाड़वन और वर्ण गढ़ी के बीच हुई। दंगल देखने के लिए भारी संख्या में ग्रामीण व खेल प्रेमी मौजूद रहे और उन्होंने पहलवानों का हौसला बढ़ाया। दंगल कमेटी से सगीर राणा, सऊद राणा, रिजवान राव, नावेद राणा, खलीफा अनीस कुरैशी, साजिद मलक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, तीन घायल

**कांधला।** कस्बे के एलम बाईपास मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।बाइक के डिवाइडर से टकराने से बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने तीनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने तीनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। कस्बे के बिजली घर रोड निवासी अरमान अपने साथी साकिब व रिहान के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से बड़ौत जा रहे थे, जैसे ही तीनों युवक एलम बाईपास पर पहुंचे तो बाइक के अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। बाइक के डिवाइडर से टकराने से तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को देने के साथ 108 एंबुलेंस को दी।सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने तीनों घायलों को कस्बे की राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने तीनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक तीनों घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई थी।

# विधान परिषद अध्यन समिति के सभापति को दिलाई गई शपथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**थाना भवन।** विधान सभा से विधायक रहे पूर्व विधायक वरिष्ठ समा.जवादी नेता किरणपाल कश्यप को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा पार्टी के प्रति वफादारी का इनाम देते हुए एमएलसी बनाया गया था! उनकी सक्रियता को देखते हुए हाल ही मे उनको विधान परिषद अध्यन समिति का सभापति बनाया गया था। बुधवार को विधान परिषद सभा पति मानवेन्द्र सिंह ने उनको अध्यन समिति से सभापति के रूप मे शपथ दिलाई है। जिनका कार्यकाल एक वर्ष का होने वाला है। विदित हो की एमएलसी एवं पूर्व मंत्री किरणपाल कश्यप ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के समय मे पूर्व मुख्यमंत्री एवं रक्षा मंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के सानिध्य मे राजनीति की शुरूवात की थी। समाजवादी पार्टी के स्थापना के समय किरणपाल कश्यप ने मुलायम सिंह के साथ समाजवादी पार्टी का दामन थामा था ओर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पार्टी के प्रति सच्ची वफादारी के चलते समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भी उनको भरपूर सम्मान व इनाम दिया! एक साधारण से परिवार मे जन्मे किरणपाल कश्यप को स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने उनको थानाभवन विधान सभा से चुनाव लड़ाकर जिताने व मत्री बनाने का काम किया था! ओर अब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किरणपाल कश्यप को विधान परिषद सदस्य बनाकर उनका सम्मान बढ़ाने का काम किया है। इस बारे मे जब एमएलसी एवं विधान परिषद अध्यन समिति सभापति किरणपाल कश्यप से बात की गई तो उन्होंने बताया की उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति का हर दौर देखा है! मगर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा समाजवादी पार्टी ही उनके लिए सब कुछ है! जितना सम्मान पार्टी व उसके नेताओं के द्वारा उनको दिया गया है किसी ओर दल मे संभव ही नहीं है! उनकी आखरी इच्छा यही है जब वह इस दुनिया से जाए तो समाजवादी पार्टी के झंडे मे लिपटकर ही जाए।




# स्काउट गाइड कैम्प में छात्र-छात्राओं ने सीखा फूड प्लाजा और फर्स्ट एड

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में स्काउट गाइड शिविर में छात्र छात्राओं ने फूड प्लाजा, फर्स्ट ऐड, विभिन्न प्रकार की गांठ बांधना तथा सेवा कार्य सीखे। शिविर में डीओसी गाइड गीता रानी ने छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए।

प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में छात्र छात्राऐ अनुशासन एवं अनेक प्रकार के सेवा कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त कर जीवन में अच्छे नागरिक बनते हैं। फर्स्ट ऐड में आज छात्र छात्राओं नें प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें डॉक्टर के आने से पूर्व घायल व्यक्तियों की सहायता करना, जिससे कि घायल व्यक्ति के जीवन की रक्षा की जा सके। जिसमें दो हाथों का, तीन हाथों का तथा चार हाथों का स्ट्रेचर बनाना, दो लाठी और रूमाल या रस्सी से स्ट्रेचर बनाना आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। फूड प्लाजा के अन्तर्गत छात्र छात्राओं ने अतिथि सत्कार, भोजन बनाना एवं परोसना सीखा। भोजन बनाने में रोटी, दाल चावल, ब्रैड तथा आलू के पकौडे और विभिन्न प्रकार के मिष्ठान आदि बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुशील गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, एनके कंसल, गायत्री देवी, अनिल कश्यप, छवि शर्मा आदि मौजूद रहे।



# जॉली एलएलबी-3 के प्रमोशन के लिए मेरठ पहुंचे अक्षय-वारसी

## जज त्रिपाठी 'सौरभ शुक्ला' भी रहे मौजूद, 19 सितंबर को फिल्म होगी रिलीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक हाजिर है, जब जॉली रेंचाइजी का जादू फिर से बड़े पर्दे पर लौट रहा है। इस बार पहली बार एक ही अदालत में आमने-सामने होंगे, अक्षय कुमार का जॉली मिश्रा और अरशद वारसी का जॉली त्यागी। भिड़ंत ऐसी होगी कि बनेगी अदालत का इतिहास! बीच में फंसे हुए होंगे जज त्रिपाठी (सौरभ शुक्ला) व ड्रामा को और तड़का लगाने आएंगे ह्यूमा कुरैशी, अमृता राव और गजराज राव। जॉली एलएलबी 3 वही हँसी, वही मस्ती और वही टेंशन वापस लाती है जिसने इस फ्रेंचाइजी को आइकॉनिक बनाया था। स्टार स्टूडियो18 के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन सुभाष कपूर ने किया है और यह भारत व दुनियाभर में 19 सितम्बर 2025 को रिलीज होगी। अक्षय कुमार बोले कि जॉली मिश्रा बनकर वापस आना मेरे लिए बहुत खास सफर रहा लेकिन असली मजा तो तब है जब अदालत में सामने बैठा हो दूसरा जॉली अरशद का जॉली त्यागी। हमारी नोकझोंक, कॉमेडी और टकराव ने हर सीन को अनप्रेडिक्टेबल बना दिया। ट्रेलर तो बस झलक है असली धमाका 19 सितम्बर से सिनेमाघरों में शुरू होगा।

अरशद वारसी ने कहा कि जॉली त्यागी से ही ये सफर शुरू हुआ था। सालों बाद इस किरदार से मिलना ऐसा है जैसे किसी पुराने दोस्त से टकरा जाओ बस इस बार उस दोस्त से अदालत में भिड़ना भी पड़ेगा। कॉमेडी, तकरार और दिल छू लेने वाले पलों से भरा ये मुकाबला लोगों को खूब मजा देगा।

सौरभ शुक्ला बोले 'जज त्रिपाठी मेरा सबसे प्यारा किरदार रहा है लेकिन इस बार जज के लिए मुसीबत भी डबल है - एक ही अदालत में दो-दो जॉली! हंगामा, कॉमेडी और ड्रामा सब कुछ लेवल-अप हो गया है। दर्शक खूब हँसेंगे और साथ ही जज की मुश्किलों से भी जुड़ पाएंगे। निर्देशक सुभाष कपूर बोले, जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी की खासियत हमेशा हँसी और समाजिक मुद्दे का सही बैलेंस रही है। इस बार चुनौती दोनों जॉली को एक ही कहानी में लाना थी। अक्षय और अरशद की एनर्जी इतनी अलग है कि अदालत सचमुच आइडियोलॉजी और पर्सनैलिटी का युद्धक्षेत्र बन जाती है। आलोक जैन (जियोस्टार) बोले कि जॉली एलएलबी-3 सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि समाज का आईना भी है। इस बार का टकराव सबसे बड़ा और सबसे भावुक है। हमारे लिए भी ये फिल्म खास है क्योंकि ये स्टार स्टूडियो18 के नए रूप में पहली थिएटर रिलीज है, और हमारी सोच का आईना, बड़े पैमाने की, किरदारों में जमी हुई और पूरे भारत से जुड़ने वाली कहानियाँ है।

ट्रेलर अब पूरे देश में लाइव है और दर्शक पहले ही टीम जॉली मिश्रा बनाम टीम जॉली त्यागी में बंट चुके हैं लेकिन असली फैसला तो 19 सितम्बर को होगा, जब जॉली एलएलबी 3 सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### कलाकारों ने अपने अंदाज में दिए सवालों के जवाब

मेरठ पहुंचे बॉलीवुड के खिलाड़ी और जॉली एलएलबी के ऑरिजनल वर्जन अरशद वारसी से जब पत्रकारों ने सवाल पूछे तो उन्होंने मेरठी अंदाज में उनके जवाब दिए वहीं जब दैनिक शाह टाइम्स के संवाददाता शाहवेज खान ने जॉली एलएलबी-3 के कोर्ट रूम से जुड़ा सवाल पूछा कि दोनों वकीलों में कौन-कौन किस पर कोर्ट रूप में भारी पड़ा इस पर अक्षय कुमार ने हंसते हुए कहा कि अगर कोर्ट रूम की बात यहीं बता दी तो फिल्म देखने कौन जाएगा इसलिए आप फिल्क देखकर आईए और बताना कौन किस पर भारी पड़ा। इसके बाद फिल्म में जज बने सौरभ शुक्ला ने कहा कि मेरठ एक शानदार शहर है यहां की नानखटाई बहुत मशहूर है। वहीं अरशद वारसी ने भी कहा कि जॉली एलएलबी-3 में काम करके बहुत अच्छा लगा यह फिल्म दर्शकों को बहुत पसंद आएगी।

# मजबूत पैरवी हो तो दलित को भी मिलता है इंसाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यह कहना गलत होगा कि भारत का कानून कमजोर है, अगर पैरवी मजबूत हो तो दलित को भी इंसाफ मिलता है। बुधवार को एससी/एसटी कोर्ट से थाना फलावदा के 2010 से लम्बित एक मामले में न्यायाधीश असलम सिद्दीकी ने दो वर्ष व पांच हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। हालांकि नियमानुसार बेल मिल गई है लेकिन पिछले 100 दिनों में इस कोर्ट से चार मामलों में सजा हुई है जिसमें दो दुष्कर्म के मामले है, एक हत्या का मामला है और एक साधारण धमकाने का मामला है। इस अवधि में एक दर्जन मामले समझौते के आधार पर निर्णित हुए हैं। अगर पैरवी हो तो सजा हो सकती है।

## छह माह की समीक्षा: मेरठ रेंज में ऑपरेशन विवेचना

# डीआईजी ने की मेरठ सर्किल की सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने छह माह से चल रहे ऑपरेशन विवेचना अभियान की समीक्षा की तो साफ हुआ कि कुछ सर्किलों ने रिकॉर्ड बेहतर किया, तो कुछ और पीछे चले गए। 28 फरवरी से एक सितंबर तक के आंकड़े बताते हैं कि बुलंदशहर का स्याना सर्किल 169 से घटकर 132 लंबित विवेचनाओं पर पहुंचा। सिकन्द्राबाद ने भी 384 से घटाकर 307 कर दिया। वहीं मेरठ का सिविल लाइन सर्किल 269 से घटकर 219 पर आ गया। गढ़ सर्किल हापुड़ ने भी 166 से घटाकर 142 तक विवेचनाएं निस्तारित कीं। डीआईजी ने इन प्रयासों को सराहनीय बताया।

### कौन से सर्किल रहे फिसड्डी

दूसरी ओर, बागपत सर्किल 278 से बढ़कर 332 पर पहुंच गया। मेरठ का ब्रह्मपुरी सर्किल 212 से बढ़कर 244 और दौराला सर्किल 321 से बढ़कर 356 पर जा पहुंचा। डीआईजी ने इन इलाकों के अफसरों को सख्त हिदायत दी है कि तेजी लाएं, वरना कार्रवाई तय है।

### डीआईजी का कड़ा संदेश

डीआईजी नैथानी ने साफ कहा कि निरीक्षक और उपनिरीक्षक पर्याप्त संख्या में तैनात हैं, इसके बावजूद कुछ जगह निस्तारण संतोषजनक नहीं है। इसका सीधा मतलब है कि क्षेत्रधिकारी स्तर पर पर्यवेक्षण कमजोर है। इसी क्रम में बागपत नगर सर्किल पेशी कार्यालय की कार्यशैली ढीली मिलने पर वहां के कर्मियों को हटा दिया गया और उन्हें थानों की बीट ड्यूटी पर भेज दिया गया। नैथानी का फोकस लंबित विवेचनाओं की तेजी से निपटान और अफसरों की जवाबदेही तय करना है।

# शोभित विवि में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान एवं मानव व्यवहार केंद्र द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने एवं आत्महत्या रोकथाम के संदेश को समाज तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक रहा, जिसमें छात्रों ने आत्महत्या के कारणों, लक्षणों और रोकथाम के उपायों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज न किया जाए और समय पर सही सहयोग व परामर्श प्राप्त किया जाए। इसके अतिरिक्त पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, नारा लेखन तथा शपथ ग्रहण जैसी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व को और गहराई से अनुभव किया। मनोविज्ञान एवं मानव व्यवहार केंद्र की ओर से कहा गया कि हमारा उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को आत्महत्या की रोकथाम के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए प्रेरित करना है। हमें विश्वास है कि ऐसे कार्यक्रम हमारे छात्रों और कर्मचारियों को जीवन की चुनौतियों का सामना सकारात्मक दृष्टिकोण से करने के लिए सक्षम बनाएंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने आत्महत्या की रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य को अपने जीवन में प्राथमिकता देने की शपथ ली। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. वी. के. त्यागी, प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर जयानंद, डीन एकेडमिक डॉ. अशोक गुप्ता, निदेशक डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. दिव्या प्रकाश, मनोविज्ञान एवं मानव व्यवहार केंद्र की कोऑर्डिनेटर डॉ. दीप्तिशिखा टोंक, कौशा एवं निकिता एवं छात्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शोभित के छात्रों का प्रो-डेस्क आईटी इंजीनियरिंग एंड सर्विसेज में चयन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत में प्रो-डेस्क आईटी इंजीनियरिंग एंड सर्विसेज कंपनी के प्री-प्लेसमेंट प्रेजेंटेशन से हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. अभिषेक कुमार डबास ने कंपनी के अतिथियों सीनियर एचआर मैनेजर नकुल कुमार , एवं काजल सिंह का हार्दिक स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक पटका भेंट कर किया। इसके पश्चात आयोजित चयन प्रक्रिया में बी.टेक, बीसीए, एमसीए एवं एमबीए कार्यक्रमों के प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया। चयनित छात्रों को फुल स्टैक डेवलपर, फंटएंड डेवलपर, जावा डेवलपर, पाइथन डेवलपर एवं एचआर एग्जीक्यूटिव जैसे प्रतिष्ठित पदों पर नियुक्त किया गया। चयन प्रक्रिया में छात्रों को तकनीकी परीक्षा, समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसे कई चरणों से गुजरना पड़ा। अंतत: चयनित छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। इस सफलता पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका चयन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की सतत मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण का परिणाम है। प्लेसमेंट ड्राइव के संयोजक एवं विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. अभिषेक कुमार डबास ने कहा कि आज के सफल आयोजन के साथ शोभित विश्वविद्यालय ने औपचारिक रूप से प्लेसमेंट सत्र 2026 का शुभारंभ कर दिया है। हमें गर्व है कि प्रतिष्ठित कंपनियां लगातार हमारे परिसर तक पहुंच रही हैं और हमारे तकनीकी,विधि, एग्रीकल्चर एवं प्रबंधन संकाय के विद्यार्थी पूरी तरह तैयार हैं, ताकि वे उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए अपनी योग्यता और कौशल से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। विश्वविद्यालय का निरंतर प्रयास है कि छात्रों को न केवल शिक्षा बल्कि ऐसा व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाए जो उन्हें वास्तविक कॉर्पोरेट दुनिया में तुरंत स्थापित कर सके। इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) वी.के. त्यागी ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस सफल आयोजन में विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. नवीन, डायरेक्टर कंप्यूटर साइंस प्रो. (डॉ.) निधि त्यागी, प्रो. विजय माहेश्वरी,डॉ. राजीव कुमार, रूपाली कनौजिया डॉ. नितिन एवं हर्षित का विशेष सहयोग रहा, जिनके प्रयासों से यह प्लेसमेंट ड्राइव सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## अलेक्जेंडर एथलेटिक क्लब चुनाव

# क्लब में नए युग का परिवर्तन लाना हमारा मकसद: जेपी अग्रवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अलेक्जेंडर एथलेटिक क्लब के द्विवार्षिक चुनाव के संदर्भ में परिवर्तन परिवार टीम ने आज एक विशेष सभा का आयोजन अपने कैंप कार्यालय साकेत मेरठ पर किया। इस अवसर पर टीम परिवर्तन परिवार ने अपने घोषणा पत्र जारी करते हुए स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य 'सदस्यों के लिए, सदस्यों द्वारा, और सदस्यों का' कार्य करते हुए क्लब में एक नए युग का परिवर्तन लाना है। इस दौरान परिवर्तन परिवार के पदाधिकारीयों में जे.पी. अग्रवाल उपाध्यक्ष, संजय कुमार सचिन, राहुल दास, कोषाध्यक्ष व कार्यकारणी में अंशुल अग्रवाल अनुपम गुप्ता, सीए कमल अग्रवाल करण अरविन्द जैन (लाली), निमिष खेत्रपाल (निशु) जय शंकर की, ओम रस्तोगी (सुधीर रजबन), राम कुमार गुप्ता (खेमा) आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार दोपहर सरधना बिनौली मार्ग पर द्रोण हास्पिटल के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों ने उपचार के लिए सीएचसी सरूरपुर में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। गाजियाबाद निवासी विवेक बाइक पर सवार होकर बिनौली की तरफ से सरधना की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह द्रोण हॉस्पिटल के निकट पहुंचा तो अचानक पीछे से तेजगति से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मारकर रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल हुए विवेक को राहगीरों ने तुरंत सरूरपुर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जहां उसकी हालत चिंतजनक बनी हुई है।

# टायर व्यापारी ने जान का खतरा बताकर पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना के एक टायर व्यापारी ने अपने पुत्रों पर सम्पत्ति के लिए हत्या करने की आशंका जताई है। उसने थाने में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। मोहल्ला मंडी चमारान निवासी ललित कुमार गुप्ता ने बताया कि बिनौली रोड पैट्रोल पम्प के निकट उकना टायर का शोरूम है। ललित ने बताया के उसके दो पुत्र व पत्नी उसकी जान की दुश्मन बने हुए हैं। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे वह अपने शोरूम पर बैठा हुआ था। इसी बीच दोनों पुत्र व पत्नी वहां आ गए। उन्होंने आते ही उसे जबरन वहां से उठाकर तहसील चलने के लिए कहा। जहां वे जबरन सारी सम्पत्ति अपने नाम कराना चाहते हैं। मना करने पर उनके साथ मारपीट की गई और ऐसा न करने पर हत्या की धमकी दी। ललित के अनुसार पुत्रों द्वारा दी गई धमकी के बाद से वह नंगली स्थित आश्रम में रह रहा है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर पुलिस को मामले से अवगत कराया और जान माल की सुरक्षा व पुत्रों और पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई थी।

# जीएसटी में राहत का व्यापारियों ने जताया आभार प्रभारी मंत्री के सामने रखीं पांच प्रमुख समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर के तीन लाख व्यापारियों ने जीएसटी स्लैब में मिली राहत के लिए केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। व्यापारियों ने कहा कि इस फैसले से बड़ी राहत मिली है, लेकिन शहर की कई गंभीर समस्याएं अब भी अनसुलझी हैं जिसको लेकर एक ज्ञापन प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह को सौंपा है। जिसमें व्यापारियों ने मांग की कि लम्बित पड़े शस्त्र लाइसेंस जल्द जारी किए जाएं। साथ ही शारदा रोड और खैरनगर दवा बाजार की टूटी सड़कें तथा सूरजकुंड श्मशान भूमि की ओर जाने वाली पुलिया का निर्माण तत्काल कराया जाए। उन्होंने बताया कि टूटी सड़कों के कारण व्यापारियों और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा रात 11 बजे दुकानों और रेस्टोरेंट को बंद कराने के आदेश पर आपत्ति जताई गई। व्यापारियों ने कहा कि दूध, बेकरी और रेस्टोरेंट का काम देर से शुरू होता है, इसलिए समय सीमा रात 12 बजे तक बढ़ाई जाए और बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन क्षेत्र के ढाबों को मुक्त रखा जाए। व्यापारियों ने पुलिस द्वारा बाहरी नम्बरों की गाड़ियों की चेकिंग के नाम पर किए जा रहे उत्पीड़न पर भी रोक लगाने की मांग की। साथ ही रेपिड रेल व मेट्रो कार्य से प्रभावित सड़कों के गड्ढे तुरंत भरवाने की अपील की। इस अवसर पर अरुण वशिष्ठ, अजय गुप्ता, दलजीत सिंह, कमल ठाकुर, रजनीश कौशल अशोक रस्तोगी, राजीव गोयल आदि उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज में महिला मरीज को कुर्सी पर बैठाकर लगा दी ऑक्सीजन

## वार्ड में खाली बेड होने के बाद भी मरीज का कुर्सी पर बैठाकर किया ट्रीटमेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेडिकल कॉलेज अपनी अव्यवस्था को लेकर हमेशा चर्चा में रहता है। अस्पताल में कभी डाक्टर नहीं होते तो कभी डाक्टर की लापरवाहियों से मरीजों की मौत हो जाती है। ऐसा ही मामला एक बार फिर सामने आया जहां मेडिकल कॉलेज में एक मरीज को कुर्सी पर बैठा कर ऑक्सीजन लगा डाली।

आपको बता दे कि मेरठ के थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के कांच का पुल की रहने वाली मुन्नी अपना इलाज कराने मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां उनके तीमारदारों ने अस्पताल पर आरोप लगाए हैं कि अपने मरीज को इमरजेंसी में भर्ती करने को लेकर करीब दो घंटे से इंतजार कर रहे थे। लेकिन बेड खाली होने के बाद भी मरीज को बेड नहीं दिया गया। उसका इलाज कुर्सी पर बैठा कर शुरू कर दिया। मरीज की बेटी ने बताया की कागजी कार्रवाई के बाद भी उन्हें बेड नहीं दिया गया प्रबंधक ने उनसे यह बोला कि खाली पर्चा बनवाने से बेड नहीं मिलता फाइल बनवाने के बाद बेड मिलेगा। मेडिकल कॉलेज का यह कोई पहला मामला नहीं बल्कि इससे पहले भी कई मरीजों के साथ ऐसी हरकत की गई हैं। इस स्थिति के बाद भी प्रबंधन और उच्च अधिकारी ऐसे लापरवाह पर कार्रवाई नहीं करते।

# कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मंगलवार की देर रात कांवड़ मार्ग स्थित एक बाइक और कार में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### ■ कार चालक मौके से हुआ फरार, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

जिला सहारनपुर निवासी ओमवीर पुत्र राजकुमार नगला कुंभ स्थित हिम्स में अस्पताल में नौकरी करता था और उसने अपना कमरा मोदीनगर में ले रखा था मंगलवार की रात करीब 10 बजे राजकुमार अस्पताल में काम करने अपने कमरे से अस्पताल जा रहा था तभी गंग नहर कांवड़ मार्ग पर सामने से आ रही एक कार ने राजकुमार को टक्कर मार दी कार और बाइक की भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और राजकुमार लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। इस दौरान गाड़ी चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंचे सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने घायल को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चौकी इंचार्ज ने परिजनों को सूचना दी। सूचना के बाद पहुंचे परिजनों ने आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

# शिवसेना ने की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शिव सेना उद्धव ईकाई द्वारा मेरठ की हर सड़क में हो रहे गड्ढो के विरोध में जिला प्रमुख संदीप गर्ग के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन करते हुऐ ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर ने संबोधित करते हुए कहा कि सन् 2017 में जब योगी आदित्यनाथ ने सत्ता संभाली तो उनके द्वारा एक डेड लाइन सड़को के संबंध में देते हुए कहा गया था कि 26 जून 2017 तक पूरे प्रदेश की सड़को को गड्ढा मुक्त कर दिया जायेगा। लेकिन मेरठ में अफसरशाही और भ्रष्टाचार के कारण आज तक भी मेरठ की कोई भी सड़क गड्ढा मुक्त नहीं हो सकी। लगातार इन गड्ढो के कारण हादसे हो रहे हैं और लोग मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। नगर निगम, एम.डी.ए., पी. डब्लू. डी, आदि विभाग सड़को के गड्ढे न भरकर भ्रष्टाचार की चादर ओढ़ कर सो रहे है। इससे आम जनमानस में तीव्र आक्रोश बढ़ता जा रहा है, जो कभी भी कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा बन सकता है। प्रदर्शन करने वालों में अवनीश आर्य, यासीन खान, सनी प्रधान , सहेन्द्र तोमर, रश्मि कोरी, सूरज, प्रजापति, टीटू, साहिल आदि मौजूद रहे।

# बिश्नोई-अर्शदीप की रैंकिंग में सुधार

**टी-20 रैंकिंग में रवि बिश्नोई छठे स्थान पर और अर्शदीप सिंह 10वं स्थान पर पहुंच गए, बल्लेबाजों में अभिषेक शीर्ष पर बरकरार**



**दुबई, वार्ता।** एशिया कप में यूएई के खिलाफ अभियान शुरू करने से पहले भारतीय गेंदबाजों को आईसीसी की जारी नवीनतम टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। स्पिनर रवि बिश्नोई और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह क्रमशः छठे और 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अर्शदीप एशिया कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं। वरुण चक्रवर्ती चौथे स्थान पर हैं, जबकि एक अन्य भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल भी एक स्थान के फायदे के साथ 13वें स्थान पर आ गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं, जबकि तिलक वर्मा दूसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे पायदान पर हैं। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे यशस्वी जायसवाल एक स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर हैं। वह एशिया कप के लिए पांच रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। )तुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन दोनों एक-एक स्थान के फायदे से 26वें और 34वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर की सूची में हार्दिक पांड्या 252 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक आलराउंडर बने हुए हैं। यूएई, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय सीरीज की समाप्ति के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग जारी की गई है। पाकिस्तान ने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज जीती थी। वनडे रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों में शुभमन गिल नंबर एक पर बरकरार हैं। कप्तान रोहित शर्मा (दूसरे), विराट कोहली (चौथे) और श्रेयस अय्यर (आठवें) की रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं आया है।

### आर्चर पुरुष वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड के स्टार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हारी हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की ताजा अपडेट के अनुसार आर्चर ने दूसरे और तीसरे मैच में लगातार 62 रन देकर चार और 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिसकी बदौलत उन्हें 16 पायदान का उछाल मिला। तीसरे मैच में इंग्लैंड ने साउथम्प्टन में रिकॉर्ड 342 रनों से जीत दर्ज करके ऐतिहासिक जीत हासिल की थी।

# युमा को हरा क्वार्टरफाइनल में निखत

**● विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में निखत जरीन ने जापान की युमा निशिनाका को 5-0 से दी मात, मीनाक्षी, जदुमणि और अभिनाश भी टॉप-8 में पहुंचे**



**लिवरपूल, वार्ता।** लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बाक्सिंग चैंपियनशिप में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान की युमा निशिनाका को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। निखत के अलावा मीनाक्षी, जदुमणि और अभिनाश जामवाल भी क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। निखत का इस साल का पहला इवेंट 29 साल निखत के लिए यह इस साल का पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट है।

पहले राउंड में जापानी खिलाड़ी ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन निखत ने अपनी लय बनाए रखी और जीत हासिल की। मैच के दौरान युमा ने निखत के रिदम को तोड़ने के लिए अत्यधिक क्लिंचिंग (गले लगाकर रुकने) की कोशिश की, जिसके कारण उन्हें दो पेनल्टी पाइंट्स का नुकसान हुआ। निखत ने जापानी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया और सर्वसम्मति से जीत हासिल की। 48 केजी में मीनाक्षी ने चीनी खिलाड़ी को हराया निखत के अलावा अन्य भारतीय बाक्सरों ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मीनाक्षी (48 किग्रा) ने चीन की वांग क्यूपिंग को 5-0 से हराया। जबकि जदुमणि (57 किग्रा) ने इंग्लैंड की रीडशा रीस को 5-0 से पराजित किया। वहीं, अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) ने डोमिनिकन गणराज्य के पीटर यनोआ फर्नांडो डी जीसस को 5-0 से मात देकर अगले दौर में जगह पक्की की।

# 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जा सकता है पुरुष टी-20 विश्व कप 2026

**● टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे और इसमें 20 टीमें भाग लेंगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 2026 पुरुष टी-20 विश्व कप 7 फरवरी से 8 मार्च के बीच खेले जाने की संभावना है। इस टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे और इसमें 20 टीमें भाग लेंगी।

ये मुकाबले भारत में कम से कम पांच और श्रीलंका में दो स्थानों पर खेले जाएंगे। फाइनल अहमदाबाद या कोलंबो में होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाकिस्तान फाइनल खेल रहा है या नहीं। भारत और पाकिस्तान वर्तमान में दोनों सरकारों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण एक-दूसरे के देशों में नहीं खेल रहे हैं। आईसीसी अभी भी कार्यक्रम को अंतिम रूप दे रहा है, वहीं ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि उसने समय सीमा तय कर ली है और भाग लेने वाले देशों को सूचित भी कर दिया है। इसका प्रारूप वेस्टइंडीज और अमेरिका में 2024 में खेले गए पुरुष टी-20 विश्व कप जैसा ही होगा, जहां 20 टीमों को 5-5 के चार ग्रुप में विभाजित किया गया था और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर आठ दौर के लिए क्वालीफ़ाई करेंगी। यहां एक बार फिर आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक सुपर आठ समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंची थीं। भारत मौजूदा चैंपियन है, जिसने बारबाडोस में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था। पूरे टूर्नामेंट में 55 मैच खेले गए थे। वर्तमान में, 2026 पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए 15 टीमों की पुष्टि हो चुकी है: भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, नीदरलैंड्स और इटली। इटली ने पहली बार विश्व कप के लिए क्वालिफ़ाई किया है। शेष पांच टीमों में से दो अफ्रीका क्षेत्रीय क्वालिफायर से और तीन एशिया और पूर्वी एशिया पैसिफ़कि क्वालिफायर से आएंगी। भारत 2026 के पहले चार महीनों में डब्ल्यूपीएल से शुरू होने वाले कई प्रमुख आयोजनों की मेजबानी कर रहा है, जिनकी तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं।

# जीत के इरादे से खेलेगा बांग्लादेश

**एशिया कप -2025**

**● इस मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार है बांग्लादेश, वहीं हांगकांग को टूर्नामेंट में हार से उबरने के लिए संघर्ष करना होगा**

**अबु धाबी, वार्ता।** शानदार फॉर्म में चल रहा बांग्लादेश गुरुवार को एशिया कप 2025 टी-20 टूर्नामेंट के तीसरे मैच में हांगकांग के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगा।

बांग्लादेश को इस मुकाबले में जीत की प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वहीं हांगकांग को टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में मिली हार से उबरने के लिए संघर्ष करना होगा। बांग्लादेश शानदार फॉर्म में है और उसने लगातार तीन टी-20 सीरीज में श्रीलंका, पाकिस्तान और नीदरलैंड पर जीत दर्ज की है। तनजीद हसन और परवेज हुसैन इमोन जैसे खिलाड़ियों से लैस उनका शीर्ष क्रम संयम और आक्रामक रवैये का मिश्रण करता है, जबकि मध्यक्रम के दिग्गज लिटन दास और तौहीद हृदय स्थिरता प्रदान करते हैं। ऑलराउंडर जैकर अली अंतिम ओवरों में मैच का रुख बदलने में सक्षम हैं। बांग्लादेश की तस्कीन अहमद और मुस्तफिज़ुर रहमान शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं। तस्कीन ने पूरे साल प्रभावित किया है और मुस्तफिज़ुर ने चतुराई से विविधताओं से बल्लेबाजो पर अंकुश लगाया है। महेदी हसन, सैफ हसन और रिशाद हुसैन की अगुवाई में बंगलदेश का स्पिन आक्रमण परिस्थितियों का फायदा उठाकर हांगकांग के अनुभवहीन बल्लेबाजी क्रम के सामने चुनौती पेश करेगा। दूसरी ओर, हांगकांग के सामने एक कठिन चुनौती है। उन्हें अपने पहले मैच में अफगानिस्तान के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा है जहां 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वे 94 रनों पर आउट हो गए थे। टीम की जीत की संभावनाए उनके शीर्ष क्रम की तिकड़ी जीशान अली, अंशुमन रथ और बाबर हयात के सामूहिक प्रदर्शन पर टिकी हैं। अंशुमान रथ शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने एशिया पैसिफिक क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान सात मैचों में 274 रन बनाए, जबकि जीशान अली ने 150 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 236 रन जोड़े। बाबर हयात में बल्लेबाजी क्रम में अनुभव और संयम दिखाई देता हैं। यासिम मुर्तजा, आयुष शुक्ला और एहसान खान की अगुवाई में उनके गेंदबाजों को बांग्लादेश के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाजो को रोकने के लिए बेहतरीन स्पेल की जरूरत होगी। ऐतिहासिक रूप से शेख जायद स्टेडियम की पिच पर बल्लेबाजी करने वाली टीमों का दबदबा रहा है और बांग्लादेश ने पिछले नौ टी-20 मैचों में से सात में जीत हासिल की है। शुरुआत में यह पिच तेज गेंदबाज़ों और स्पिनरों, दोनों के लिए मददगार होती है, लेकिन शाम की ओस बाद में बल्लेबाजी को आसान बना देती है। बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है:- परवेज इमोन, तंजीद हसन तमीम, लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली, महेदी हसन, तन्जीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, रिशाद हुसैन/नासुम अहमद और मुस्तफिजुर रहमान।

## आईओसी ने तीन नए निदेशकों की नियुक्ति की घोषणा की

**जेनेवा, वार्ता।** आईओसी ने अध्यक्ष कार्यालय, संचार और मानव संसाधन विभागों के लिए तीन नए निदेशकों की नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की है। जान पैटरसन को आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री के कार्यकारी कार्यालय में 15 सितम्बर से चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया गया है। जेम्स पीयर्स ने 1 सितम्बर को आईओसी अध्यक्ष के मुख्य संचार सलाहकार का पदभार संभाला। जूलियन बेहनी, मार्च 2026 तक चलने वाले संक्रमण काल के बाद, जेवियर टिसिएरेस के स्थान पर मानव संसाधन निदेशक का पदभार संभालेंगे।

## श्रीलंका ने 2025 महिला विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। अनुभवी ऑलराउंडर चामरी अथापट्टू को कप्तान बनाए जाने के बाद, वह एक बार फिर टीम की कमान संभालेंगी। हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका सिल्वा और अनुष्का संजीवनी जैसी अनुभवी तिकड़ी उन्हें भरपूर सहयोग प्रदान करेंगी।

**श्रीलंका टीम:** चामरी अथापथु (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वात्सला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

# राउंडग्लास गोल्फ अकादमी का चंडीगढ़ में शुभारंभ

**● यह अकादमी अपने पहले बैच में 19 वर्ष से कम उम्र के 15 होनहार गोल्फरों का नामाकंन कर चुकी है**

**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास स्पोर्ट्स ने आधिकारिक रूप से राउंडग्लास गोल्फ अकादमी के शुभारंभ की घोषणा की है, जिसमें मशहूर कोच जसकीरत ग्रेवाल मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। चंडीगढ़ गोल्फ क्लब जैसी प्रतिष्ठित जगह पर आधारित यह अकादमी अपने पहले बैच में 19 वर्ष से कम उम्र के 15 होनहार गोल्फरों का नामांकन कर चुकी है।

ग्रेवाल भारत के पहले और एकमात्र द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित गोल्फ कोच हैं और उन्होंने शुभंकर शर्मा, युवराज सिंह संधू और करणदीप कोचर जैसे देश के शीर्ष गोल्फरों के करियर को आकार देने में अहम भूमिका निभाई है। अकादमी की प्रतिष्ठा को और बढ़ाते हुए, भारत के नंबर-1 प्रोफेशनल गोल्फर शुभंकर शर्मा ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़े हैं, जो अपने बहुमूल्य अनुभव से अगली पीढ़ी के गोल्फरों को प्रेरित और मार्गदर्शित करेंगे। लॉन्च के अवसर पर राउंडग्लास के संस्थापक गुरप्रीत 'सनी सिंह ने कहा कि हम भारत में गोल्फ के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह पहल उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा ध्यान युवा प्रतिभाओं को पोषित करने पर है, जिसके लिए विश्वस्तरीय ढांचा और अनुभवी कोचों व मेंटर्स की टीम उपलब्ध कराई जाएगी। शुभंकर के जुड़ने से इस पहल को और मजबूती मिली है, क्योंकि उनका अनुभव और दृष्टिकोण खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा और सीख का बड़ा स्त्रोत होगा।

अकादमी के पहले बैच में सात लड़कियां और आठ लड़के शामिल हैं, जिनमें भारत के कुछ सबसे उज्ज्वल युवा खिलाड़ी हैं।

**मन्नत बरार**- भारत की नंबर-1 रैंक्ड एमेच्योर लेडीज और जूनियर 'ए' गर्ल्स खिलाड़ी

गुंतास कौर संधू - भारत की नंबर-1 जूनियर 'बी' गर्ल्स खिलाड़ी ओजस्विनी सारस्वत, रेहनूर मलिक और आर्यमन रौतेला जैसे उभरते सितारे, जिनमें से आर्यमन रौतेला ने इस वर्ष प्रोफेशनल बनकर भारतीय सीनियर प्रोफेशनल टूर में हिस्सा लिया।

अन्य खिलाड़ियों में आयशा गुप्ता, राशी मिश्रा, रबाब काहलोन, अंशुल मिश्रा, कृष्ण चौला, अर्जुनवीर शिशिर, डेनिश वर्मा, ज़ोरावर संधू, सो. हराब सिंह तलवार और कबीर गोयल शामिल हैं।

# लक्ष्य, प्रणय और किरण दूसरे दौर में

**● पीवी सिंधु शुरुआती दौर में हारकर बाहर मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला, तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी हारकर बाहर हुई**



**हांगकांग, वार्ता।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज ने पुरुष एकल वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर हांगकांग ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु महिला एकल वर्ग के शुरुआती दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

लक्ष्य सेन ने एक घंटा 13 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ओलंपियन वांग त्ज़ु-वेई पर 22-20, 16-21, 21-15 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज भी सीधे गेम में जीत के बाद दूसरे दौर में पहुंच गए।

महिला एकल बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर रहीं सिंधु ने पहला गेम जीता, लेकिन डेनमार्क की विश्व की 27वें नंबर की खिलाड़ी लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 15-21, 21-16, 21-19 से हार गईं। यूरा. `पीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ छह मुक. ाबलों में सिंधु की यह पहली हार थी। सिंधु को इस साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर छठी बार पहले दौर का बाहर होना पड़ा है। मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला-तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी हार कर बाहर हो गई।

अनुपमा उपाध्याय भी महिला एकल से चौथी वरीयता प्राप्त जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ 21-17, 20-22, 21-14 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष एकल ड्रॉ में एचएस प्रणय और किरण जॉर्ज भी सीधे गेम में जीत दर्ज कर दूसरे दौर में पहुंच गए। विश्व के 34वें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने चीन के 14वें नंबर के लू गुआंगज़ू को हराया, जबकि किरण जॉर्ज ने सिंगापुर के जेसन तेह को शिकस्त दी। एचएस प्रणय अगले दौर में हमवतन लक्ष्य सेन से भिड़ेंगे। इस साल जून में यूएस ओपन में बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेटी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चीनी ताइपे के सु ली-यांग को 15-21, 21-19, 21-13 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

महिला युगल में भारत की एकमात्र खिलाड़ी रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा ने स्थानीय ओई की वैनेसा पांग और सुम याउ वोंग को 21-17, 21-9 से हराकर अपना अभियान जारी रखा। इस बीच, ध्रुव कपिला/तनिषा क्रैस्टो मिश्रित युगल के पहले दौर में चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन/सू यिन-हुई से 21-16, 21-11 से हारकर बाहर हो गए।

## भारतीय टीम 6-0 की जीत के बावजूद एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर

**● 11 ग्रुपों में से चार सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों ने भी क्वालिफाई किया**

**नई दिल्ली/दोहा, वार्ता।** भारतीय अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ब्रुनेई दारुस्सलाम पर 6-0 की शानदार जीत के बावजूद, एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर हो गई।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय टीम मंगलवार को कतर के दोहा स्थित सुहेम बिन हमद स्टेडियम में ब्रुनेई दारुस्सलाम को 6-0 से हराने के बावजूद, एएफसी अंडर-23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर हो गई। एआईएफएफ ने बताया कि भारतीय टीम ने अपने तीन मैचों में छह अंक हासिल किए और उन्हें कतर और बहरीन के बीच दोहा के अब्दुल्ला बिन खलीफा स्टेडियम में ग्रुप एच के बाकी बचे मैच के लिए काफी संघर्षपूर्ण मैच में मेजबान टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इंजरी टाइम में दो गोल दागकर 2-1 से जीत हासिल की। बयान में कहा गया कि कतर ने शानदार रिकॉर्ड (तीन मैचों में नौ अंक) के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि भारत छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। 11 ग्रुपों में से चार सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों ने भी क्वालीफाई किया, लेकिन भारत ग्रुप रनर-अप टीमों में पांचवें स्थान पर रहा।

कतर के दोहा स्थित सुहेम बिन हमद स्टेडियम में कल खेले गए मैच के बारे में एआईएफएफ ने विबिन मोहनन ने कहा कि मिडफील्डर विबिन मोहनन ने (पांचवें, सातवें और 62वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक बनाई।

# डेवाल्ड एसए20 के इतिहास में सबसे महंगे अनुबंध बन गए

**● डेवाल्ड ब्रेविस को प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 16.5 मिलियन रैंड की भारी राशि में खरीदा**



**जोहानसबर्ग, वार्ता।** 22 वर्षीय बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस, प्रिटोरिया कैपिटल्स द्वारा 16-5 मिलियन रैंड की भारी भरकम राशि में खरीदे जाने के बाद, एसए 20 में अब तक के सबसे महंगे अनुबंध बन गए। कैपिटल्स ने 32-5 मिलियन रैंड के साथ नीलामी में प्रवेश किया और अपने पर्स का 50प्रतिशत से अधिक हिस्सा अकेले ब्रेविस पर खर्च कर दिया।

जोबर्ग सुपर किंग्स और पार्ल रॉयल्स ने इस युवा दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी के लिए शुरुआती बोली लगाई और कैपिटल्स के इसमें शामिल होने से पहले ही कीमत 10 मिलियन रैंड को पार कर चुकी थी। कैपिटल्स की विजयी बोली तक सुपर किंग्स की रुचि बनी रही। दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल कप्तान, एडेन मार्करम, जिन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को तीन खिताब दिलाए, एक और मार्की साइनिंग थे।

डरबन सुपर जायंट्स ने दक्षिण अफ्रीकी टी-20 कप्तान में तुरंत रुचि दिखाई और कैपिटल्स ने उन्हें चुनौती दी, जिन्होंने उस समय तक ब्रेविस को नहीं खरीदा था। दोनों फ्रेंचाइजी ने कीमत बढ़ाकर 12.4 मिलियन रैंड कर दी, जिसमें सुपर जायंट्स आगे थे। बोली लगने के बाद, सनराइजर्स ने राइट टू मैच का विकल्प चुना। जवाब में, सुपर जायंट्स ने कीमत बढ़ाकर 14 मिलियन रैंड कर दी - एक ऐसी रकम जो सनराइजर्स अब चुकाने को तैयार नहीं थे। ऑलराउंडर वियान मुल्डर, जिन्हें सुपर किंग्स ने 9 मिलियन रैंड में खरीदा, नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। गेराल्ड कोएत्ज़ी (डीएसजी को 7-4 मिलियन रैंड), नांद्रे बर्गर (जेएसके को 6-3 मिलियन रैंड), मैथ्यू ब्रीट्ज़के (एसईसी को 6-1 मिलियन रैंड), रैसी वैन डेर डूसन (एमआईसीटी को 5-2 मिलियन रैंड), ओटनील बार्टमैन (पीआर को 5-1 मिलियन रैंड) और एनरिक नॉर्टजे (एसईसी को 5 मिलियन रैंड) अन्य उल्लेखनीय रूप से महंगे अनुबंध थे। काइल वेरिन के अनुबंध में नीलामी की गतिशीलता का एक दिलचस्प पहलू देखने को मिला।

शुरुआत में रॉयल्स को उनके आधार मूल्य 200,000 रैंड पर बेचे जाने के बाद, कैपिटल्स ने अपने राइट टू मैच का इस्तेमाल करने का विकल्प चुना। रॉयल्स ने अंतिम बोली 2-3 मिलियन रैंड लगाई - केवल एक बोली में 1050प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि - जिससे कैपिटल्स की दिलचस्पी खत्म हो गई। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट और वनडे कप्तान टेम्बा बावुमा को लगातार दूसरे सीजन में कोई बोली नहीं मिली। बावुमा को भी पहले एसए 20 नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था, लेकिन अंततः चोट के कारण प्रतिस्थापन के तौर पर सनराइजर्स के लिए खेले। उन्हें अगले सीजन के लिए बरकरार रखा गया था, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। 43 वर्षीय तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन भी बिना बिके रह गए एक और उल्लेखनीय खिलाड़ी थे।

# ऑस्ट्रेलिया-भारत वनडे मैच होबार्ट स्थानांतरित

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** फ्लडलाइट्स की समस्या के कारण अगले वर्ष एक मार्च को ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होने वाला तीसरा महिला एकदिवसीय मैच होबार्ट में खेला जाएगा। मैच के कार्यक्रम में यह बदलाव फ्लडलाइट्स की समस्या के कारण लिया गया है। प्लानिंग और इंस्टॉलेशन में हुई देरी के कारण इस मैच को होबार्ट स्थानांतरित करना पड़ा।

होबार्ट अब कुल दो एकदिवसीय मैचों की मेजबानी करेगा। फ्लडलाइट्स की समस्या के बावजूद एक विकल्प यह भी था कि इस मैच को दिन में कराया जाए लेकिन व्यस्त कार्यक्रम की वजह से ऐसा करना संभव नहीं था। दूसरे और तीसरे एकदिवसीय मैच के बीच केवल एक दिन का अंतर है। इसी कारण से जंक्शन ओवल में इसे दिन का मैच बनाना व्यावहारिक नहीं माना गया। होबार्ट के अलावा एमसीजी भी एक विकल्प था लेकिन वहां भी रेनोवेशन का काम चल रहा है। उस कारण से वह मैदान भी उपलब्ध नहीं था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट ऑपरेशन्स और शेड्यूलिंग प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि हम इस बात को लेकर बेहद निराश हैं कि उस मैच को हमें होबार्ट शिफ्ट करना पड़ा। इस सीजन मेलबर्न में कोई महिला अंतर्राष्ट्रीय मैच आयोजित नहीं किया जाएगा। हमने उम्मीद की थी कि इस मैच से पहले जंक्शन ओवल में फ्लड लाइट्स का काम पूरा हो जाएगा और हम मैदान पर पहला अंतर्राष्ट्रीय दिन-रात्रि मुकाबला देखेंगे। जंक्शन ओवल आगे भी मेलबर्न स्टार्स और मेलबर्न रेनेगेड्स की डब्ल्यूबीबीएल टीमों के मैचों की मेजबानी करेगा।

# नर्म पड़ते ट्रम्प

पिछले कुछ दिनों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों में भारत के प्रति अब काफी नर्मी दिखाई दे रही है और अब वह भारत से संबंध सुधारने की बात कह रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। उन्होंने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए यह भी कहा कि मैं अपने बहुत अच्छे मित्र पीएम मोदी से आने वाले सप्ताह में बातचीत करने की प्रशंसा कर रहा हूं। वहीं पीएम मोदी नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर लिखा कि भारत और अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हमारी व्यापार वार्ता भारत-अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भारतीय टीम इन चर्चाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम कर रही है और पीएम मोदी भी बातचीत के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलने को उत्सुक हैं। मतलब साफ है कि भले ही ट्रम्प भारत के प्रति टैरिफ को लेकर आक्रामकता दिखाते रहे हों, यहां तक कि उनके प्रशासन के अधिकारी भी भारत के प्रति आक्रामकता अपने बयानों से दिखा चुके हों, लेकिन पर्दे के पीछे भी संबंधों को बेहतर करने की बात जारी रही है। इससे साफ है कि अब तक भारत की नीति ट्रम्प के बयानों को लेकर बिल्कुल सही रही है। भारत ने कभी भी उत्तेजित होकर अमेरिका के बयानों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया नहीं जताई। यह उसकी कमजोरी नहीं आत्मविश्वास ही था। भारत को विश्वास था कि यह स्थिति ज्यादा देर तक टिकने वाली नहीं है, क्योंकि अमेरिका भारत को ज्यादा देर तक नजरअंदाज नहीं कर सकता।

जिस तरह भारत ने अपनी कूटनीति से शंघाई सम्मेलन में जो चीन में आयोजित हुआ था शिरकत की और पीएम मोदी ने चीनी और रूसी राष्ट्रपति के साथ जो बॉन्डिंग वहां दिखाई उससे विश्व मंच पर बेहद सकारात्मक संदेश गया और कुछ कहे बिना ही वह सब हो गया जिसकी आशा भारत कर रहा था। शंघाई शिखर सम्मेलन के बाद ही ट्रम्प के बयानों में नर्मी आती दिखाई दी। हालांकि जिस तरह का व्यवहार अब तक ट्रम्प का रहा है, उन पर बहुत ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता, इसलिए भारत को बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है, क्योंकि ट्रम्प का रुख कोई यूं ही नहीं बदला। जिस तरह वह भारत पर अतिरिक्त टैरिफ को लेकर अपने ही घर में घिरे थे और अमेरिका में ही उन्हें बड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा था, उस वातावरण ने भी उन्हें काफी असहज किया होगा। यूं भी आज की तारीख में अगर अमेरिका का कोई दुनिया में प्रतिद्वंद्वी देश है तो वह चीन ही है और चीन को रोकने के लिए भारत से बेहतर कोई देश स्थिति में नहीं है। इसलिए भी ट्रम्प की आलोचना हो रही थी कि उनकी टैरिफ नीति ने भारत को चीन के पाले में जाने का अवसर प्रदान कर दिया। हालांकि भारत ने अपनी तरफ से साफ किया कि उसकी अपनी स्वतंत्र नीति है और उसके किसी भी देश के साथ संबंध किसी अन्य देश को चिढ़ाने के लिए नहीं हैं। अब देखना है कि व्यापारिक मतभेद कहां तक हल होते हैं।

## हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं



बंगाली में ज्यादा बोलो, डरो मत, हम स्पष्ट कहना चाहते हैं कि हम अपनी मातृभाषा यानी बंगाली ही बोलेंगे, लेकिन हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं, जो प्रवासी मजदूर वापस बंगाल लौटेंगे, उन्हें सरकार की ओर से पांच हजार रुपये दिए जाएंगे और उनके बच्चों को नजदीकी स्कूल में दाखिला मिल सकेगा, मैं रोज अपमान झेलती हूं, क्योंकि मैं बंगाल का विकास चाहती हूं, नेपाल में फंसे पर्यटकों की स्थिति को मैं गंभीरता से ले रही हूं, मैं उन्हें यह कहना चाहती हूं कि जब तक हालात सामान्य न हो जाएं, वे थोड़ा इंतजार करें। हम इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं और जल्द ही आप सभी को वापस लाया जाएगा।

**ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# क्या भारत में भी हुई थी नेपाल बनाने की 2013 में कोशिश





सुरेंद्र राजपूत

भारत तो नेपाल-बंगलादेश जैसी अराजकता को पहले ही भुगत चुका है। जब विदेशी ताकतों की साजिश में हमारी सरकार को अस्थिर किया गया था। सन 2012-13 को याद करिए। इंडिया अगेंस्ट करप्शन का बैनर और चीखती चिल्लाती भीड़ सरकार को पैदल करने पर आमादा थी। जिस तरह नेपाल बंगाल की भीड़ के पास कोई विचार नही था, उसी तरह इंडिया अगेंस्ट करप्शन के नीचे बैठे लोग विचार शून्य थे। उस वक्त भी भयंकर हिंसा और अराजकता फैलती अगर सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह का नेतृत्व न होता।

जनरल वीके सिंह के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ सेना।की टुकड़ी की मोर्चेबन्दी हो रही थी। सभी बड़े लीडर निशाने पर थे । साजिश तो यहां तक थी कि जो युवाओं की भीड़ आई है। इसपर गोली चला दी जाए, ताकि सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़े। याद कीजिए जब रामदेव ने शलवार जम्पर पहनकर भागने की नौटंकी की थी। वह चाहता था कि गोली चले, युवा मरें और सत्ता रक्तरंजित हो मगर दूरंदेश सोनिया ने इसपर पानी फेर दिया। मनमोहन के घर जाकर, सोनिया ने स्पष्ट सन्देश दिया कि सरकार भले चल जाए, गोली नहीं चलनी चाहिए। यह युवा हमारे हैं, इन्हें नहीं पता कि यह क्या कर रहे हैं। इनका इस्तेमाल हो रहा है। यह इस्तेमाल आगे शोषण में बदल जाएगा मगर फिर भी, इनपर गोली नहीं चलनी चाहिए। यही वह मौका था जब विदेशी ताकतों की कठपुतलियां दिल्ली में नंगा नाच कर रही थीं। लोग अक्सर कहते हैं कि रामदेव वगैरह को एयरपोर्ट लेने के लिए चार चार कैबिनेट मंत्री क्यों गए, अन्ना से संवाद को इतना महत्वपूर्ण क्यों माना, वजह यही थी।सरकार युवाओं को अराजकता छोड़कर यह बताना चाहती थी कि वह संवाद में यकीन करती है। इसीलिए रामदेव जैसों से भी बात को राजी है। सरकार ने उस वक्त भयंकर हिंसक अराजकता से देश को बचाया था, जो बंगलादेश और नेपाल की सरकारें नही कर सकीं। म्यांमार, पाकिस्तान, लंका, बंगलादेश और जो नेपाल में हुआ। वह भारत में सन 2012-13 में ही चुका था। जनता के लिए काम करने वाली लोकतांत्रिक मूल्यों की सरकार को बदनाम किया गया। मनमोहन सिंह की आर्थिक प्रगति को उस वक्त तक रोका गया,आजतक आर्थिक मामला स्थिर नही हो सका। उस दिन से आजतक रोज रुपये की कीमत गिरती है, डॉलर बढ़ता है। देश को इस समय गम्भीर होकर सोचना होगा। सोनिया और मनमोहन सिंह का कृतज्ञ होना होगा कि उन्होंने सरकार तो गवा दी मगर देश की जनता को हिंसा और अराजक नही होने दिया। सभी पड़ोसी मुल्कों में अमरीकी एजेंट सत्ता में बैठ गए। यह अमरीका की आंख का तारा बने और अपनी ही चौखट को खोखला करने लगे। ऐसी हर अराजकता के बाद अमरीकी पपेट ही बैठे हैं। जो कभी उनके राष्ट्रपति के गले मिलते हैं, कभी उनसे कुछ मांगते हैं। उनके ही हितों के फैसले लेते हैं।

भारत इस अराजकता की भेंट चढ़ा एक पीड़ित है। उस समय सोनिया ने संवाद का रास्ता न खोला होता, तो जनरल वीके सिंह और बेदी जैसे लोग शासन प्रशासन को अराजक कर देते। कॉग्रेस को इस अराजकता से निपटने का पुराना अनुभव है। जब शासन के पहिए रोक दिए जाएं,तब बिना हिंसा के उसे कैसे पटरी पर लाएं, यह हमारी घुट्टी में है। कुछ लोगों को लग रहा कि जो पड़ोस में आजकल घट रहा है। वह हमारे यहां भी होगा,तो भाई खुमार से बाहर निकलो। यह पहले हमारे यहां घट चुका है, जो अब इधर हो रहा है। हमारे यहां अराजकता के लाभार्थी ही सत्ता में हैं।यही कारण है कि वह जनहित या देशहित के नही बल्कि एक व्यापारी और एक अमरीकी हित के ही उपासक हैं। उस समय यूपीए सरकार अगर सतर्कता न बरतती, तो यह लोग साजिश में गोलियां चलवाते मगर गांधी नेहरू की बुनियाद वाली पार्टी ने इस षड्यंत्र को समझ लिया। विदेशी साजिश को भांप लिया। उसके प्यादों को भी पहचान लिया। भोली जनता की भलाई के लिए,कोई ऐसा कदम नहीं उठाया, जिससे मासूम नौजवानों के खून बहे। सत्ता के किए लाश बिछाना स्वीकार नही किया। षड्यंत्र का शिकार तो हुए मगर अराजक नहीं हुए। आज उसी षड्यंत्रों के लाभार्थी सत्ता में हैं। वीके सिंह मंत्री बना, बेदी गवर्नर, रामदेव अरबपति और बाकी लाभार्थी अलग अलग सत्ता में बैठे। यह इसलिए याद दिला रहे हैं क्योंकि अराजकता की सत्ता पाए लाभार्थी यह आरोप लगा रहे हैं कि सतर्क रहो, पड़ोस जैसा यहां भी हो सकता है। अरे भाई यहां तो यह पहले ही हो चुका है। राहुल और कॉग्रेस तो इसकी पीड़ित है। याद कीजिए, यह लोग नारे लगाते थे कि राहुल और सोनिया विदेश भाग जाएंगे। यह भूल गए थे कि हम गांधी नेहरू के वारिस हैं। आज देश के सामने सच खुल चुका है। वह जान गई है कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन वास्तव में सत्ता परिवर्तन था। भारत में रिजीम चेंज करने का षडडंत्र। कॉग्रेस ने देश के लिए सत्ता तो गवा दी मगर अपने हाथों में युवाओं का खून नही लगने दिया। यह बात अब सारे देश की जनता

> भारत इस अराजकता की भेंट चढ़ा एक पीड़ित है। उस समय सोनिया ने संवाद का रास्ता न खोला होता, तो जनरल वीके सिंह और बेदी जैसे लोग शासन प्रशासन को अराजक कर देते। कॉग्रेस को इस अराजकता से निपटने का पुराना अनुभव है। जब शासन के पहिए रोक दिए जाएं,तब बिना हिंसा के उसे कैसे पटरी पर लाएं, यह हमारी घुट्टी में है। कुछ लोगों को लग रहा कि जो पड़ोस में आजकल घट रहा है। वह हमारे यहां भी होगा,तो भाई खुमार से बाहर निकलो। यह पहले हमारे यहां घट चुका है, जो अब इधर हो रहा है। हमारे यहां अराजकता के लाभार्थी ही सत्ता में हैं।

महसूस कर रही है। राहुल को बदनाम किया, मनमोहन को अस्थिर किया, शीला के घर पर हमले किए, क्या नही किया,जो आज पड़ोस में हो रहा है मगर वह लोकतांत्रिक मूल्यों की दूरंदेशी नेतृत्व था।

जिसने अराजकता को इतने मौके नहीं दिए, की भारत का सिस्टम ही ध्वस्त ही जाए। जब केंद्रीय मंत्री बातचीत करते थे,वह भी उन षड्यंत्रकारियों से, तो वह एक रास्ता था कि लोकतंत्र बना रहे। मनमोहन ने सत्ता गवा दी मगर लोकतंत्र अक्षुण्य रखा,जो हमारा कोई भी पड़ोसी देश नही कर सका। यही वजह है कि सोनिया जी, मनमोहन का सम्मान वापस हुआ। कॉग्रेस पर भरोसा लौटा और राहुल से उम्मीद बंधी। सच उजागर हुआ, षड्यंत्रकारी पहचाने जा रहे हैं। वोट चोरी पकड़ी जा रही है। लोकतंत्र और संविधान का राज वापस लाने की कवायद जारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वामी विवेकानंद का विश्व संदेश

**युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी जी ने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्मकता का संचार करने का कार्य किया। उनका कहना था कि अधिकांश लोग तो भेड़ों के झुंड के समान हैं। यदि आगे की एक भेड़ गड्ढे में गिरती है तो पीछे की सभी भेड़ें भी उसमें गिरती जाती हैं। इसी प्रकार समाज का मुखिया भी जब कोई बात कहता है तो दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि वे कर क्या रहे हैं।**




योगेश कुमार गोयल

युवाओं के प्रेरणास्रोत तथा आदर्श व्यक्तित्व के धनी माने जाते रहे स्वामी विवेकानंद को उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। सही मायनों में वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। विशेषकर भारतीय युवाओं के लिए तो भारतीय नवजागरण का अग्रदूत उनसे बढ़कर अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। कोलकाता में 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी रही। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया। दरअसल युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थी। स्वामी विवेकानंद ने 11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत 'मेरे अमेरिकी भाईयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिए उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। स्वामी विवेकानंद की चर्चा जब भी होती है तो अमेरिका के शिकागो की धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए गए उनके उस ओजस्वी भाषण की चर्चा अवश्य होती है। उसी ओजस्वी भाषण को यादगार बनाए रखने और युवाओं को उस भाषण के जरिए ऊर्जावान बनाए रखने के लिए ही प्रतिवर्ष 11 सितम्बर का दिन 'शिकागो वक्तृता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही स्वामी विवेकानंद ने अपने एक भाषण में कहा था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है, अतः एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है। कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष तथा महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मानसून और हिन्द महासागर में जलवायु परिवर्तन



पंकज चतुर्वेदी

इस बार उत्तर भारत में मानसून ने लोगों को डरा दिया है । बांध लबा-लब हैं और जहां-तहां जल निधि अपनी सीमा तोड़ कर बस्ती-खेत की तरफ राह निकाल रहे हैं। भारत के मौसम विभाग ने आकलन किया है कि 2012 से उपलब्ध के आंकड़ों के अनुसार, 22 अगस्त से चार सितंबर तक देश के उत्तरी हिस्से में सामान्य से तीन गुना अधिक बारिश हो चुकी है। जो कि पिछले 14 सालों में सबसे अधिक है। पंजाब में आई इस दशक की सबसे भीषण बाढ़ के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करना पड़ा है। जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी मार्ग पर बादल फटने के कारण काफी नुकसान हुआ है। बारिश के पानी के कारण दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हिमाचल और उत्तराखंड में भूस्खलन के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। खा जा सकता है कि प्रकृति की नियति है, लेकिन यह बड़ी चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन का असर अब देश के बड़े हिस्से में चरम रूप में सामने आ रहा है। यह समझना होगा कि भारत में मानसून पर अब अलनीनो से अधिक असर हिन्द महासागर में हो रहे मौसमी बदलाव का असर है । हिंद महासागर में तेजी से तापमान बढ़ने के चलते अब मानसून में अधिक बदलाव आ रहा है, जिससे कभी-कभी सूखा तो कभी अति वर्षा देखने को मिल रही है। इसका कारण हहिंद महासागर का द्विध्रुव जिसे आई ओ डी कहते हैं से है। आई ओ डी अर्थात समुद्री सतह के तापमान का ऐसा अनियमित दोलन है, जिसमें पश्चिमी हिंद महासागर



की सतह का तापमान पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में क्रमिक रूप से कम या अधिक होता रहता है। जो बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के बीच गर्म पानी और वायुमंडलीय दबाव में उतार-चढ़ाव का कारण बनता है। आमतौर पर आई ओ डी, अप्रैल से मई के बीच विकसित होता है और अक्टूबर में चरम पर होता है। इसके विकास और चरण से मानसून के समय और ताकत पर असर पड़ता है। जब पश्चिमी हिंद महासागर पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बहुत अधिक गर्म हो जाता है, इसे सकारात्मक आई ओ डी कहते हैं। इससे भारतीय उपमहाद्वीप व पश्चिमी हिंद महासागर अपेक्षाकृत अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं। जब पूर्वी हिंद महासागर का तापमान पश्चिमी हिंद महासागर की तुलना में सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है। ऐसे हालात को नकारात्मक आई ओ डी कहते हैं और इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ वर्षा की तीव्रता में कमी आती है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर, हिंद महासागर, बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण, अन्य महासागरों की तुलना में तेजी से गर्म हो रहा है। इससे समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है और चरम मौसम की घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हो रही है। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ ट्रापिकल मीट्रियोलाजी (आइआइटीएम) पुणे के विज्ञानी राक्सी मैथ्यू कौल के नेतृत्व में हुए अध्ययन में गर्म होते हिंद महासागर से मानसून की बारिश में बदलाव की बात सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंद महासागर में समुद्री गर्मी बढ़ रही है और इसका असर भारतीय मानसून पर भी पड़ रहा है। जर्नल आफ जियोफिजिकल रिसर्च ओशन्स में श्जेनेसिस एंड ट्रेंड्स इन मरीन हीट वेव्स ओवर दा ट्रापिकल इंडियन ओशन एंड देयर रिएक्शन विथ समर मानसून नाम से प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने हिंद महासागर के गर्म होने का सीधा प्रभाव मानसून पर होने का निष्कर्ष निकाला है । जब पश्चिमी हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री लहरों का तापमान बढ़ता है तो मध्य भारतीय उपमहाद्वीप में शुष्क मौसम हो जाता है। इसी के चलते उत्तरी बंगाल की खाड़ी में गर्म हवाएं उठती है इसके चलते दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में बरसात में बढ़ोतरी हो रही है है। यह अपने तरीके का पहला शोध है जिसमें समुद्री गर्म हवाओं के चलने और बरसात के अंतर्संबंध को स्थापित किया है । बढ़ती मानवजनित गतिविधियों के कारण महासागरों को संभवतः पहले से कहीं अधिक बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है। महासागरीय अम्लीकरण, महासागरीय प्रदूषण, महासागरीय तापमान में वृद्धि, मत्स्य पालन में गिरावट और सुपोषण, ये सभी महासागरों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बन रहे हैं, जिसके कारण कई राष्ट्र अब प्राकृतिक या पर्यावरणीय आपदाओं के प्रति संवेदनशील हो गए हैं। भारत के लोक-जीवन, अर्थ व्यवस्था, पर्व -त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। कहना अतिशियोक्ति नहीं होगा कि मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी है। खेती-हरियाली और साल भर के जल की जुगाड़ इसी बरसात पर निर्भर है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है तो समाज व सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। इसका असल कारण यह है कि हमारे देश में मानसून को सम्मान करने की परंपरा समाप्त होती जा रही है - कारण भी है , तेजी से हो रहा शहरों की ओर पलायन व गांवों का शहरीकरण। विडंबना यह है कि हम अपनी जरूरतों में इस तरह का बदलाव लाने को राजी नहीं है जिससे जलवायु परिवर्तन के अंधड़ को कुछ रोक सकें। बारीकी में जाएंगे तो हमारे घर से निकलने वाले कूड़े और गंदे पानी से लेकर ऊर्जा के दुरूपयोग तक ऐसे बहुत से कारक हैं जिनका असर समुद्र के तापमान बढ़ने पर पड़ता है। असल में हम अपने मानसून के मिजाज, बदलते मौसम में बदलती बरसात, मानसून अब केवल भूगोल या मौसम विज्ञान नहीं हैं- इससे इंजीनियरिंग, ड्रैनेज ,सेनिटेशन, कृषि , सहित बहुत कुछ जुड़ा है। बदलते हुए मौसम के तेवर के मद्देनजर मानसून-प्रबंधन का गहन अध्ययन हमारे समाज और स्कूलों से ले कर इंजीनियरिंग पाठ्क्रमों में हो , जिसके तहत केवल मानसून से पानी ही नहीं, उससे जुड़ी फसलों, सड़कों, शहरों में बरसाती पानी के निकासी के माकूल प्रबंधों व संरक्षण जैसे अध्याय हों, खासकर महासागर में हो रहे बदलाव के चलते अचानक चरम बरसात के कारण उपजे संकटों के प्रबंधन पर।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इराक में अपहृत इज़रायली-रूसी छात्रा रिहा: नेतन्याहू

**यरूशलम।** इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि 2023 में शोध के दौरान इराक में अपहृत एक इज़रायली-रूसी शोधार्थी छात्रा को रिहा कर दिया गया है। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि एलिजाबेथ त्सुर्कोव की रिहाई 'महीनों की टीम वर्क' के बाद हुई है और रिहाई के बाद उन्होंने छात्रा के परिवार से बात की थी। उन्होंने कहा कि हम तब तक पूरी ताकत और दृढ़ संकल्प के साथ लड़ते रहेंगे जब तक कि हम अपने सभी बंधकों, जीवित और मृत, दोनों को वापस घर नहीं ले आते।

### लॉन्ग बीच बंदरगाह पर मालवाहक जहाज से लगभग 70 कंटेनर गिरे

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉन्ग बीच बंदरगाह पर एक मालवाहक जहाज के डॉक पर खड़े होने के दौरान लगभग 70 शिपिंग कंटेनर पानी में गिर गए हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बंदरगाह से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार स्थानीय समयानुसार सुबह 09:00 बजे के कुछ ही देर बाद टर्मिनल जी पर मालवाहक जहाज के लगभग 67 कंटेनर गिर गए। गिरे हुए कई कंटेनर जहाज के साथ खड़े एक छोटे क्लीन-एयर बार्ज से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गए। एक ऑनलाइन पोस्ट में उस क्षण का फुटेज कैद किया गया है।

### डॉ. आदर्श स्वाइका केन्या में भारत के अगले उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारत-कुवैत संबंधों को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अनुभवी राजनयिक डॉ. आदर्श स्वाइका को केन्या में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी डॉ. स्वाइका अभी कुवैत में भारत के राजदूत हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह वियतनाम, श्रीलंका और बंगलादेश जैसे देशों में सेवा देने के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

### ट्रम्प, मोदी के बयानों से व्यापार समझौते की उम्मीद बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाल के बयानों से दोनों पक्षों के बीच व्यापार समझौते के जल्द होने की उम्मीद जग गई है। ट्रम्प ने इसी माह भारत और अमेरिका के आपसी संबंधों के महत्व और प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी दोस्ती को लेकर सोशल मीडिया पर दो बार बयान दिए। मोदी ने भी दोनों बार उनका सोशल मीडिया पर रचनात्मक और उत्साह जनक जवाब दिया है। भारत के निर्यात पर अमेरिका में 50 प्रतिशत का भारी आयात शुल्क लागू किये जाने के से दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव बना हुआ है।

## नेपाली एयर होस्टेस ने किया खुलासा

# केपी ओली दुबई भाग गए


**काठमांडू।** नेपाल इस समय बड़े राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल से गुजर रहा है। सोशल मीडिया बैन और बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन अब हिंसक रूप ले चुका है। हालात इतने बिगड़े कि मंगलवार रात से ही पूरे देश की कमान नेपाली सेना ने अपने हाथ में ले ली है।

इस बीच बड़ी खबर ये आ रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली इस्तीफे के बाद देश छोड़कर दुबई भाग गए हैं। दरअसल, एक नेपाली एयर होस्टेस ने एयरपोर्ट से वीडियो शेयर करते हुए दावा किया है कि ओली काठमांडू से दुबई रवाना हो गए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और प्रदर्शनकारियों के गुस्से को और भड़का रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स तो यहां तक कह रही हैं कि ओली ने सेना से देश छोड़ने में मदद मांगी थी। बताया जा रहा है कि वो मेडिकल ट्रीटमेंट का बहाना बनाकर दुबई गए हैं। और उनके लिए हिमालया एयरलाइंस का एक जेट भी स्टैंडबाय पर रखा गया था। इस बीच, ललितपुर के भैसेपाटी इलाके में हेलीकॉप्टर घूमते देखे जाने से इन अटकलों को और ज्यादा हवा मिल गई है। आंदोलन के दूसरे दिन प्रदर्शनकारियों का आक्रोश इतना बढ़ गया था कि उन्होंने ओली के निजी घर के साथ-साथ राष्ट्रपति भवन और सुप्रीम कोर्ट तक को आग के हवाले कर दिया था। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक की झड़पों और आगजनी में 22 लोगों की मौत हो चुकी है और 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। नेपाली सेना ने साफ कहा है कि कुछ उपद्रवी लोग आम नागरिकों और सरकारी संपत्तियों को निशाना बना रहे हैं। राजधानी काठमांडू समेत कई इलाकों में लूटपाट, आगजनी और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं हो रही हैं। सेना ने अपील की है कि लोग इन गति. विधियों से दूर रहें, वरना सख्त कार्रवाई होगी। सिर्फ ओली ही नहीं, बल्कि आंदोलनकारियों ने तीन और पूर्व प्रधानमंत्रियों को भी निशाना बनाया। शेर बहादुर देउबा, झालानाथ खनाल और पुष्पकमल दहल प्रचंड के घरों में आग लगा दी गई। पूर्व पीएम खनाल की पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार आग में गंभीर रूप से झुलस गईं और बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। वहीं, शेर बहादुर देउबा को प्रदर्शनकारियों ने घर में घुसकर पीटा और वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को सरेआम दौड़ा-दौड़ाकर मारा।



### नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों पर चीन ने तोड़ी चुप्पी

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि बीजिंग को उम्मीद है कि नेपाल में जो सामाजिक समस्याएं चल रही हैं, उन्हें इस तरह से सुलझाया जाएगा जिससे देश में सामाजिक व्यवस्था और राष्ट्रीय स्थिरता जल्द से जल्द लौट सके। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया था। उनका यह इस्तीफा देशभर में हुए प्रदर्शनों और हिंसक झड़पों के बाद आया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बुधवार को कहा, चीन और नेपाल पारंपरिक रूप से मित्र पड़ोसी हैं। उन्होंने बीजिंग में एक दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह भी कहा कि चीन ने नेपाल में रह रहे अपने नागरिकों को सतर्क रहने और अपनी सुरक्षा पर ध्यान देने की सलाह दी है।




कानपुर। अपनी आगामी फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' के प्रमोशन के दौरान बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला।

## रूसी मालवाहक अंतरिक्ष यान प्रोग्रेस एमएस-30 ने मिशन पूरा किया

**व्लादीवोस्तोक।** रूस के प्रोग्रेस एमएस-30 मालवाहक अंतरिक्ष यान ने अपना मिशन पूरा करते हुए पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर लिया है।

रूसी सरकारी अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने यह जानकारी दी। रोस्कोस्मोस ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान में कहा कि सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मशीन बिल्डिंग के मिशन कंट्रोल सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, अंतरिक्ष यान के बिना जले हुए संरचनात्मक तत्व दक्षिण प्रशांत महासागर के एक गैर-नौवहन योग्य क्षेत्र में गिर गए हैं। प्रोग्रेस एमएस-30 मंगलवार को मॉस्को समयानुसार 18:45 पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रूसी हिस्से के ज्वेज्दा मॉड्यूल से अलग हो गया। इसकी जगह प्रोग्रेस एमएस-32 मालवाहक जहाज लेगा, जिसे गुरुवार को बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से सोयुज-2-1ए रॉकेट के ज़रिए प्रक्षेपित किया जाएगा और शनिवार को आईएसएस से इसके जुड़ने की योजना है। प्रोग्रेस एमएस-30 को 28 फरवरी को प्रक्षेपित किया गया और यह दो मार्च को आईएसएस से जुड़ गया था। इसने 2.6 टन कार्गो पहुंचाया, जिसमें स्टेशन की प्रणालियों के लिए उपकरण और हार्डवेयर, वैज्ञानिक प्रयोग और बाहरी अंतरिक्ष में काम करने के लिए एक नया ओरलान-एमकेएस नंबर 6 स्पेससूट शामिल था।

## ऑस्ट्रेलिया ने की कतर पर इजरायल के हमले की निंदा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा में हमास के नेताओं पर इज़रायल के हवाई हमले की निंदा की है। ऑस्ट्रेलिया की विद. ेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार का मानना है कि यह हमला 'गलत कदम' था।

उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) टेलीविजन को बताया कि हमास के वरिष्ठ नेताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत को निशाना बनाकर किए गए इस हमले से युद्धविराम वार्ता को नुकसान पहुंचने का खतरा है। सुवोंग ने कहा कि कतर युद्धविराम के लिए मध्यस्थता करने वाले पक्षों में से एक रहा है। यह कतर की संप्रभुता का उल्लंघन है। इससे युद्धविराम पर काम करना खतरे में पड़ जाता है और इसके बढ़ने का खतरा है।

**हमले से युद्धविराम पर काम करना खतरे में पड़ जाता है**

इजरायल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के सवाल पर सुवोंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पास युद्ध रोकने की सीमित क्षमता है, लेकिन वह युद्धविराम के आह्वान का समर्थन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि जाहिर है, हम केंद्रीय भूमिका में नहीं हैं, लेकिन हम दूसरों के साथ मिलकर गाज़ा में पीड़ा को समाप्त करने, युद्धविराम और शांति के मार्ग का समर्थन करने के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, कर सकते हैं। इससे पहले बुधवार को सहायक विदेश मामलों और व्यापार मंत्री मैट थिस्टलथवेट ने एबीसी रेडियो को बताया कि कतर के नेताओं द्वारा युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना 'उत्साहजनक' था।

# नेपाल के बाद फ्रांस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

### बजट कटौती के विरोध में एक लाख लोग सड़क पर, 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 200 उपद्रवी गिरफ्तार किए

**पश्चिमी क्षेत्र में बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गई, मैक्रों ने सेबेस्टियन लेकोर्नू को पीएम नियुक्त किया**

**पेरिस।** नेपाल के बाद अब फ्रांस में भी सरकार के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। बजट में कटौती के खिलाफ और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर 1 लाख से ज्यादा लोग बुधवार को सड़क पर आ गए। गृह मंत्री ब्रूनो रेतेयो ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने रेन शहर में एक बस को आग लगा दी। दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गईं। गृह मंत्री ने प्रदर्शनकारियों पर विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। फ्रांस बंद का आह्वान लेफ्ट पार्टियों ने किया है। इस प्रदर्शन को 'ब्लॉक एवरीथिंग' नाम दिया गया। सरकार ने 80 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। अब तक 200 से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर आगजनी कर ट्रैफिक को रोकने की कोशिश की, जिसे पुलिस और दमकलकर्मियों ने हटाया।

**प्रदर्शन की चार वजह**

**1 राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां:**

जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं।

**2 बजट में कटौती:**

सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा है।

**3 2 साल में 5 पीएम:**

हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए।

**4 ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलन**

वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सब कुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके। गृह मंत्री ब्रूनो रिटेलेउ ने कहा कि पश्चिमी शहर रेनेस में एक बस में आग लगा दी गई। एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने से दक्षिण-पश्चिम में एक लाइन पर ट्रेनें अवरुद्ध हो गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे थे। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उन्हें विभाजित संसद में आम सहमति बनाने और 2026 का बजट पारित कराने का चुनौतीपूर्ण कार्य सौंपा है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू ने अपना इस्तीफा दे दिया, जिसे मैक्रों ने स्वीकार कर लिया। बायरु को केवल नौ महीने के कार्यकाल के बाद ही पद से हटा दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार बायरु ने विश्वास मत से पहले सांसदों को चेतावनी दी कि उन्हें हटाने से देश की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आपके पास सरकार गिराने की शक्ति है, लेकिन वास्तविकता को मिटाने की शक्ति नहीं है।



# इजरायल का कतर की राजधानी दोहा पर हमला

### हमास लीडर बाल-बाल बचे, 6 अन्य की मौत, पीएम नेतन्याहू ने हमले की जिम्मेदारी ली

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इजरा. इली सेना ने ऐलान किया कि उसने हमास के सीनियर नेताओं को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। ये हमला हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में अल-हय्या बच गया, जबकि 6 अन्य लोगों की मौत हो गई। इस बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने भी कहा कि इजराइल इस हमले की 'पूरी जिम्मेदारी' लेता है।

जब यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। याह्या सिनवार की मौत के बाद खलील अल-हय्या ही संगठन चला रहा है। इजराइली सेना और सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि यह हमला बेहद सटीक तरीके से उन हमास नेताओं पर किया गया, जो संगठन की गतिविधियों को लंबे समय से चला रहे थे। एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए एक इजरा. इली अधिकारी ने पुष्टि की कि यह हमला कतर की राजधानी दोहा में हुआ। सेना के मुताबिक ये हमास लीडर 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमले के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार थे। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब इजराइली सेना के जनरल स्टाफ प्रमुख इयाल जमीर ने हाल ही में कहा था कि विदेशों में मौजूद हमास नेताओं को भी निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने 31 अगस्त को कहा था कि हमास का अधिकांश नेतृत्व विदेश में है, और हम उन तक भी पहुंचेंगे। कतर लंबे समय से हमास के निर्वासित नेताओं का ठिकाना रहा है और वह इजराइल और फिलिस्तीन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है।

गाजा पर युद्धविराम और 7 अक्टूबर को हमास के बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई को लेकर जो बातचीत चल रही थी, यह हमला उसे और जटिल बना सकता है। हमले के बाद कतर ने इजराइल की कड़ी आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने इसे हमास के राजनीतिक मुख्यालय पर 'कायराना हमला' करार दिया और कहा कि यह सभी अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों का उल्लंघन है। दूसरी ओर, इजराइल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने इस कार्रवाई की तारीफ़ की।



**यह हमला तब हुआ जब हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे**

# गाजा में हमलों पर इजरायल के खिलाफ उठा यूरोपीय संघ

**तेल अवीव।** गाजा पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर यूरोपीय संघ के इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी की है।

यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन ने कहा कि वह गाजा में युद्ध को लेकर इजरायल पर प्रतिबंध लगाने और आंशिक व्यापार निलंबन की मांग करने की योजना बना रही हैं। लेयेन ने कहा कि यूरोपीय संघ अगले महीने एक फलस्तीनी दानदाता समूह का गठन करेगा। इसका एक हिस्सा गाजा के भविष्य के पुनर्निर्माण पर केंद्रित होगा। गाजा की घटनाओं और बच्चों व परिवारों की पीड़ा ने दुनिया की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि मानव निर्मित अकाल कभी भी युद्ध का हथियार नहीं हो सकता। बच्चों की खातिर, मानवता की खातिर इसे रोकना होगा। हालांकि 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में इजरायल और फलस्तीनियों के प्रति अलग-अलग दृष्टिकोण है। वान डेर लेयेन की यह टिप्पणी उस दिन आई है जब इजरायल की सेना ने गाजा के निवासियों को चेतावनी दी थी कि वे उस जगह को खाली कर दें, जहां इजरायल हमास का सफाया कर रहा है। साथ ही लाखों लोग अकाल की स्थिति में हैं। वहीं मंगलवार को कतर में हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले इजरायल ने हमला किया था।



**संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने की इजरायल पर प्रतिबंध लगाने और व्यापार बंद करने की मांग**

# रूसी मिसाइल में भरे थे विदेशी कलपुर्जे

**कीव।** यूक्रेन में मध्य कीव स्थित एक सरकारी इमारत पर रविवार को गिरी रूसी क्रूज मिसाइल में कई विदेशी कलपुर्जे भरे हुए थे जिनमें अमेरिका में बने चिप्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल थे।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन के राष्ट्रपति प्रतिबंध नीति आयुक्त व्लादिस्लाव व्लासियुक ने कहा है कि इमारत पर गिरी इस्कंदर 9एम727 मिसाइल में विस्फोट नहीं हुआ, बल्कि संभवत: यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली द्वारा क्षतिग्रस्त होने के कारण ऐसा हुआ। उन्होंने क्षतिग्रस्त मिसाइल की तस्वीरें जारी कीं, साथ ही उन कलपुर्जों की एक सूची भी जारी की जो पहले भी इसी तरह की मिसाइलों में पाए गए हैं। इस सूची में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, एनालॉग डिवाइसेस, अल्टेरा और अन्य अमेरिकी कंपनियों द्वारा निर्मित 35 कलपुर्जे, साथ ही जापानी, ब्रिटिश और स्विस कंपनियों द्वारा निर्मित कलपुर्जे शामिल हैं। व्लासियुक द्वारा प्रकाशित सूची में शामिल चार देशों सहित कई पश्चिमी देशों ने रूस द्वारा इन पुर्जों के इस्तेमाल को रोकने के लिए इन पर कड़े प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण लगाए हैं। जर्मन कंपनी इन्फिनियन टेक्नोलॉजीज, सूचीबद्ध निर्माताओं में से एक अमे. रिकी-आधारित साइप्रस सेमीकंडक्टर ने सीएनएन को बताया कि उसने यह सुनिश्चित करने के लिए 'व्यापक उपाय' किए हैं कि उसके उत्पाद रूस में न पहुंचें। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि इंफिनियन टेक्नोलॉजीज ने रूस को सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष शिपमेंट रोक दिए हैं और अपने ग्राहकों के बीच अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उसके पास उपकरण मौजूद हैं।

**व्लासियुक ने क्षतिग्रस्त मिसाइल की तस्वीरें जारी कीं, साथ ही उन कलपुर्जों की एक सूची भी जारी की**

# एआई से दुनिया की जीडीपी में 15.7 लाख करोड़ डॉलर जुड़ने की संभावना: फिक्की

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल जिस तेजी से बढ़ रहा है उसे देखते हुए दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका योगदान 15.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच सकता है।

उद्योग महासंघ फिक्की के एक कार्यक्रम में बुधवार को यहां जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। 'वैश्विक एआई होड़' पर फिक्की.बीसीजी द्वारा जारी श्वेतपत्र में एआई अपनाने के मामले में देशों के बीच बढ़ते अंतर को उजागर किया गया है और एआई को समावेशी बनाने के लिए कदम उठाने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 66 प्रतिशत से अधिक विक. सित अर्थव्यवस्थाओं के पास पहले से ही राष्ट्रीय एआई रणनीतियां हैं, जबकि विक. ासशील अर्थव्यवस्थाओं में यह संख्या केवल 30 प्रतिशत और सबसे कम विकसित अर्थव्यवस्थाओं में 12 प्रतिशत है। इस असंतुलन के कारण कई देशों के आयातित समाधानों पर निर्भर होने का खतरा है। उदाहरण के लिए, अमेरिका और चीन ने एआई में बढ़त हासिल की है और दुनिया के अधिकांश एआई पेश. ेवर इन्हीं देशों में हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कंप्यूटिंग तक पहुंच महंगी है, प्रतिभा और वित्तपोषण सीमित हैं। हर तीन में से एक एआई विशेषज्ञ अमेरिका में है। इसमें बताया गया है कि वित्तीय सेवाएं और खुदरा जैसे कुछ क्षेत्र डेटा समृद्ध वातावरण के कारण तेजी से एआई एकीकरण में अग्रणी हैं। वहीं, कृषि और सार्वजनिक सेवाएं जैसे सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र निवेश पर रिटर्न (आरओआई) में अस्पष्टता के कारण खंडित बुनियादी ढांचे और वित्त पोषण की चुनौतियों के कारण पिछड़ रहे हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108